डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 80600 10 ग्राम
₹ 102000 01 किलो
सेंसेक्स 74,332.58 -7.52
डॉलर 87.100 87.100

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर


फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 10 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-145, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी...

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ी, एम्स में भर्ती



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को रविवार की सुबह दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के हृदय रोग विभाग में भर्ती कराया गया। उपराष्ट्रपति को सुबह में बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत थी। एम्स अस्पताल के अनुसार, उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है। 73 वर्षीय धनखड़ को सीने में दर्द और बेचैनी महसूस हो रही थी। धनखड़ को एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का एक दल उनकी स्थिति पर नजर रख रहा है। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एम्स जाकर उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री मोदी ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि वह उनके अच्छे स्वास्थ्य और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा भी उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए आज एम्स गए।

## चैंपियंस ट्रॉफी : भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

# चैंपियन हैं हम




### भारत ने तीसरी बार जीता चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब

### 'दुबई के दबंग' रोहित ने खेली 76 रनों की शानदार पारी

**दुबई (एजेंसी)।** भारत ने दुबई में साबित कर दिया कि 'हम चैंपियन हैं।' भारत ने रविवार को तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया। कप्तान रोहित शर्मा ने 76 रनों की शानदार पारी खेलते हुए स्थापित कर दिया कि 'दुबई के दबंग' वही हैं। रोहित के साथ श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या के अहम योगदान से भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से मात देकर तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मैच में न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में सात विकेट पर 251 रन बनाया। इसके जवाब में मैदान पर उतरी भारतीय टीम को 252 रनों का लक्ष्य आसान दिख रहा था, लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने लगातार झटके देकर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। हालांकि, रोहित ने 83 गेंदों में 76 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, इसके बाद श्रेयस अय्यर (48) और केएल राहुल (नाबाद 34) की बेहतरीन बल्लेबाजी ने भारत को एक ओवर शेष रहते ही जीत दिला दी।


इस खिताबी जीत के साथ भारत ने 2002 और 2013 के बाद तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम किया।

इससे पहले, न्यूजीलैंड की पारी में ऑलराउंडर डेरिल मिचेल (101 गेंदों में 63 रन) और माइकल ब्रेसवेल (40 गेंदों में नाबाद 53 रन) की अर्धशतकीय पारियों ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। भारत के स्पिनरों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट झटके, जबकि रवींद्र जडेजा ने एक विकेट लिया।

## जीत की बधाई




एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम! आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई।
**– नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**



एक ऐसी जीत जिसने इतिहास रच दिया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार जीत हासिल करने पर टीम इंडिया को बधाई। मैदान पर आपकी जोशीली ऊर्जा और अजेय प्रभुत्व ने देश को गौरवान्वित किया और क्रिकेट उत्कृष्टता के लिए एक नया मानक स्थापित किया। आप हमेशा शानदार प्रदर्शन करें।
**– अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**



शानदार जीत, लड़कों! आप में से हर एक ने एक अरब दिलों को गर्व से भर दिया है। टीम इंडिया का टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन, जिसमें शानदार व्यक्तिगत प्रदर्शन और मैदान पर पूरी तरह से दबदबा शामिल है, वाकई प्रेरणादायक रहा है। बधाई हो, चैंपियंस!
**– राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**



भारतीय क्रिकेट टीम की यह शानदार जीत और शानदार प्रदर्शन है! टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच में न्यूजीलैंड को हराकर इतिहास रच दिया है। भारत इस जीत से बेहद खुश है। क्रिकेट कौशल के शानदार प्रदर्शन के लिए पूरी टीम को बधाई। आज की यह जीत कई युवाओं और महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करेगी।
**– राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**

#### वित्त मंत्री ने निर्माणाधीन सड़क का किया औचक निरीक्षण

## खराब सड़क बनाने की ग्रामीणों के शिकायत पर अभियंता को लगाई फटकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने रविवार को दिनदाग पंचायत के महुंगाई से पिपरा बाजार तक बन रही सड़क का औचक निरीक्षण किया। मौके पर ग्रामीणों ने शिकायत किया कि संवेदक द्वारा मनमाने तरीके से गुणवत्ता विहीन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। इसके बाद वित्त मंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अभियंता को फटकार लगाते हुए कहा कि किसी भी सूरत में गुणवत्ता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सड़क निर्माण में बिछाए गए जीएसबी को उखाड़ कर दुबारा निर्माण कराने का निर्देश दिया। वित्त मंत्री महुंगाई से देवगन धाम जाने वाली कच्ची सड़क का निरीक्षण कर पक्की सड़क निर्माण कराने के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया। साथ ही देवगन धाम स्थित मंदिर का निरीक्षण किया। मंदिर के पुजारी बाबा साकेत बिहारी फलहारी से मुलाकात की। मंत्री बताया कि विश्व धरोहर मंदिर की सौंदर्यीकरण कराए जाने की सरकार की योजना है। वित्त मंत्री देवगन, तिलहरवा, बगईया, रमसुदवा, मुनकेरी सहित कई गांव का दौरा किया। इस अवसर पर ईश्वरी पांडेय,मोहन जायसवाल, अशोक सोनी, राजकमल, सूर्यमुखी यादव, प्रदीप मोची, हरेंद्र कुमार सिंह, ओम प्रकाश चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

## वर्ष का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण 14 को

**रांची।** इस वर्ष होली के साथ विशेष खगोलीय घटना भी होने जा रही है। 14 मार्च 2025 को वर्ष का पहला पूर्ण चंद्रग्रहण लगेगा। इस समय चांद 'ब्लड मून' (लाल चंद्रमा) के रूप में दिखाई देगा। 'ब्लड मून' एक दुर्लभ खगोलीय घटना है। यह कई वर्षों में एक ही बार घटित होती है। हालांकि, यह पूर्ण चंद्रग्रहण भारत में नहीं दिखेगा, क्योंकि उस समय भारत में दिन रहेगा। 14 मार्च को पूर्ण चंद्रग्रहण भारतीय समयानुसार दिन में 09:29 बजे से शुरू होगा और दिन में 03:29 बजे समाप्त होगा। 'ब्लड मून' की स्थिति में चंद्रमा का रंग लाल हो जाता है। पूर्ण चंद्रग्रहण के दौरान ही यह घटना घटती है। इस वर्ष 'ब्लड मून' की स्थिति करीब 65 मिनट के लिए रहेगी। ज्ञात हो कि चंद्रग्रहण एक खगोलीय घटना है। जब पृथ्वी, सूर्य और चंद्रमा एक सीध में आ जाते हैं, तो चंद्रग्रहण लगता है।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## 24 घंटे के अंदर पांच युवकों की मौत

### ● रविवार को सड़क हादसे में तीन युवकों की गयी जान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के छतरपुर व हरिहरगंज में दो सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल हैं। सभी को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। हरिहरगंज में दो, जबकि छतरपुर में एक युवक की मौत हुई। पहली घटना शनिवार रात छतरपुर थाना क्षेत्र के छतरपुर-जपला रोड में अरुण आवासीय विद्यालय के समीप दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। तीन युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद तीनों को एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। मृत युवक और घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। दूसरी घटना एनएच-139 हरिहरगंज थाना क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ पर रविवार तड़के डेढ़ बजे हुई। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की जान चली गयी। दोनों की मौके पर ही मौत हुई। शव के सड़क पर पड़े रहने के कारण 15 मिनट तक हाइवा जाम भी रहा। धक्का मारने के बाद चालक हाइवा लेकर फरार हो गया। उसका नंबर प्लेट घटनास्थल पर ही गिरा पड़ा मिला। मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज के रविकांत कुमार (26), दूसरा गया जिले के खिजरसराय थाना क्षेत्र के चिरैली के सुनील कुमार (20)के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविकांत व सुनील एक ही मोटर साइकिल से छतरपुर की ओर से आ रहे थे। दोनों को हरिहरगंज स्थित मुकेश गुप्ता के किराए के मकान में जाना था। दोनों जैसे ही बाइक से अरुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे कि विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गयी। उक्त दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआइ सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को घटनास्थल से उठवाया। बाइक को जब्त किया। पोस्टमार्टम के लिए शव हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया गया है। दोनों युवक दो साल से हरिहरगंज में रह रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर रविकांत के पिता हरिहरगंज पहुंचे और धक्का मार कर भागने वाले ट्रक चालक पर एफआइआर दर्ज करायी है। उल्लेखनीय है कि पलामू जिले में पिछले 24 घंटे के दौरान 5 युवकों की मौत हो गई। शनिवार दोपहर पांकी और लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में एक-एक युवकों की मौत हुई।

## राजस्थान से उत्तर प्रदेश के रास्ते बिहार ले जाई जा रही 45 लाख की अवैध शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर उंटारी पुलिस को होली से पहले बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राजस्थान से उत्तर प्रदेश के रास्ते बिहार ले जाये जा रहे एक ट्रक अवैध विदेशी शराब को जब्त किया है। जब्त शराब लगभग 45 लाख रुपये मूल्य की बताई जा रही है। यह जानकारी रविवार को श्रीबंशीधर नगर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि एसपी द्वारा शनिवार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि उत्तर प्रदेश की ओर से अवैध विदेशी शराब लोड एक ट्रक नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे कला निमियाडीह स्थित एनएच-75 के किनारे रॉयल किचन रेस्टोरेंट व ढाबा पर खड़ी है। एसपी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि जितेंद्र कुमार, सुंदर सोरेन, रंजन कुमार साह, सअनि अनुज सिंह, संजय पासवान, आरक्षी कौशल द्विवेदी, सहायक आरक्षी प्रमोद चौधरी, अनिल कुमार राजा, सोनू यादव को शामिल किया गया था। टीम द्वारा रॉयल किचन रेस्टोरेंट व ढाबा पर पहुंच कर पूरे मामले की जांच की गई। जांच के दौरान ढाबा के बाहर खड़ी ट्रक की जांच की गई। जांच के दौरान चालक से ट्रक में लोड सामान के बारे में पूछताछ की गई तो चालक के द्वारा ट्रक में प्लास्टिक स्क्रैप लोड होने की बात बताई गई। चालक से जब प्लास्टिक स्क्रैप से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि जांच के क्रम में दस्तावेज सही नहीं पाये जाने पर चालक के सामने ट्रक को खोला गया तो ट्रक में धान का भूसी से भरा प्लास्टिक बोरा पाया गया। इसे हटाने पर उक्त ट्रक में अवैध विदेशी शराब पाया गया। सभी शराब की बोतल पर (फॉर सेल इन पंजाब ओनली) लिखा हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के क्रम में ट्रक चालक ने बताया कि अवैध विदेशी शराब को संगठित गिरोह द्वारा जालंधर (पंजाब) से पटना (बिहार) में होली त्यौहार के लिये सप्लाई किया जाना था। पुलिस और सेल टैक्स ऑफिसर से बचने के लिये गुरुजी नामक व्यक्ति फोन पर लोकेशन देते हुये चल रहा था। बाद में पुलिस ने उक्त ट्रक को जब्त कर थाना ले आई। साथ ही चालक खेता राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार चालक राजस्थान के बाड़मेर जिला अंतर्गत सेड़वा थाना क्षेत्र के दीपला का रहने वाला है। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ के साथ पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक आदि मौजूद थे।

**जब्त शराब :** इंपीरियल ब्लू 750 एमएल 4080 पीस 340 कार्टून, इंपीरियल ब्लू 180 एमएम 11520 पीस 240 कार्टून, मैक डॉल नंबर 1 ओरिजनल ब्लेंडेड व्हिस्की 375 एमएल 2640 पीस 110 कार्टून, मैक डॉल नंबर 1 डीलक्स व्हिस्की ओरिजनल 375 एमएल 600 पीस 25 कार्टून, एक ट्रक एमपी 65 जीए 1620, प्लास्टिक स्क्रैप संबंधित फर्जी दस्तावेज, दो एंड्रॉयड मोबाईल, प्लास्टिक के बारे में भरा धान की भूसी 30 बोरा शामिल है।

## आज | कल




## इंडिया

# बिना सेंसर सोशल मीडिया का जहर और यूट्यूब का कहर



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कुछ वर्षों पूर्व एक सर्वे की रिपोर्ट बहुत चर्चित हुई थी जिसमें यह बताया गया था कि भारत में जितने मोबाइल फोन हैं उतने शौचालय नहीं जिसके बाद पीएम मोदी के स्वच्छ भारत अभियान से इस आंकड़े को बदला गया पर ऐसे आंकड़ों के बलबूते सच को झूठ और झूठ को सच बनाने वाले बहुत से खिलाड़ी मैदान में उतरे और उन्हें बहुत सम्मानजनक नाम दिया गया राजनीतिक रणनीतिकार । जबकि हर हाथ में स्मार्ट फोन वाले युग में बहुत ही चालाकी से अपूर्ण,भ्रामक और झूठी जानकारी फैलाकर न सिर्फ वैमनस्य फैलाया गया बल्कि कई जगह दंगे फसाद भी हुए । कई सरकारों को अपदस्थ या अस्थिर करने के आरोप लगे जिसमें अमेरिका से लेकर पड़ोसी बांग्लादेश तक शामिल है। आजकल एक्स पर ऐसी सामग्रियों की भरमार है जो अश्लील भी हैं और जातीय-धार्मिक विद्वेष फैलाने वाले भी। कई अन्य प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक पेज,इन्स्टाग्राम और यूट्यूब पर बहुत ही चालाकी से ऐसी सामग्री डाली जा रही है जो लोगों को सच्ची लगती है या अश्लील होने के कारण आकर्षित करती है । सबसे शक्तिशाली माध्यम बन कर उभरी सोशल मीडिया आज दुधारी तलवार बन गई है जो किसी युवा,घर,समाज,देश से लेकर विश्व को संकट में डाल सकती है । गूगल ने हाल में एक नई पॉलिसी बनाई है। इसमें ऐसे क्रिएटर्स पर भी कार्रवाई हो सकती है जो गैंबलिंग साइट्स या ऐप्स को प्रमोट करते हैं। इस पॉलिसी को नहीं मानने पर क्रिएटर्स के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है और ऐसे चैनल्स को ब्लॉक किया जा सकता है। दरअसल इसमें भी कुछ टर्म एंड कंडीशन को जोड़ा गया है, जिसमें कहा गया है कि ऐसे किसी भी ऐप को प्रमोट नहीं किया जा सकता है जो गूगल अप्रूव्ड नहीं है। अगर ऐसे किसी का भी इस्तेमाल किया जाता है तो ये खतरनाक साबित हो सकता है।यूट्यूब अपनी पॉलिसी को लेकर काफी सख्त है। अभी कंपनी की तरफ से ऐसे चैनल और क्रिएटर्स पर कार्रवाई भी की जा रही है जो पॉलिसी का पालन नहीं कर रहे हैं। यूट्यूब ने कम्युनिटी गाइडलाइंस का उल्लंघन करने वाले वीडियो पर सख्त कार्रवाई करते हुए



अक्टूबर से दिसंबर 2023 के बीच 29 लाख वीडियो प्लेटफॉर्म से हटा दिए हैं। यह संख्या दुनिया के किसी भी देश में हटाए गए वीडियो में सबसे अधिक है। यूट्यूब की एक ताजा रिपोर्ट बताती है, यह पिछली तिमाही की तुलना में करीब 32% ज्यादा है। 2020 के बाद से भारत में हटाए जा रहे वीडियो की संख्या लगातार बढ़ रही है, और इस मामले में ब्राजील दूसरे स्थान पर है। यूट्यूब की तरफ से ऑटोमैटेड कंटेंट मॉडरेशन टूल का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसकी मदद से वीडियो की पहचान की जाती है। साथ ही पॉलिसी का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई भी की जाती है। रिपोर्ट से पता चलता है कि 99.7% वीडियो इसी सिस्टम द्वारा फ्लैग किए गए हैं। भारत समेत दुनियाभर में यूट्यूब ने स्पैम, स्कैम और गलत जानकारी देने वाले 81.7% वीडियो डिलीट किए हैं। इसके अलावा, 6.6% वीडियो उत्पीड़न, 5.9% बच्चों की सुरक्षा, और 3.7% हिंसा से जुड़े होने के कारण हटाए गए। न केवल वीडियो, बल्कि यूट्यूब ने अक्टूबर से दिसंबर 2023 के बीच लगभग 48 लाख चैनल्स पर भी कार्रवाई की है। साथ ही 130 करोड़ से ज्यादा ऐसे कमेंट्स भी डिलीट कर दिए हैं जो नीतियों का उल्लंघन कर रहे थे। अमेरिकी दार्शनिक एरिक हॉफ ने कहा है कि 'दुष्प्रचार लोगों को धोखा नहीं देता; यह केवल उन्हें खुद को धोखा देने में मदद करता है।' दुष्प्रचार जिसे अब मनोवैज्ञानिक युद्ध कहा जा रहा है, आधुनिक छद्म युद्ध के सबसे महत्वपूर्ण उपकरणों में से एक है। पहले भी चाणक्य काल से ही इसका इस्तेमाल गुप्तचरों और कूटनियों द्वारा होता रहा है। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान हिटलर और नाजी जर्मनी के प्रचार मंत्री जोसेफ गोएबल्स के नेतृत्व में जर्मनों ने फिल्मों, पोस्टरों, भाषणों, बैनरों और कई अन्य साधनों के माध्यम से जर्मनों के दिमागों को प्रभावित किया। उसकी प्रसिद्ध पंक्ति थी 'यदि आप कोई बड़ा झूठ बोलते हैं और उसे बार-बार दोहराते हैं, तो लोग अंततः उस पर विश्वास कर ही लेंगे', क्योंकि लोग भोले होते हैं। इसमें समय लगता है और यह झूठ जितना सूक्ष्म होगा, उतना ही बेहतर होगा। इस पर ज्यादा जोर देने की जरूरत नहीं है, बल्कि कहानियों के माध्यम से धीरे-धीरे झूठ के जहर को घोला जाता है। अपने दुश्मन के खिलाफ दुष्प्रचार का सबसे शक्तिशाली तरीका है, एक खास तरीके से लोगों के मन में पूर्वाग्रह पैदा करना, ताकि अनुकूल जनमत का निर्माण किया जा सके। भारतीय पुरुष और विशेषकर महिलाएं पाकिस्तानी नाटकों को बहुत पसंद करती हैं, जो अच्छी तरह से निर्देशित होते हैं और उनकी संस्कृति को सकारात्मक रूप से प्रतिबिंबित करते हैं। चाहे वे आंतरिक रूप से कितने भी टूटे हुए क्यों न हों, आम लोगों को सभ्य दिखाते हैं। वास्तव में लाहौरी पंजाबी और उर्दू लहजे के मिश्रण के साथ वे सभ्य दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हैं। खासकर उत्तर भारतीय दर्शक गहरी सांस लेकर कहते हैं, 'ये तो अच्छे लोग हैं-बिल्कुल हमारे जैसे'।

## खूंटी में पीएलएफआई के पांच उग्रवादी गिरफ्तार

### देसी कारबाइन, मैग्जीन, कारतूस, पर्चे, बाइक, मोबाइल फोन बरामद

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची/खूंटी।** खूंटी पुलिस का उग्रवादियों और नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली है। ठेकेदारों से लेवी वसूलने की योजना बना रहे प्रतिबंधित संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के पांच सक्रिय उग्रवादियों को पुलिस ने शनिवार को कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल से गिरफ्तार किया है। तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने रविवार को कर्रा थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में ये जानकारी दी। एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से पुलिस ने एक देसी कारबाइन, मैग्जीन, एक कारतूस, पीएलएफआई के छह पर्चे, चार बाइक, पांच मोबाइल फोन और एक बैग बरामद किया है। पकड़े गए उग्रवादियों में रांची जिले के इटकी थाना क्षेत्र के तरगड़ी गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पवन महतो (26), करमा बारला (38), रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के इटमा मोड़ कुजू निवासी सेंटू सिंह (20), पतरातू के हेहल बड़काकाना निवासी अभय कुमार सिंह उर्फ अमन सिंह (22) और दीपक मुंडा (20) शामिल हैं। इनके खिलाफ कर्रा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी अमन कुमार को शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि पीएलएफआई के कुछ उग्रवादी कर्रा थाना क्षेत्र के रोन्हे जंगल में बैठक करने वाले हैं। बैठक में नक्सलियों की ओर से संगठन का विस्तार करने, लेवी वसूलने और ठेकेदारों के साइट पर फायरिंग कर दहशत फैलाने की योजना है।

# 50 मोतियाबिंद मरीजों का हुआ लेंस प्रत्यारोपण



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहे निःशुल्क नेत्र शिविर में अब तक 1150 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किया गया है। 50 मोतियाबिंद मरीजों की आंखों में लेंस प्रत्यारोपण किया गया। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद के 100 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। इसमें से 50 मरीजों को नेत्र चिकित्सक डॉ. धीरज प्रसाद और विवेकानंद उपाध्याय द्वारा आईएलओ विधि के माध्यम से लेंस प्रत्यारोपण किया गया। यहां अब तक करीब 1150 मरीजों का लेंस प्रत्यरोपण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि रविवार को सभी मरीजों को दवा और चश्मा दिया जाएगा। मौके पर नेत्र ओडी अस्सिटेंट अंशुमन मिश्रा, सहायक जय प्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह, सुनील कुमार, परशु कुमार, सुषमा कुमारी, बसंती कुमारी, सचिन कुमार, काजल, रागिनी, दयानंद कुमार आदि मौजूद थे।

## आपसी सौहार्द और शांति का पर्व है होली : जूली सिंह

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के कोटखास पंचायत भवन के समीप रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह का उद्घाटन पंचायत के मुखिया जूली सिंह व लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने फीता काट कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों को माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। होली मिलन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में झारखंड बिहार के सुप्रसिद्ध गायक प्रेम गिरी, ब्यास अंकू राय,हिमांशु सिंह सहित अन्य कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत पेश कर लोगों को खूब झुमाया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को रंग अबीर लगा कर शुभकामनाएं दी।

# हैदरनगर में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण, ग्रामीणों ने की शिकायत

## अवैध निर्माण से जल निकासी बाधित, प्रशासन ने दिए कार्रवाई के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का मामला एक बार फिर चर्चा में है। हैदरनगर के ग्रामीणों ने उपायुक्त शशि रंजन के कैंप कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई कि क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि, सड़क और नाली पर अवैध कब्जा कर निजी भवन और दुकानें बनाई जा रही हैं। इससे आमजन को परेशानी हो रही है और जल निकासी बाधित हो गई है। शिकायत मिलने के बाद हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) गौरांग महतो ने शनिवार देर रात रेलवे गुमटी चौक स्थित अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अंचल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सोमवार तक सरकारी जमीन की मापी कराकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए।

**अवैध निर्माण के दुष्परिणाम :** नाली बंद होने से आसपास के घरों और दुकानों में जलभराव की स्थिति बन गई है। बरसात के दिनों में रेलवे लाइन के पास से बहने वाले पानी का प्रवाह बाधित हो सकता है, जिससे रेलवे गुमटी से पुराना थाना परिसर तक के इलाके में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। सरकारी योजना के तहत इस नाली के निर्माण के लिए स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य रुक गया है।

**प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार**

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने जनहित में अतिक्रमण हटाने और नाली निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की थी। लेकिन जब कार्रवाई में देरी होती दिखी, तो मामला उपायुक्त के कैंप कार्यालय तक पहुंच गया। अब लोगों की नजर उपायुक्त और एसडीओ पर टिकी है कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कितनी जल्दी और कितनी प्रभावी कार्रवाई के साथ करता है।

**क्या है पूरा मामला?**

ग्रामीणों का आरोप है कि अतिक्रमणकारियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि अब वे सिर्फ खुले क्षेत्रों, नदी-नालों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्र, मुख्य बस स्टैंड और सार्वजनिक रास्तों पर भी अवैध निर्माण कर रहे हैं। गत पखवाड़े ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में आवेदन देकर इस अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी। उनके अनुसार, बस स्टैंड हैदरनगर के पास एक सरकारी रास्ता और नाली को बंद कर निजी भवन निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त अतिक्रमण स्थल के पूरब में होटल सहित अन्य दुकानों के सामने सरकारी जमीन पर पहले से ही नाली बनी हुई थी। लेकिन दक्षिण-पश्चिम दिशा में बाजार मार्ग की ओर जाने वाली इस नाली को मो. अंसार अंसारी, पिता रसुल अंसारी, निवासी बस स्टैंड, हैदरनगर ने अपने निजी भवन निर्माण के लिए अवरुद्ध कर दिया।

## एक नजर

### सत्यनारायण बने रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय दैनिक बाजार प्रांगण में रामनवमी पूजा को लेकर रामनवमी पूजा समिति का गठन किया गया है। रविवार को देवीधाम में आयोजित व्यावसायियों व प्रबुद्धजनों की बैठक में रामनवमी पर्व मनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने की। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यनारायण सिंह को अध्यक्ष के अलावा विनय मेहता,अरुण कुमार सिंह उपाध्यक्ष, नीरज अग्रवाल उर्फ दीपू लाल सचिव, रविंद्र मेहता कोषाध्यक्ष,सानू सिंह सह कोषाध्यक्ष जबकि राकेश कुमार सिंह मुख्य व्यवस्थापक बनाए गए हैं। महेंद्र प्रसाद सिंह, धीरेंद्र बैठा, मंटू दास, सत्येंद्र राम, धर्मेंद्र चौरसिया संयोजक, दिलीप चौरसिया, उज्वल जुगनू कार्यक्रम प्रबंधक और द्वारिका प्रसाद व राघो प्रसाद सोनी को संरक्षक बनाया गया है। इनके अलावा समिति के सदस्य के रूप में रूपेश कुमार सिंह, सुरेश सिंह, रानू सिंह, कुश सिंह, राहुल कुमार, मंटू यादव, सन्नी कुमार, विक्की कुमार, जगत चौरसिया, दीपक अग्रवाल, भोला प्रसाद, छोटू मेहता, ज्ञानदीप कुमार, जितेंद्र कुमार चौरसिया, प्रभात कुमार, शिवम सिंह, नीरज सिंह,विवेक विशाल, अनु सिंह ,रौशन कुमार, अजय कुमार, अमित कुमार, कन्हाई सिंह, रविरंजन सिंह, बिट्टू सिंह,अभय कुमार सहित अन्य कई लोग शामिल किए गए हैं। बैठक के अंत में रामनवमी पर्व को भव्य रूप में शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इसमें पूर्ण सहयोग के प्रति सहमति जताई।

### विधायक ने किया वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल का उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** शहर के मुख्य बाजार स्थित एसबीआई मेन ब्रांच के समीप वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल का रविवार को शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जेएनवी के प्राचार्य ए. रूमी, समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि हुसैनाबाद शहर हर क्षेत्र में काफी तेजी से विकसित हो रहा है। प्ले स्कूल में बच्चों में भावनात्मक, सामाजिक, शारीरिक, मानसिक विकास होगा। साथ ही शैक्षणिक ज्ञान भी बढ़ेगा।

## बेदौलिया राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सम्मान समारोह, एचएम ने छात्रों को किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठवीं बोर्ड के विद्यार्थियों को मॉक टेस्ट लिया गया। मॉक टेस्ट में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा द्वारा कलम-कॉपी देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि आठवीं बोर्ड परीक्षा 10 मार्च सोमवार को आयोजित किया जाना है। इसके पूर्व पिछले माह से अपने विद्यालय के आठवीं कक्षा की विद्यार्थियों को प्रतिदिन मॉडल टेस्ट क्वेश्चन हल कराया जा रहा था, उसी क्रम में भी आठवीं के विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर प्री टेस्ट लिया गया और बच्चों को बेहतर से बेहतर प्रयास करने का टिप्स भी दिया गया। जनवरी महीने में शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले पहली से आठवीं तक के सभी बच्चों को भी सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में आठवीं कक्षा से अर्चना कुमारी, रितिक कुमार, पियूष कुमार,रिया कुमारी,काजल कुमारी,पूजा कुमारी,चांदनी कुमारी का नाम शामिल है। वहीं पहली से पांचवीं में प्रियांशु कुमारी, गीतांजलि, अनमोल, राहुल, निहू सहित दर्जनों बच्चों का नाम शामिल हैं।

# सीओ ने हरही नदी के समीप सड़क पर अवैध अतिक्रमण का लिया जायजा, हटाने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** सीओ पंकज कुमार ने मीडिया में अतिक्रमण पर चली समाचार को संज्ञान में लेते हुए हुसैनाबाद के एसडीएम के पत्र के आलोक में शंमू हुसैन रिजवी व अन्य 13 लोगों के द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर हरही नदी जपला हैदरनगर नगर रोड के पास किला रोड जाने वाले सड़क की लालन चंद्रवंशी के द्वारा अतिक्रमण का जांच किया। साथ ही उसे अपना जमीन का मापी कर शेष पक्कीकरण को सड़क पर से अतिक्रमण निर्माण को हटाने का निर्देश दिया हैं। जपला सब्जी बाजार में भी उनके द्वारा अवैध रूप से सड़क पर ठेला, खोमचा की दुकान हटवाया गया व नगर पंचायत ने भी मारकिंग की। लेकिन अन्य नागरिकों का यह भी कहना हैं कि भारी मात्रा में अवैध निर्माण हटाना हैं। लेकिन सीओ केवल ठेला व खोमचा हटाकर अवैध अतिक्रमण करियों को खुला छूट दे रहे हैं । शहर को बचाने के लिए स्थाई रूप से अवैध निर्माण को हटाना जरुरी हैं। ठेला खोमचा तो कभी भी एक फरमान में हट जाएगा ,सबसे ज्यादा अतिक्रमण ,महावीर मंदिर से गांधी चौक,लम्बी गली, मोकबरा रोड, मधुशाला रोड व रेलवे अंडर पास हरिहर चौक जाने वाले मुख्य सड़क में हैं। जिसका विधिवत नापी कर आम सड़क अतिक्रमण मुक्त कराने की आवश्यकता हैं । जिससे शहर में जाम की स्थिति से मुक्ति पाया जा सकें। परंतु प्रशासन के द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया जाता हैं। यही वजह हैं कि एक तरफ से हटता हैं, तो दूसरे तरफ से अतिक्रमण कर लिया जाता हैं। क्योंकि अतिक्रमण कारियों पर जब तक जुर्माना नहीं लगाया जाता हैं, तब तक अतिक्रमण का हौसला बुलंद रहता हैं।

# आपसी भाईचारे के साथ होली व रमजान को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं: एसडीएम



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना परिसर में रविवार को होली व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक एसडीएम गौरांग महतो व एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया। बैठक में एसडीएम गौरांग महतो ने कहा कि 13 मार्च को होलिका दहन और 14 मार्च को होली है। मुस्लिम समुदाय के लोगों का पवित्र माह रमजान चल रहा है। इसलिए आपलोग पूर्व से चली आ रही आपसी भाईचारे की परंपराओं का ख्याल रखते हुए होली पर्व और रमजान को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। वहीं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की निगरानी रखी जाएगी। साथ ही पर्व मनाने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी। मौके पर एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब ने सबसे पहले शांति समिति के सदस्यों को होली की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की हुड़दंगियों पर पैनी नजर रहेगी, हुडदंगी किसी भी जाति व धर्म के क्यों न हो बक्शे नहीं जाएंगे। इस दौरान अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर सतर्कता बरती जाएगी। त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। लोगों से आपसी सहयोग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की गई। विधि व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन हर समय आपके साथ है। बैठक के अंत में लोगों ने एक दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ सुनील वर्मा, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता, समाजसेवी ऐजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी, उषा देवी,अर्जुन प्रसाद गुप्ता, नजीर अहमद, सरजू चौधरी, एएसआई अखिलेश यादव, रविरंजन सिंह, रंजीत सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## सांगठनिक चुनाव को लेकर राजद के कलामुद्दीन सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय जनता दल ने सांगठनिक चुनाव कराने को लेकर झारखंड के सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने बताया कि राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी के रुप में रामचंद्र पूर्वे के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कार्यकारणी के सक्रिय और जुझारु मो. कलामुद्दीन खान को इस प्रदेश का सहायक राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी के रुप में मनोनीत किया गया है। प्रदेश सचिव रिजवान खान ने बताया कि मो. कलामुद्दीन को झारखंड के लिए सहायक राज्य निर्वाचन पदाधिकारी मनोनीत किए जाने के बाद सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

## पीएम आवास के पैसे से सरकारी जमीन पर हो रहा है दुकान निर्माण, ग्रामीणों ने की शिकायत



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के ग्राम पथरा में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी भूमि पर धड़ल्ले से अवैध निर्माण कार्य करने का मामला सामने आया हैं। इस संबंध में शिकायतकर्ता विनोद राम ने एसडीएम हुसैनाबाद को आवेदन देकर रोक लगाने की मांग की हैं। हलांकि शिकायतकर्ता द्वारा यह भी बताया गया कि खाता संख्या 232, प्लॉट संख्या 779 कुल रकबा 0.25 एकड़ हैं, जिससे संबंधित मामला एसडीएम न्यायालय हुसैनाबाद में चल रहा हैं, इसके बाद भी झारखंड सरकार की भूमि पर लगातार निर्माण कार्य जारी हैं। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अतिक्रमणकारी ने इसके पूर्व भी पीएम आवास की राशि स्थल का गलत चयन कर उस पैसे से दुकान का निर्माण करा दिया हैं, जो जांच का विषय हैं। गरीबों को मिलने वाली आवास योजना से दुकान बनाना कितना सही हैं यह बड़ा सवाल हैं। शिकायतकर्ता ने हुसैनाबाद सीओ से अविलंब इस कार्य को रोकने और उक्त स्थल की जांच कर सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की गुहार लगायी हैं। इस संबंध में एसडीएम ने सीओ को स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। बताया जाता है कि सीओ ने कार्य को बंद करा दिया है, उसके बाद भी कार्य जारी है।

## परेशानी | भीम चूल्हा में रेलवे सुरंग व थर्ड लाइन के निर्माण का काम अब तक नहीं हुआ पूरा

# थर्ड लाइन के विस्तारीकरण का काम बना बड़ी चुनौती



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक महत्व के भीम चूल्हा पर्यटक स्थल के समीप तीसरे रेलवे लाइन और सुरंग का काम अब तक पूरा नहीं किया जा सका है, जबकि केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के निरीक्षण के बाद सुरंग निर्माण का काम तेज हो गया था। तब इसके निर्माण कार्य को फरवरी में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया था। जैसा कि केंद्रीय मंत्री को भी इस काम में लगी एजेंसी हिमालया कंस्ट्रक्शन कंपनी ने बताया था। मगर अब तक इसके निर्माण का काम पूरा नहीं हो पाने से थर्ड लाइन के विस्तारीकरण का काम बड़ी चुनौती बन गया है। काम कब पूरा होगा और थर्ड लाइन से आवागमन कब शुरू हो जाएगा, इसे बताने वाले कोई सक्षम और जिम्मेदार व्यक्ति कार्यस्थल पर नहीं मिला। ऐसे में नये साल में रेलवे के क्षेत्र में सुरंग और थर्ड लाइन के रूप में मिलने वाली उपलब्धि पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है।

### 160 फीट लंबी सुरंग का निर्माण

बताया गया कि इस सुरंग की लंबाई कुल मिलाकर 160 मीटर की होगी। इसका निर्माण बोगदा नामक विशालकाय पहाड़ की खुदाई कर किया जा रहा है, जो पूरा हो गया है। अब अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। मगर इसके थर्ड रेलवे लाइन का काम अभी पूरा नहीं किया जा सका है। निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से थर्ड रेल लाइन के माध्यम से निर्बाध रूप से कोयले की ढुलाई संभव हो सकता था। बताया जाता है कि थर्ड लाइन विस्तारीकरण सोननगर-पतरातू रेल कॉरिडोर के तहत किया जा रहा है। अन्य जगहों में काम पूरा कर थर्ड लाइन को चालू भी कर दिया गया है। मगर इस जगह पर सुरंग और थर्ड रेल लाइन विस्तारीकरण का काम पूरा नहीं होने से इसमें इसी जगह पर एक बड़ी बाधा खड़ी है। बताया जाता है कि इसकी आधारशिला सोननगर में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने यूपीए-2 के प्रधानमंत्रित्व काल में रखी थी।

## न्यूज बॉक्स

### रेलवे स्टेशन पर पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पेयजल और स्वच्छता व्यवस्था में बड़ी लापरवाही सामने आई है। जिस पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। इसमें देखा जा सकता है गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ने के बाद भी इसकी बर्बादी को रोकने और इसके संचय को लेकर जतन और प्रयत्न नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं नल कनेक्शन प्वांइट पर लगी गंदगी भी स्वच्छता अभियान को ठेंगा दिखा रही है। लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपए से अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक स्टेशन व प्लेटफॉर्म बनने के बावजूद इसके प्लेटफॉर्म नंबर 2 के नल कनेक्शन से पानी की बर्बादी को रोकने का उपाय नहीं किया जा सका है। जबकि ऐसी स्थिति इस नल कनेक्शन की काफी पहले से है, बताया जाता है। मात्र नल की टोटी नहीं लगाए जाने के कारण पानी बेकार बह रहा है। लोगों ने बताया कि कभी-कभी लकड़ी का गुल्ला लगाकर नल से बेकार बह रहे पानी को रोकने का असफल प्रयास किया जाता रहा है। मगर समस्या का स्थाई रूप से समाधान नहीं किया जाता है।

### विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल को दो ऑक्सीजन युक्त एम्बुलेंस की सौगात हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने होली से पूर्व दो ऑक्सीजन युक्त एम्बुलेंस की सौगात जनता को दी हैं। रविवार को अपने आवासीय परिसर से विधिवत पूजा अर्चना के बाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एसडीएम गौरांग महतो, स्वास्थ उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा ने संयुक्त रूप से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के लिये हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। विधायक ने कहा स्वास्थ सुविधा के प्रति झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि एम्बुलेंस में सभी प्रकार की सुविधा दी गई है। इसमें ऑक्सीजन के साथ ऑक्सीमीटर, फोल्डिंग, स्ट्रैचर, की सुविधा है। अनुमंडलीय अस्पताल को पहले से और बेहतर बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में काफी सहूलियत होगी। उन्होंने स्वास्थ उपाधीक्षक से कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए, एम्बुलेंस का रख रखाव बेहतर तरीके से हो, मरीजों को हर हाल में सुविधा मिले । मौके पर राजद के युवा नेता रवि यादव, बीपीएम विभूति कुमार गुप्ता, राजद के वरिष्ठ नेता रामजनम सिंह, कलीमुद्दीन खान, रिजवान खान, खुर्शीद खान, जाकिर अली उर्फ राज अली, सुदेश्वर राम, राजेश कुमार सिंह, मोहिउद्दीन अंसारी, विनय सिंह यादव, श्रवण राम, टूना सिंह, अशोक यादव समेत भारी संख्या संख्या में राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कुकही के आनंदपुरी में उड़े अबीर गुलाल, भाजपा ने गायकों व कलाकारों को किया सम्मानित

**हैदरनगर।** प्रखंड के कुकही पंचायत के आनंदपुरी में रविवार को श्री कुकही महोत्सव समिति की ओर से होली मिलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजक सह अधिवक्ता प्रेमतोष सिंह ने इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह उर्फ बिनु सिंह, रणविजय सिंह, नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित कर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया। होली गायन कार्यक्रम के व्यास अनिल कुमार का स्वागत कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मंचासिन अतिथियों ने इस पर्व की विशेषता पर कहा कि होलिका दहन 13 मार्च और 14 को होली खेली जायेगी। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के अनुसार फाल्गुन महीने की पूर्णिमा पर होलिका दहन किया जाता है। पौराणिक मान्यताओं में होलिका और प्रहल्लाद की जीवनी आज भी जीवंत है। भाजपा नेता रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि शिवजी - कामदेव और राजा रघु से जुड़ी कथा होलिका दहन से जुड़ी हैं। जो बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देती है। वहीं इनसे समानता और एकता की शिक्षा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यपु राक्षसों का राजा का पुत्र प्रह्लाद, भगवान विष्णु का परम भक्त था। राजा हिरण्यकश्यपु भगवान विष्णु को अपना शत्रु मानता था। जब उसे पता चला कि प्रह्लाद विष्णु भक्त है, तो उसने प्रह्लाद को रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रह्लाद के न मानने पर हिरण्यकश्यपु प्रह्लाद को यातनाएं देने लगे। हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद को पहाड़ से नीचे गिराकर हाथी के पैरों से कुचलने की कोशिश की। पर भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद बच गया। हिरण्यकश्यपु की होलिका नाम की एक बहन थी। उसे वरदान था कि वह अग्नि में नहीं जलेगी। हिरण्यकश्यपु के कहने पर होलिका प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर आग में प्रवेश कर कई। किंतु भगवान विष्णु की कृपा से तब भी भक्त प्रह्लाद बच गया और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रुप में होलिका दहन होने लगा और यह त्योहार मनाए जाने की परंपरा जीवंत है।

### सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के अररूआ खुर्द कालेज मोड़ के समीप एनएच 139 पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी । जिससे एक ही बाइक पर सवार दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना शनिवार की देर रात्रि करीब 1:30 बजे की बताई जाती है। मृतक की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के शिवगंज निवासी मुंशी प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र रविकांत कुमार तथा गया जिले के खिजरसराय निवासी श्रवण साव के 20 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के रूप में हुई है। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दी है। बताया जाता है कि दोनों मृतक शहर में स्थित जय माता दी लाज में किराए पर रहते थे। घटना की रात दोनों युवक पल्सर बाइक बी आर 26 ए ए 6422 से शहर की ओर आ रहे थे। उक्त स्थान पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक यु पी 44 बी टी 0295 ने बाइक को सामने से टक्कर मार कर फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मृतक रविकांत कुमार ट्रक में फंसकर करीब 15 फीट तक घसीटता चला गया। बाद में सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक तथा दोनों शव को कब्जा में लिया।

### देवरी खुर्द पंचायत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को मिला सम्मान

**हुसैनाबाद।** देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्र मे महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एसडीएम गौरांग महतो, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ सह आइपीएस एस मोहम्मद याकूब, पंचायत की मुखिया ममता देवी ने संयुक्त रूप से किया। इसका संचालन अजित ओझा ने किया। मौके पर एसडीएम ने कहा कि मुझे इस गांव पंचायत में महिलाओं की उपस्थिति यह बताने के लिए काफी हैं कि इस पंचायत की महिला जागरूक हैं और सबसे बड़ी बात हैं मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव वार्ड मेम्बर सभी महिलाएं हैं ।उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की स्वतंत्रता देना हम सब का काम हैं बिना उनके जागरूकता के पंचायत का विकास सम्भव नही हैं। एसडीपीओ एस मोहमद याकूब ने कहा कि पुलिस आप महिलाओं की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहेगी। हुसैनाबाद पुलिस इसके लिए कटिबद्ध हैं, साथ महिलाओं में जारूकता होना जरूरी है, महिला शिक्षा प्राप्त कर किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए स्वतंत्र है। वहीं मुखिया ममता देवी ने कहा कि समाज मे आज भी कुछ गलत मानसिकता के लोग रहते हैं जो नारियों को कमजोर और बेवस समझते है, लेकिन देश व समाज की इतिहास आदि अनादि कालों से देखा जाए, तो रामायण - महाभारत या स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक आजादी या फिर इस भौतिकता वाद के समय में राजनीतिक तथा अन्य हर क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी कौशल व वीरता का लोहा मनवाया । महिला सभी क्षेत्रों में आगे हैं । इसलिए नारियों को कमजोर समझने का समय नहीं हैं, हम कल के नहीं आज के नारी हैं। मौके पर पंचायत सचिव परमहंस, मानव अधिकार मिशन के जिलाध्यक्ष सह समाजसेवी उपेन्द्र मेहता, सतेंद्र मेहता, धर्मशीला देवी, बबिता देवी, गीता शर्मा, सुमन कुमारी, प्रतिमा देवी, रुबी देवी, ललिता देवी आदि हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# पुलिस ने होली पर्व को लेकर अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होली पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु पलामू पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर देवव्रत पोद्दार के नेतृत्व में रविवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर अवैध शराब के खिलाफ सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की। हालांकि इस दौरान कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई, लेकिन सभी संबंधित व्यक्तियों को सख्त हिदायत दी गई कि यदि अवैध शराब की खरीद-बिक्री में संलिप्त पाया गया, तो उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पलामू पुलिस आमजन से शांतिपूर्ण व सुरक्षित होली मनाने की अपील करती है। नागरिकों से अनुरोध करती है कि यदि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी मिले, तो तत्काल निकट थाना अथवा पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर सूचित करें। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि इस तरह का अभियान निरंतर चलता रहेगा। शहर थाना पुलिस होली को लेकर किसी भी तरह का समस्या थाना क्षेत्र अंतर्गत न हो, उसके नियमित जांच अभियान भी चलाया जा रहा है।

## पांकी पुलिस ने 8 एकड़ में अवैध अफीम को किया नष्ट



**मेदिनीनगर।** रविवार को पांकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जांजो में वन भूमि एवं गैर-मजरूआ भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम/पोस्ता की खेती के विरुद्ध पांकी पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के तहत कुल करीब 8 एकड़ में लगी अवैध फसल को पुलिस टीम द्वारा नष्ट किया गया।अवैध अफीम की खेती के खिलाफ यह अभियान वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर चलाया गया, जिसमें स्थानीय पुलिस बल एवं अन्य संबंधित विभागों का सक्रिय सहयोग रहा। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि क्षेत्र में नशे के अवैध व्यापार और मादक पदार्थों की खेती को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## 350 किलो अवैध जावा महुआ पुलिस ने किया नष्ट



**मेदिनीनगर।** रविवार को होली पर्व को देखते हुए पलामू जिला के कई थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध जावा महुआ को नष्ट किया। अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के तहत पलामू पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन के निर्देश पर नवाजयपुर व सदर थाना क्षेत्रों में अवैध जावा महुआ के विरुद्ध छापेमारी कर कुल 350 किलों जावा महुआ नष्ट किया गया। नवाजयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पंचकेदिया, बोरदा एवं अन्य गांवों में करीब 100 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया। सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत भूसही गांव में करीब 250 किलों जावा महुआ नष्ट किया गया। पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने कहा कि अवैध शराब के खरीद बिक्री के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह के अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पलामू पुलिस होली पर्व को देखते हुए आम जनता से सहयोग की अपील करती है। यदि कहीं अवैध शराब बनाने या बिक्री की सूचना मिले तो तुरंत निकट थाना को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### राणी सती सेवा समिति ने होली उत्सव मनाया



**मेदिनीनगर।** श्री राणी सती सेवा समिति के तत्वावधान में रेड़मा चौक स्थित श्री राणी सती मंदिर में दादी जी का होली उत्सव मनाया। इसमें सर्वप्रथम फूलों की होली खेली गई। इसके बाद उपस्थित सभी महिला पुरुष एवं बच्चे अबीर-गुलाल में रंगे नजर आए। सर्वप्रथम श्री राणी सती मां के साथ फूल की होली खेली गई। इस दौरान उनका भव्य श्रृंगार भी किया गया था। श्री रानी सती मां के भजनों पर पुरुष और महिलाएं ने नृत्य किया तथा एक दूसरे को होली की बधाई दी। इस अवसर पर श्री राणी सती सेवा समिति मेदिनीनगर के अध्यक्ष पीयूष तुलस्यान ने कहा कि होली के अवसर पर सभी लोग हर वर्ष होली उत्सव मनाते हैं साथ ही इस रंगोत्सव में अबीर-गुलाल लगाकर एक दूसरे को बधाई देते हैं। इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष संदीप केजरीवाल, बद्री सिंघानिया,प्रभात अग्रवाल, विकास सिंघानिया, प्रभात उदयपुरी,पंकज सिंघानिया अनिल गर्ग,सज्जन शंघई, पप्पू लाठ,दीपक निमाला,रोहित तुलस्यान, विकास उदयपुरी ,प्रभात शर्मा,मनोज भिवानिया तथा मनीष भिवानिया मुख्य रूप से मौजूद रहे।


### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**टंडवा (चतरा)।** शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने टंडवा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टंडवा थाने में उक्त मामले को लेकर दर्ज मामले के आलोक में गिरफ्तारी हुई। परिजनों के शिकायत पर स्थानीय थाना में 4 मार्च को मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### पूर्व सांसद रामदेव राम के बेटे का निधन, शोक

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पलामू जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद रामदेव राम के पुत्र अनिल राम का निधन हो गया है। वह 60 वर्ष के थे। वह अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र छोड़कर इस दुनिया से विदा हो गए। पिछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर भाजपा तक के सफर में उन्होंने विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया। एक कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं। उनके निधन से भाजपा परिवार मर्माहत है। उनके निधन की खबर सुनते ही अंतिम दर्शन, श्रद्धांजलि व शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए शाहपुर स्थित उनके आवास पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं पहुंचना जारी है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने कहा कि स्व अनिल राम सरल एवं मृदु स्वभाव के व्यक्ति थे। हमेशा पार्टी व समाज की सेवा की। पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय अनिल राम अपने पूरे राजनीतिक जीवन में छल कपट से दूर रहकर गरीब व असहाय को मदद पहुंचने का अथक प्रयास किया। शोक व्यक्त करने वालों में श्याम नारायण दुबे, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, अमलेश्वर दुबे, मनोज सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, प्रफुल्ल सिंह, नरेंद्र पांडेय, विजय आनंद पाठक, जय दुबे, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, परमानंद चौबे, उदय शुक्ला, अजय तिवारी, प्रदीप सिन्हा, सुनील पासवान, अरविंद सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, अभिमन्यु तिवारी, अरविंद गुप्ता, धीरेंद्र दुबे, कृष्ण गुप्ता, श्रवण गुप्ता, छोटू सिन्हा सहित कई कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

# कृष्ण कुमार यादव बने पलामू जिला सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** रविवार को झारखंड राज्य सहयोगी शिक्षक संघ पलामू जिला इकाई की बैठक कचहरी परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह ने की। संचालन चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष अमलेश चौरसिया ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विनोद तिवारी एवं उपाध्यक्ष रामनिवास तिवारी ने भाग लिया। बैठक का मुख्य एजेंडा था पलामू जिला अध्यक्ष का चुनाव करना। विगत चार महीने से जिला अध्यक्ष का पद खाली चल रहा था। कारण यह था कि जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता की जमीन विवाद में हत्या कर दी गई थी। सर्वसम्मति से सतबरवा प्रखंड के सहायक अध्यापक कृष्ण कुमार यादव का जिला अध्यक्ष पद के नाम का प्रस्ताव रामनिवास तिवारी ने लाया। समर्थन अमलेश चौरसिया सहित उपस्थित तमाम लोगों ने किया। इस तरह जिले के अन्य पदाधिकारी भी चुने गए। जिला उपाध्यक्ष सुनिल कुमार सिंह, लिलेश्वर सिंह, विनय कुमार सिंह, रणजीत कुमार सिंह, महासचिव रामरुप चौरसिया, सचिव अरविंद कुमार, अक्षय कुमार मिश्र, विनय कुमार मांझी, कोषाध्यक्ष इमामुद्दीन अंसारी, संगठन मंत्री जनेश्वर सिंह का सर्व सम्मति से चुनाव संपन्न हुआ। बैठक में जनेश्वर सिंह, राजेन्द्र दीक्षित, रामनिवास तिवारी, सुनिल सिंह, अरविंद कुमार, धनंजय यादव, बिनोद चौधरी, वाहिद अंसारी, हसिब अंसारी प्रकाश सिंह, उर्मिला देवी, मोहरमानी देवी, राजकुमार प्रसाद, खिरोध महतो, प्रदीप शर्मा, इमामुद्दीन अंसारी, रामरुप चौरसिया, अरविंद सिंह, प्रेम चंद गुप्ता मौजूद थे।

# होली एकता व भाईचारे का पर्व : डॉ. अग्रवाल




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय टाउन हॉल में मगधी अग्रवाल समाज द्वारा होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. नारायण चंद्र अग्रवाल उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में मगधी अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन और कुलदेवी महालक्ष्मी जी की प्रतिमा के सम्मुख उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। एसएलए पब्लिक स्कूल के छात्रों ने गणेश वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद राम श्याम बंधु सहित अन्य कलाकारों ने होली गीत गजल और भजन से उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के बीच मुख्य अतिथि डॉ. नारायण चंद्र अग्रवाल ने समाज के लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली एकता और भाईचारे का पर्व है। यह ऐसा पर्व है जिसमें सभी गिले शिकवे दूर होते हैं और एक दूसरे से लोग मिलकर गले लगाते हुए रंग गुलाल लगाकर बधाई देते हैं। यह पर्व बुराई पर अच्छाई का भी प्रतीक है। होली मिलन के दौरान कजरी और फूलों की होली खेली गई। इस दौरान कलाकारों ने होलिया में उड़े रे गुलाल, होली के दिन खिल जाते हैं,मारो भर-भर के पिचकारी समेत कई प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन मधु अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, आलोक कुमार अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, नीलेश चंद्र अग्रवाल, रिशु कुमार अग्रवाल, मुकेश कुमार अग्रवाल, चंदन कुमार अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल और रंजन कुमार अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# होली पर पुलिस रहेगी मुस्तैद, उपद्रवियों व हुड़दंगियों पर रहेगी विशेष नजर



नवीन मेल संवाददाता

**सिमारिया (चतरा)।** होली त्यौहार को लेकर रविवार को सिमरिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद व संचालन थाना प्रभारी मानव मयंक ने किया। इस दौरान सभी से शांति और भाईचारे के साथ होली त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं दें। त्यौहार में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहेगी। साथ ही उपद्रवियों, हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों व अफवाह फैलाने वालों पर तथा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। थाना प्रभारी ने कहा कि यदि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखे या कहीं उपद्रव अशांति होने की संभावना हो तो पुलिस-प्रशासन को सूचना दें। उपस्थित लोगों ने सुझाव दिया की होली के दिन शराब बंद होनी चाहिए, क्योंकि शराब के नशे में गलत कदम ना उठ जाए। इसलिए शराब दुकान और शराब पीने पर पाबंदी होनी चाहिए। मौके पर उपस्थित लोगों ने आपस में अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रमुख सोहन साहू, मुखिया शकुंतला देवी, नीतेश कुमार, मो. ऐनुल हक सहित दोनो समुदाय के कई लोग उपस्थित थे।

# गर्मी का दिखने लगा असर, 15 मार्च के बाद तापमान में बढ़ोतरी के आसार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय में मौजूदा समय में दिन में गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। हालांकि, रात और सुबह के समय में हल्की ठंड लोगों को राहत दे रही है। जिस तरह से दिनों-दिन गर्मी बढ़ रही है, 15 मार्च के बाद तापमान 35 से बढ़कर 40 डिग्री तक पहुंचने की संभावनाएं है। कुल मिलाकर, दिन के समय में इस तरह से बढ़ने वाली गर्मी की वजह से आमजन की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। धूप के समय में काम भी प्रभावित हो जाता है।

### गर्मी के बीच लोग खेलेंगे होली

विभागीय पूर्वानुमान के मुताबिक पलामू जिले में मार्च के बीच से ही गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। होली तीसरे पखवाड़े में ही है, ऐसे में उम्मीद जताई जा रही कि इस बार गर्मी के बीच ही लोग होली खेलेंगे। बता दें कि फरवरी माह में लगातार आए पश्चिमी विक्षोभ से तापमान संतुलित रहा। ज्यादातर मौसम सामान्य से नीचे ही देखने को मिला था। इस माह की बात की जाए तो फिलहाल एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसका असर देखने को मिल रहा है। रविवार को भी दिन की शुरूआत हल्की ठंडक के साथ हुई थी। जबकि, तीसरे पखवाड़े में लोगों को गर्म हवाओं का सामना करना पड़ सकता है।

### फसलों के अनुकूल बना मौसम

कृषि वैज्ञानिक से मिली जानकारी के मुताबिक तापमान बढ़ने से इस बीच गेहूं की फसल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि फसल पकने की प्रक्रिया में है। उस समय ऐसे मौसम की जरूरत भी होगी। बढ़ता हुआ तापमान फसलों के अनुकूल ही रहने वाला है। फसल के पकने के दौरान ऐसे ही मौसम की आवश्यकता होती है।

### शीतल पेय पदार्थों के दाम में उछाल आने की उम्मीद

वैसे तो होली के बाद के बाद शादी ब्याह एवं मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाता है। जिसके चलते बाजार में कारोबार की गति अन्य दिनों की अपेक्षा पहले से ही धीमी रहती है। दूसरी ओर, होली के त्योहार के मद्देनजर होने वाली खरीदारी बाजार को सहारा देती है। वर्तमान में लोग बोतल बंद पानी खरीद कर पीने के लिए सहारा देने लगे है। गर्मी की आहट के साथ ही शीतल पेय पदार्थों के कारोबार में उछाल आने की उम्मीद है।

# श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का जन्मोत्सव व सत्संग आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**प्रतापपुर (चतरा)।** प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजागढ़ मैदान में रविवार को परम प्रेममय श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र जी का शुभ 137 वां जन्म महोत्सव एवं सत्संग का आयोजन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमोद पांडेय ने वेद मांगलिक से किया। उसके बाद उषा कीर्तन (प्रभातफेरी), प्रातःकालीन प्रार्थना, अल्पाहार उसके बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें हंसनुमा रथ पर श्री श्री ठाकुर को सजाकर हजारो भक्त गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण किया। दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग पांच हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। उसके उपरांत धर्म सभा आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता शिवनंदन सिंह तथा संचालन डॉ. मनीष कुमार श्रीवास्तव ने किया। धर्म सभा को मुख्य रूप से सत्संग आश्रम देवघर के सहसचिव शिवानंद प्रसाद, पलामू के सह प्रति ऋत्विक अनिल सिंह, हजारीबाग के सह प्रति ऋत्विक केपी यादव, विनोद गुप्ता, चतरा के सह प्रति ऋत्विक शिवनन्दन सिंह, सोना यादव, प्रतापपुर के शिवनन्दन सिंह आदि ने संबोधित किया। पूरे दिन वातावरण को संगीतमय बनाने में हजारीबाग से कृति प्रभो, धीरज गुप्ता, सुमित दा, पोखन दा, चतरा से मनीष कुमार श्रीवास्तव, रवि भूषण सिंहा, कौशल दांगी, पूरन यादव, राजेश दुबे तथा स्थानीय भजन गायक चंदन, नरेश, रवि नवीन, देवेन्द्र आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शाम में मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें सुशीला मां, ललिता मां, पिंकी मां, उषा मां आदि ने आदर्श परिवार के निर्माण में माताओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन संध्याकालीन प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सह प्रति ऋत्विक संजय कुमार, शिवनंदन सिंह, सुरेश प्रसाद, अजय राज, दुर्गा शर्मा, केशरीकांत, अशोक सिंह, बीरेंद्र प्रसाद, सोहन राम, मिथिलेश कुमार सोनु, संतोष कुमार, योगेन्द्र कुमार, राजेन्द्र सिंह, विनोद ठाकुर, कपिल राम, जगदीश यादव, अर्जुन प्रसाद, चतुरी राम, उदय सिंह, सुनील सिंह ,मोहन गुप्ता, सचिंद्र पासवान, राकेश त्यागी आदि सत्संगी वृंद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विद्यालय के संस्थापक की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



नवीन मेल संवाददाता

**हंटरगंज (झारखंड)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय प्रांगन में विद्यालय के संस्थापक स्व. सहदेव नारायण सिंह के पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल हो उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। सभा की अध्यक्षता उनके शिष्य मोहन तिवारी व संचालन बसंत नारायण सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे मंचासीन गणमान्य लोगों को माला पहना कर सम्मानित किया गया। सभा पहुंचे लोगों ने स्व. सिंह को नमन करते हुए कहा की स्व. सहदेव नारायण सिंह 1961 में पांडेयपुरा हाई स्कूल की नींव क्षेत्र के दस छात्रों के साथ रखी थी। सभी ने उनके अविस्मरणीय कार्य की सराहना करते हुए बताया कि अगर क्षेत्र में शिक्षा की ज्योत की बात की जाये तो ये उनके द्वारा ही रौशन किया गया। कहा कि आज रास उच्च विद्यालय अगर प्लस 2 उच्च विद्यालय बना है इसका सरा श्रेय भी उन्ही को जाता है। कार्यक्रम के अंत में स्व. सिंह के पुत्र नरेन्द्र सिंह के द्वारा प्लस 2 उच्च विद्यालय के छात्र अमन कुमार जिसने माध्यमिक परीक्षा 2024 मे हंटरगंज प्रखंड मे प्रथम स्थान पाया था, उसे पुरस्कृत किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रोफेसर सह प्राचार्य एचडी जैन कॉलेज आरा नरेन्द्र सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, सहेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार, अनिल कुमार, मदन तिवारी, गोविंद शरण तिवारी, राजदेव सिंह, बैजनाथ सिंह, युगल प्रसाद (सेवनिवृत शिक्षक), पवन माथुर (शिक्षक), प्रमोद सिंह(शिक्षक), रामप्रसाद यादव(सेवानिवृत शिक्षक), रघुनन्दन यादव, विनोद तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, कपिल प्रसाद(सेवानिवृत शिक्षक), कृष्ण मुरारी प्रसाद सिंहा, प्रवीण कुमार प्रजापति(शिक्षक), कुणाल किशोर सिंह(शिक्षक), मवि पाण्डेयपुरा के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सिंह, प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक जयंत कुमार आदि शामिल थे।

## पेयजल किल्लत से निजात दिलाने के लिए निगम ने शुरू की कवायद

# जलमीनार लगाकर ड्राई जॉन को दी जाएगी राहत, लोगों को होगी सुविधा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम ने गर्मी के दिनों में पेयजल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं तथा ड्राई जॉन को पानी की किल्लत से निजात दिलाने हेतु जलमीनार लगाने की कवायद शुरू की गई है। इसके तहत इसकी शुरूआत में विमेंस कॉलेज के सामने सरकारी चापानल में जलमीनार बिठाकर इसकी जांच की जा रही है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार लगभग तीन दर्जन से अधिक स्थानों पर आने वाले दिनों में जलमीनार लगाया जा सकता है। बताते चले कि नगर निगम क्षेत्र में कई ऐसे इलाके हैं, जो गर्मी के दिनों में पूरी तरह टैंकर पर आश्रित हो जाते हैं। साथ ही चापानल का जल स्तर नीचे गिर जाने के बाद उन्हें पर्याप्त जल नहीं मिल पाता। जलमीनार लगाए जाने के बाद न सिर्फ पानी को टंकी में जमा करने में मदद मिलेगी, बल्कि एक साथ कई लोग इसका उपयोग कर पाएंगे। जल मीनार में लगाए गए सबमर्सिबल द्वारा चापानल की तुलना में ज्यादा मात्रा में सतही जल को खींचकर ऊपर लाया जा सकता है। पहले इससे जुड़ा जलमीनार स्थापित करते हुए जांच कर आगे नगर निगम इस पर कदम बढ़ाएगी। इस बाबत नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने बताया कि मेदिनीनगर शहर में कई इलाकों में पेयजल की भारी किल्लत हो जाती है। निगम द्वारा टैंकर से आपूर्ति होने पर भी कई जगह लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। इसलिए जल मीनार लगाकर वैसे चापाकल में जलमीनार लगाया जा रहा है। जो ड्राई जोन में आने वाले तथा भीड़ वाले जगह पर लोगों को सालों भर पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े।

## एक नजर

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कांडी।** थाना क्षेत्र के खुटहेरिया गांव के भरत पहाड़ी टोला निवासी वारंटी राम रजवार को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। पुलिस ने बताया कि उसकी काफी दिनों से तलाश थी।

### टेंपो पलटने से नौ घायल, एक गंभीर



**रंका।** रंका से रमकंडा जा रहे टेंपो जसोबार गांव के बंधा पर पलटने से 9 लोग घायल हो गए। ग्रामीण ने बताया कि शाम 3 बजे जसोबर गांव के बांधा पार करने वक्त ज्यादा सवारी होने के कारण टेंपो अंयंत्रित होकर बांधा के नीचे गिरकर पलट गई। इससे नौ लोग घायल हो गए हैं। घायलों में जसोबर के प्रभादेवी, मानती देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, तेतरी देवी, रीना देवी, संगीता देवी का नाम शामिल है। सभी सवारी जसोबान गांव के बताएं जा रहे हैं। जासोबार के ग्रामीणों ने बताया कि अपने गांव से 5 किलोमीटर दूर जन वितरण प्रणाली की दुकान मथौली मोड़ राशन लेने आए थे।राशन लेकर अपने घर जा रहे थे। जासोबार बंधा पर टेंपो पलट गया। जिसमें एक बच्चा भी घायल है। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। वहां पर चिकित्सक मोहम्मद इश्तियाक ने सभी घायलों का इलाज किया। गंभीर रूप से घायल 39 वर्षीय प्रभा देवी को बेहतर उपचार के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

### रोटरी उदय ने सेनेटरी मशीन स्थापित की

**गढ़वा।** रोटरी क्लब ऑफ गढ़वा उदय ने हंसकेर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई कर रही बच्चियों के लिए एक सेनेटरी वेंडिंग मशीन लगया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सभी सदस्यों ने भाग लिया। महिला सदस्य महिमा गुप्ता, उर्वशी शर्मा ने बच्चियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की बात कही। रोटरी अध्यक्ष सह सीए दिवाकर सिन्हा ने कहा कि रोटरी क्लब पिछले 123 वर्षों से विश्व भर में सामाजिक कार्य कर रही है। मौके पर बच्चियों के बीच सेनेटरी पैड और टॉफी का वितरण किया गया। मौके पर रोटेरियन आनंद प्रकाश दुबे, मनीष कमलापुरी, श्याम सुंदर प्रसाद, कमल चौबे और रमन केसरी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनाएं: उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली व रमजान पर्व संपन्न कराने को लेकर रविवाद को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय समेत जिला के अन्य संबंधित वरीय पदाधिकारी, शांति समिति के सदस्यों के रूप में विभिन्न प्रखंडों के प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने जिला में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली पर्व संपन्न कराने की बात कही। उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने इसका स्वागत किया। बैठक में सदस्यों ने एक-एक कर पूर्व के दिनों में मनाए गए त्यौहारों की जानकारी दी। उन्होंने जिला प्रशासन को भरोसा दिलाया कि पूर्व के दिनों में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना गढ़वा जिला में घटित नहीं हुई है। किसी भी त्यौहार में हम सभी जाति, धर्म, समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में हंसी खुशी के साथ हर पर्व-त्यौहार को मनाते आ रहे हैं। उपायुक्त ने खुशी व्यक्त करते हुए शांति समिति के सदस्य से आगे भी इसी प्रकार प्रेम और भाईचारा का संदेश देते हुए राज्य में गढ़वा जिले का उदाहरण प्रस्तुत करने की बात कही। शांति समिति के सदस्यों द्वारा होली व रमजान के मौके पर त्यौहारों के दौरान भी क्षेत्रों में विधिवत विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था करने का आग्रह किया। बैठक में उपायुक्त ने त्यौहारों के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं, आवश्यक साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल आदि की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने सभी से सहयोग की अपेक्षा की बात कही। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान यदि कोई भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो प्रशासन को सूचित करने का कार्य करें। साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह से बचने व सोशल मीडिया पर कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट आदि ना करने की अपील की। मौके पर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी, गढ़वा, रंका, श्रीबंशीधर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गढ़वा, रंका, श्रीबंशीधर नगर, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, कार्यपालक अभियंता पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, सभी थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, जन प्रतिनिधि, प्रखंडों के शांति समिति के सदस्य समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।




## गेंहू की फसल में कीटनाशक डालकर बर्बाद करने का आरोप

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के अरसली उतरी निवासी वीरेंद्र गुप्ता ने थाना में आवेदन देकर तीन व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि भवनाथपुर बाजार निवासी प्रदीप साह, परमानंद गुप्ता, आनंद गुप्ता ने उनके रैयती एक एकड़ भूमि में लगे गेहूं की फसल में कीटनाशक दवा डालकर नष्ट कर दिया। वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इन लोगों ने पहले भी उनकी हरी धान की फसल को काटकर बर्बाद कर दिया था। इस संबंध में उन्होंने थाना में लिखित शिकायत की थी। बावजूद इसके ये लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जान बूझकर उनकी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इस घटना से उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने थाना से इन तीनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## रैयती भूमि पर अवैध अबुआ आवास बनाने की शिकायत




नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के चचेरिया गांव निवासी प्रभात कुमार तिवारी ने दो महीने से न्याय पाने के आस में दर दर भटक रहे हैं।इस संबंध में प्रभात कुमार तिवारी ने बताया कि दो माह पहले न्याय पाने के लिए सीओ, बीडीओ, थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया, लेकिन अभी तक मेरे रैयति जमीन पर अवैध रूप से बन रहे अबुआ आवास पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरे रैयती भूमि पर अवैध रूप से लल्लू नट, सकुमारी देवी, कामेश्वर नट द्वारा अवैध रूप से जबरदस्ती कब्जा कर अबुआ आवास का निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में लिखित आवेदन प्रखंड के सभी पदाधिकारी को देकर अवैध अबुआ आवास निर्माण को रोक लगाने का मांग किया है। साथ ही उक्त भूमि का सीमांकन कराने के लिए भी सीओ को आवेदन दिया है, लेकिन अभी तक अबुआ आवास का कार्य न तो रोका गया है और न तो भूमि का सीमांकन किया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा जान से मारने और फर्जी केस में फंसाने की धमकी भी दिया जाता है।

## श्रीबंशीधर महोत्सव को भव्य व दिव्य तरीके से मनाने का निर्णय

**आठ स्थानों पर आकर्षक तोरण द्वार लगाया जायेगा**



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्रीबंशीधर महोत्सव की सफल तैयारी को लेकर रविवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार में विधायक अनंत प्रताप देव की अगुवाई में बैठक हुई। इसमें उपस्थित लोगों ने श्री बंशीधर महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अपनी अपनी सुझाव दिया। महोत्सव में आठ स्थानों झारखंड-उत्तर प्रदेश की सीमा विलासपुर, पाल्हे कला, श्री बंशीधर मंदिर के पास, जंगीपुर बिजली सब स्टेशन के पास, हनुमान मंदिर के पास, प्रखंड कार्यालय के पास, थाना के पास व एनएच 75 किनारे श्री बंशीधर मंदिर के गेट के पास तोरण द्वार स्थापित करने का निर्णय लिया गया। गोसांईबाग मैदान से हनुमान मंदिर तक सड़क के दोनों तरफ सजावटी लाइट लगाने, श्रीबंशीधर मंदिर का रंग रोगन के लिए श्री बंशीधर सूर्य मंदिर के ट्रस्टी को 2 लाख रुपये उपलब्ध कराने, श्रीबंशीधर मंदिर से हनुमान मंदिर तक भगवान कृष्ण की लीलाओं का मनमोहक दीवार पेंटिंग करने का भी निर्णय लिया गया। महोत्सव में पार्श्व गायक कुमार सानू, कवि कुमार विश्वास, गायक आलोक कुमार प्रयागराज वाले, अनूप जलोटा, मैथिली ठाकुर व भजन के लिए चित्र विचित्र वृंदावन के गायक को बुलाने, शंखनाद के लिए पंडित विपिन मिश्रा को बुलाने, महोत्सव के दौरान श्री बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना के लिए अन्य स्थलों से बुलाए गए पुजारी के लिए पूर्व की भांति श्री बंशीधर मंदिर समिति को पर्याप्त राशि उपलब्ध कराने का फैसला किया गया। प्रखंड स्तर पर सभी होर्डिंग पर आने वाले कलाकारों व उनके कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार कराने, महोत्सव का लाइव प्रसारण कराने, सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने के लिए गणमान्य लोगों व जनप्रतिनिधियों के लिए अनुमंडल स्तर से पर्याप्त पास व बैठने की व्यवस्था करने, दीवाल पेंटिंग के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स को 3 लाख रुपये उपलब्ध कराया जायेगा। खराब स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने, साफ-सफाई करने, जर्जर विद्युत तारों को एक सप्ताह के अंदर बदलकर दुरुस्त करने, महोत्सव के दौरान सुचारू यातायात व वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने का सुझाव लोगों ने दिया। मौके पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, पूर्व प्रमुख रविंद्र कुमार पासवान, डॉ सुचित्रा कुमारी, सीओ विकास कुमार सिंह, ईओ राजकमल मिश्र, ट्रस्टी राजेश प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय चेंबर अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, हृदयानंद प्रसाद कमलापुरी, प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं: विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड के रारो मदरसा मैदान में झारखंड प्रीमियम लीग कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को छतरपुर बनाम खरदाहा के बीच खेला गया। फाइनल मैच को खरदाहा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर तक 12 ओवर में कुल 147 रन बनाया। छतरपुर की टीम ने जवाबी बारी खेलते हुए 145 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैच को खरदाहा की टीम ने 3 रन से जीत हासिल कर खीताब पर कब्जा जमा लिया । क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव व जेएमएम जिला कार्यकारणी सदस्य ताहिर अंसारी,वशिष्ट अतिथि डॉ. परवेज आलम, जेएमएम नेता सह मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र ठाकुर, जेएमएम नेता मनीरुद्दीन अंसारी, जेएमएम नेता चंद्रशेखर प्रसाद, नंदू यादव, दीनानाथ पांडेय, राजेश मेहता ने संयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम को शील्ड व विजेता टीम को 25 हजार व उप विजेता को 15 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट मैच का मैन ऑफ द मैच सकेंद्र सिंह व मैन ऑफ द सीरिज डबलू को दिया गया। मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। उनमें खेल के प्रति छिपी हुई प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल का अच्छा प्लेटफॉर्म मिले तो निश्चित रूप से डंडई जैसे इलाके से महेंद्र सिंह धौनी जैसा खिलाड़ी निकल अपना क्षेत्र का नाम रौशन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को खेल के माध्यम से करियर को संवारने का मौका दे रही है। खेल में बेहतर प्रदर्शन कर जिला व राज्य का नाम रौशन करें। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को लेकर कोई समस्या आती है तो वह उनसे मिले समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। जेएमएम नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि नई ऊर्जा के साथ तैयारी करना चाहिए। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष मंसूर आलम ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। मौके पर जेएमएम नेता चंद्रशेखर प्रसाद, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता,जेएमएम चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, टूर्नामेंट के सचिव जमील अंसारी, अनीस अंसारी, ओम प्रकाश यादव, पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## सिंदरी पहाड़ तीर्थ यात्रा में ईसाई धर्मावलंबी शामिल हुए

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़(गढ़वा)।** प्रखंड अंतर्गत बाड़ी खजुरी गांव स्थित सिंदरी पहाड़ तीर्थ यात्रा में रविवार को हजारों ईसाई धर्मावलंबी शामिल हुए। मुख्य मार्ग से लगभग चार किलोमीटर दूर सिंदरी पहाड़ के चोटी पर स्थापित क्रूस के समीप विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। डालटनगंज धर्मप्रान्त के सभी पारिश के आशा के तीर्थयात्री जुबिली वर्ष 2025 के मौके पर क्रूस मार्ग की साधना करने के लिए लगभग चार किलोमीटर पैदल पहाड़ चढ़ कर प्रखंड स्थित सिंदरी पहाड़ में एकत्रित हुए। बता दें कि इस जुबली में 16 पलियों के लगभग 8 हजार तीर्थयात्री शामिल हुए। पवित्र मौके पर अन्य धर्म प्रान्त के तीर्थ यात्री भी शामिल हुए । नयाखाड़ गढ़वा, विश्रामपुर, कंजिया, महुआबथान, डालटनगंज, चंदवा, छिपादोहर, गारू, साले, गोठगांव, महुआडांड़आदि परिस के इसाई समुदाय के लोग शामिल थे। पवित्र सिंदरी पहाड़ पर इस चालीसा काल में मिस्सा पूजा के दौरान डालटनगंज धर्माध्यक्ष विशप थ्योडोर मस्कारेनस ने कई महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभु अपने प्रजा को कभी संकट में नहीं छोड़ेगा। जो प्रभु में विश्वास करेगा वह बच जाएगा। इस चालीसा के अवसर पर विशप स्वामी ने कठोर शब्द, नाराजगी, क्रोध, निराशा, चिंता, शिकायत, तनाव, स्वार्थ आदि का उपवास करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से समाज में शांति, विश्वास और आनंद भरा जीवन मिलेगा। इस अवसर पर स्थानीय मसीही समुदाय के लोगों के द्वारा क्रूस को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। साथ ही तीर्थ यात्रियों के लिए भोजन व जलपान की व्यवस्था की गई थी। तीर्थ यात्रियों की संख्या इतनी अधिक थी कि आधे से अधिक लोगों को पवित्र पहाड़ के नीचे ही रहना पड़ा।

## शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जाएगी : विजय शंकर राय



नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़(गढ़वा)।** स्थानीय बड़गड़ थाना परिसर में रविवार को होली पर्व मनाने को ले कर शांति समिति की बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता सब इंस्पेक्टर विजय शंकर राय ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान कहींभी गड़बड़ी की सूचना मिले तो इसकी तत्काल सूचना दें, त्वरित कार्रवाई कि जायेगी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शराब बेचने व शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई कि जायेगी। शांति समिति के बैठक में शामिल लोगों ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में हम सभी समुदाय के लोग भाईचारे से पर्व मनाते आये हैं। हमारे क्षेत्र में कभी भी वैमनस्यता नहीं हुआ है। इस अवसर पर उपरोक्त लोगों के अलावा एएसआई प्रभु प्रसाद मेहता, एएसआई योगेन्द्र उरांव, सोमा टोप्पो, अर्जुन मिंज, राधेश्याम जायसवाल, रवायत अंसारी, कौशर आलम, रामानंद यादव, रामचंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

**श्रद्धा**

## भगवान विश्वकर्मा का प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से संपन्न

## श्रद्धालुओं ने जयकारे के साथ निकाली भव्य शोभा यात्रा

नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय के सामने स्थित नवनिर्मित विश्वकर्मा मंदिर में रविवार को भगवान विश्वकर्मा की प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से संपन्न हुई। इस पावन अवसर पर नगरवासियों ने भगवान विश्वकर्मा के प्रति अपनी श्रद्धा और आस्था प्रकट करते हुए विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद नगर में भव्य शोभायात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से सुप्रसिद्ध कथा वाचक वृंदावन की प्रज्ञा भारती और अयोध्या से चलकर आए श्याम नारायण आचार्य ने भगवान विश्वकर्मा की महिमा पर आधारित कथा का वाचन किया। कथा के माध्यम से उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की जीवन गाथा और उनके द्वारा किए गए दिव्य कार्यों को विस्तार से बताया। कथा में उन्होंने यह भी बताया कि भगवान विश्वकर्मा ही वह देवता हैं, जिन्होंने देवताओं के लिए महल, भवन और अन्य निर्माण कार्य किए। साथ ही सभी शिल्पकारों को देवता के रूप में प्रतिष्ठित हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर उनके शब्दों को सुनते रहें। कथा में सभी उपस्थित भक्तों को एक गहरी आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया। कथा वाचन के बाद मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी ने भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति का अभिषेक किया और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। इस दौरान पूजा स्थल पर एक शांतिपूर्ण और श्रद्धा से भरा वातावरण बना रहा। इसके बाद मंदिर के चारों ओर नगर भ्रमण की परंपरा भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा की जयकारे लगाए और बैंड-बाजे के साथ नगर की गलियों से यात्रा निकाली। नगर भ्रमण का उद्देश्य भगवान विश्वकर्मा की महिमा का प्रसार और समाज में धार्मिकता का प्रचार था। धार्मिक आयोजन के बाद आयोजकों ने बताया कि इस मंदिर को भविष्य में धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। मंदिर का निर्माण क्षेत्रवासियों के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा और यहाँ होने वाले कार्यक्रमों से समाज में एकजुटता और शांति की भावना का प्रसार होगा। आयोजन में मझिआंव प्रखंड के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक कार्यकताओं और क्षेत्रीय जनता की बड़ी संख्या ने हिस्सा लिया। सभी ने इस धार्मिक आयोजन की भव्यता और धार्मिक समर्पण को सराहा और भगवान विश्वकर्मा से समाज में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।



## न्यूज बॉक्स

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**खरौंधी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को खरौंधी प्रखंड में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंचायत भवन खरौंधी स्थित कार्यालय में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर महिला सशक्तिकरण का जश्न मनाया। कार्यक्रम में समन्वय समिति के सदस्य शशिकांत कुमार, सुमन कुमारी समेत अन्य सदस्य उपस्थिति थी। महिलाओं ने एकजुटता और सशक्तिकरण के महत्व पर विचार-विमर्श किया तथा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज में महिलाओं की भूमिका पर चर्चा की। मौके पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वह आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त हो रही हैं। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुखिया मंजू देवी ने कहा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने जिस तरह से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, वह प्रेरणादायक है। हमें इन प्रयासों को और आगे ले जाना होगा। उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्या ने कहा महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। जब वे सशक्त होती हैं, तो पूरा समाज प्रगति करता है। प्रशासन की ओर से महिलाओं के उत्थान के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मंशा देवी ने इस अवसर पर कहा, आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। यह देखकर खुशी होती है कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने यह संकल्प लिया कि वह समाज में महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए एक-दूसरे का सहयोग करेंगी। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस आयोजन ने महिलाओं में एक नई ऊर्जा और आत्मविश्वास भरने का कार्य किया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं में सुनिता देवी, संतरा देवी, राधिका भारती, रेणु देवी, रेखा देवी, अनिता देवी, सिलवती देवी समेत अन्य सदस्य शामिल थी।

### सुजाहुद्दीन अंसारी बने झामुमो सोनेहार पंचायत अध्यक्ष

**डंडई।** प्रखंड के सोनेहारा पंचायत में रविवार को झामुमो का 20 सदस्यीय पंचायत कमेटी का गठन किया गया। पर्यवेक्षक चंद्रशेखर प्रसाद की उपस्थिति में गठित कमेटी में सुजाहुद्दीन अंसारी को पंचायत अध्यक्ष, प्यारी सिंह को उपाध्यक्ष, रघुनाथ राम को पंचायत सचिव, छटनी देवी को उप सचिव, दिलीप प्रसाद को उपाध्यक्ष, अनिल प्रसाद साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया। चुनाव के बाद सभी पदाधिकारियो को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मौके पर पर्यवेक्षक चंद्रशेखर प्रसाद ने बताया कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव द्वारा सोनेहरा पंचायत में पंचायत कमेटी बनाने का निर्देश दिया गया था। उसी के आलोक में रविवार को सबसे पहले पंचायत के सैकड़ो ग्रामीणों के साथ बैठक किया। उसके बाद काफी विचार विमर्श के बाद पंचायत पदाधिकारियों का चयन किया गया। मौके पर संजय दास ,राधा दास, विनय राम ,श्री राम भुइयां, सुरेंद्र सिंह, रामाधार राम, सुनील कुमार, नंदू प्रजापति, पंकज यादव, राजनाथ सिंह, ब्रह्मदेव यादव, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### सहायक शिक्षक को दी गई भावभीनी विदायी




**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा में सहायक शिक्षक रामनन्दन बैठा के सेवानिवृत्ति होने पर रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे ने कहा कि एक योग्य जुझारू व आयरन मैन की तरह कार्य करने वाले शिक्षक का विदाई समारोह में हम लोग उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि रामनंदन से हम लोगों को सीखने की जरूरी है। विद्यालय में कैसे कार्य की जाती है, उनके द्वारा विभाग का कोई भी दायित्व हो उनका निर्वाहन वह कुशलता से किया है। उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों,प्रधानाध्यापिका के साथ शिक्षक राकेश चौबे का आभार प्रकट किया। समारोह को बीपीओ रविंद्र मेहता, जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय,शिक्षक संघ के जिला महासचिव प्रभात रंजन,प्रधानाध्यापक संजय कुमार,राजीव रंजन द्विवेदी, सतीश चौबे,राजकुमार,विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी,सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार यादव,दिलीप उपाध्याय, मनोज गुप्ता,जितेंद्र पांडेय,रजनीकांत रोहिणी,उप मुखिया वैश खान,राजेश यादव,मुखतेस्वर पांडेय ने भी अपना अपना विचार रखे। मौके पर कई शिक्षक उपस्थित थे।

### 17 को किसान मेला सह फसल प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**मझिआंव।** प्रखंड कार्यालय परिसर में 17 मार्च को फसल प्रदर्शनी सह किसान मेला का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी बीटीएम दयानंद पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि इस मेला में किसान कृषि व उद्यान प्रदर्शनी में किसान रवि मौसम की दलहन, तेलहन, अनाज की फसलें, सब्जियां, फल, फूल वाले पौधा, औषधीय पौधा, मसालेदार फसल, संरक्षित फल पदार्थ, संरक्षित फसल पदार्थ इस मेला में लेकर आएं। जिन किसानों का फसल अच्छा होगा, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मेला में जिला से कृषि पदाधिकारी, कृषि वैज्ञानिक, कृषि महाविद्यालय गढ़वा भाग लेंगे और किसान उचित सलाह भी ले सकते हैं। किसानों को खेती करने के लिए बेहतर सुझाव भी दिया जाएगा।

### युग परिवर्तन में गायत्री परिवार का प्रयास सराहनीय: संजय

**गढ़वा।**अखिल विश्व गायत्री परिवार का शांतिकुंज हरिद्वार से चला ज्योति कलश रथ रविवार शाम गढ़वा पहुंचा। रथ पहुंचने पर स्थानीय गायत्री परिजनों ने श्रद्धा पूर्वक स्वागत किया। रथ का पूजन करने के लिए महिलाओं कि भीड़ उमड़ पड़ी। गायत्री परिवार युवा मंडल के कार्यकताओं ने गढ़वा नगर परिषद की सीमा में प्रवेश करने के पूर्व रथ की अगुवानी कर टंडवा से ही मोटरसाइकिल से स्कॉट करते शहर में प्रवेश कराया। उसके बाद शहर के काली स्थान में रथ के आगमन पर दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया। दीप महायज्ञ में उपस्थित महिला-पुरूष श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित करते हुये युग परिवर्तन का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर एसडीओ संजय कुमार ने उपस्थित होकर रथ का पूजन किया। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का युग निर्माण आज के समय में समाज के लिए बहुत आवश्यक है। समाज में जिस तरह से संस्कार का लोप हो रहा है और लोगों का नैतिक पतन हो रहा है, उसे बचाने के लिए गायत्री परिवार का प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

# जंगल से युवती का शव बरामद शिवरात्रि मेला के दिन से लापता थी

**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहर के जंगल से नेतरहाट पुलिस ने सड़ी गली अवस्था में 16 वर्षीय एक लड़की का शव बरामद किया है। शनिवार को ग्राम सोहर की कुछ महिलाएं लकड़ी चुनने जंगल में गई थी। इस दौरान एक कटा हुआ पैर उन्होंने देखा। इसकी जानकारी गांव वालों को दी गई। इसके बाद गांव वालों द्वारा नेतरहाट थाने को पूरी जानकारी दी गई। मामले की सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया के नेतृत्व में इंस्पेक्टर पीर मुहम्मद, थाना प्रभारी नेतरहाट अभिषेक कुमार दलबल के साथ सुबह 8:30 सोहर के जंगल पहुंचे। वहां पुलिस के जवान व ग्रामीणों ने लगातार 3 घंटे तक सघन छापेमारी कर शव बरामद किया। शव पूरी तरह से सड़ चुका था। छापेमारी के दौरान बरामद कपड़ों व शव के पैर में बंधे धागे से शव की पहचान की पुष्टि करते हुए बताया गया की शव सोहर निवासी दीपक मुंडा की 16 वर्षीय पुत्री अनुपम मुंडा की है। छापेमारी के दौरान उपस्थित परिजनों ने भी इस बात की पुष्टि की। ग्रामीणों व मृतक बच्ची के परिजनों ने बताया कि बच्ची अनुपम मुंडा 26 फरवरी को शिवरात्रि पर मेला देखने टांगीनाथ धाम गई थी। इसके बाद लौट कर घर नहीं आई। नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया की युवती के लापता होने के बाद परिजनों द्वारा मामला दर्ज कराते हुए यह बताया गया था कि अज्ञात युवक द्वारा अपहरण किया गया। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है, जल्द ही गुनहगार सलाखों के अंदर होगा।

# ईंट भट्ठा में काम करने वाले मजदूर की बकरी चोरी के आरोप में पीट-पीट कर हत्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्ठा में काम करने वाले मजदूर का शव पुलिस ने बरामद किया है। आरोप है कि कुछ गांव वालों ने बकरी चोरी करने के आरोप में इतना पीटा कि उसकी मौत हो गयी। घटना सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव की है। पुलिस ने शव बरामद कर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक मजदूर की पहचान मध्य प्रदेश के दतिया निवासी सलीम खान (40) के रूप में की गयी है। मिली जानकारी के अनुसा घटना शनिवार की रात 11 बजे की है। सलीम गोवा गांव के गोविंद प्रसाद साहू के ईंट भट्ठा में काम करता था और वह तीन महीने पहले गांव से सपरिवार लातेहार के गोवा गांव आया था। मृतक पर आरोप हैं कि इन के सलीम खान गोवा गांव के देवकी सिंह, विनोद सिंह, अमरेश सिंह समेत अन्य लोगों के घरों में घुस कर बकरी चोरी करने का प्रयास कर रहा था, लेकिन घर वाले जग गये और शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनने के बाद ग्रामीण वहां जमा हो गये और उसे पकड़ कर उसकी पिटायी शुरू कर दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में उसकी मौत हो गयी। मृतक सलीम के छोटे भाई जमील खान की मानें तो वह गोवा गांव में शराब पीने गया था। वहां के लोगों ने उस पर झूठा आरोप लगाकर पीट कर उसकी जान ले ली। बाद में लोगों ने इसकी जानकारी ईंट भट्ठा मालिक को दी। उन्होंने इसकी सूचना लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े पुलिस बल के साथ गांव पहुंची। जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में ले कर पूछताछ कर रही है।

## होली व ईद पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय

**हेरहंज।** थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी अमित कुमार की अध्यक्षता में हुई। होली व ईद को लेकर पांचो पंचायत के मुखिया व ग्रामीणों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से शांति पूर्ण तरीके से होली व ईद मानने को लेकर बारी-बारी से अपना विचार व्यक्त किया गया। मौके पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि,समाजसेवी रंजीत जायसवाल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लाडले खान, पूर्व मुखिया चंद्रदेव राव, उपेंद्र यादव, तासु, रिंकू देवी, सलैया मुखिया एनुअल अंसारी, जितेंद्र यादव, अनिल उरांव, रामवृक्ष भोक्ता, फुलकेश यादव, देवनंदन प्रसाद, घनश्याम सिंह, ग्राम प्रधान उमेश ठाकुर, दिलीप पासवान, राकेश यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# आरओबी निर्माण को लेकर किसानों का जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह सीआईसी सेक्शन पर टोरी रेलवे जंक्शन पर आरओबी निर्माण समेत अन्य मांगों को लेकर किसानों द्वारा रविवार से अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह शुरू किया गया है। प्रखंड के कामता पंचायत सचिवालय के समीप माकपा नेता सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान के नेतृत्व में शुरू हुए इस सत्याग्रह में किसानों ने गढ्ढे में अपने आधे शरीर को जिंदा दफन कर सत्याग्रह की शुरूआत की। किसान ऐसा कर टोरी जंक्शन पर आरओबी निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की ओर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का ध्यान खींच रहे हैं। आंदोलन कर रहे किसान चाहते हैं कि आसन्न विधानसभा सत्र में इस मामले पर चर्चा हो। टोरी-चंदवा में फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कराने के लिए 3 अप्रैल 2021 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी के हाथों इसका ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था, लेकिन शिलान्यास हुए चार वर्ष होने को है फिर भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने स्थानीय विधायक-सांसद से भी आग्रह कर कहा है कि समस्या समाधान कराने की आपकी भी जिम्मेदारी बनती है। सत्याग्रह में लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, ग्राम प्रधान पचु गंझू, वार्ड सदस्य जमरुल खान, किसान साजीद खान, सनिका मुंडा, जिदन टोपनो, बुधराम बारला, अनु खान, माईकल हंश, सैफुल खान, तबरेज खान, शाहबान खान, कैस खान,मो छोटु, मोफील खान, सनिका मुंडा, छटु खान, एस रजा, जिदन टोपनो, लालधारी तुरी, कमल गंझु,क्युम खान, टिपू खानि, जिसान खान, अमीर खान, जहांगीर खान, सरफराज खान, रुसतम खान, वाजीद खान, समेत कई किसान शामिल हैं।

# झारखंड प्रजापति महासंघ ने जिला स्तरीय होली मिलन समारोह का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड के ग्राम बरछिया में प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मंच का संचालन भीम प्रजापति ने की। होली मिलन समारोह मे प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति ने कहा कि होली में भाईचारा और सद्भावाना के रुप मे होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। आप सभी अपने गांव मुहल्ले में शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाएं और भाईचारा व प्रेम के रंगों में रंग जाएं। प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति ने कहा कि किसी भी तरह के कोई विवाद न कर समाज में भाईचारा का मिसाल पेश करना ही त्यौहार का मूल उद्देश्य है। इसलिए बिखरे और टूटे हुए समाज को होली में जोड़ने की आवश्यकता है। उपस्थित महिला पुरूष होली मिलन समारोह में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाए। मौके पर प्रखंड कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति,नरेश प्रजापति, पूर्वअध्यक्ष अजीत प्रजापति,जिला के मनोनीत भुनेश्वर प्रजापति, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष गुलाब प्रजापति, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष आदित्य प्रजापति, शिक्षक महेंद्र प्रजापति, शिक्षक पंकज प्रजापति, वकील रामन कुमार महतो, राजन प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, डॉक्टर रणधीर प्रजापति, डॉ दिलीप प्रजापति, डाक्टर महावीर प्रजापति, संदीप प्रजापति, बिनेश्वर प्रजापति, अवध प्रजापति, गोबिंद प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, प्रकाश प्रजापति सहित काफी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित थे।

# डीवीसी ने पौध रोपण कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** डीवीसी के तुबेद कोयला खान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक अरविंद कुमार ठाकुर ने डीवीसी की ओर से तमाम महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डीवीसी की महिला सदस्यों और तुबेद गांव की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधरोपण किया गया। महिलाओं ने 50 से अधिक पौधे लगाये। डीवीसी की चिकित्सक डा॰ अलका लकड़ा ने तुबेद गांव कि महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की महिलाओं ने नमक सत्याग्रह आंदोलन, जंगल आंदोलन, कोयलकारों आंदोलन, नेतरहाट आंदोलन में अहम भूमिका निभाई है। यहां की आदिवासी महिलाओं में अद्भुत साहस और क्षमता है। इसका उपयोग समाज को और आगे ले जाने में करना होगा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस न केवल महिलाओं के संघर्ष, उपलब्धियों और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है। डीवीसी की अनीता ठाकुर ने कहा कि नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। वह जीवन दायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है। तनुश्री दास ने बताया कि इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य है महिलाओं के प्रति समाज में सम्मान की भावना उत्पन्न करना और उन्हें सबके समान अधिकार दिलाना है। अनीता ठाकुर और तनुश्री दास ने डीवीसी तुबेद कोयला खान में काम करने वाली महिलाओं को समानित किया। मौके पर सहायक प्रबंधक (सीएसआर) संजीव कुमार, सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन) शशांक शेखर समेत डीवीसी के कई पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मचान में आग लगने से पुआल जल कर खाक

**गिद्धौर (चतरा)।** रविवार को प्रखंड के बारियातू पंचायत सिमरातरी गांव में दिलीप भुइयां के मचान में आग लगने से हजारों रुपये का पुआल जलकर राख हो गया। इस संबंध में दिलीप भुइयां ने बताया कि अचानक रविवार को 1 बजे दिन में आग लग जाने से खलिहान में रखा 10 हजार रुपये का पुआल जल कर राख हो गया है। खबर मिलते ही ग्रामीणों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने नजदीक के चापानल के पानी से आग को बुझाने का प्रयास किया गया, परंतु आग पर काबू नहीं पाया जा सका। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

# अवैध कोयला चेकिंग देख भाग रहा हाइवा नाली में फंसा, चालक मौके से फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय समाहरणालय के एनएच 39 के पास रविवार की सुबह 4 बजे जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस बीच बालूमाथ की ओर से आ रही एक हाइवा को परिवहन पदाधिकारी द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक हाइवा रोकने के बजाय फुल स्पीड कर भागने का प्रयास किया। इससे हाइवा असंतुलित होकर लातेहार मेन टॉउन के पास असंतुलित होकर नाली में फंस गया। दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारे लग गई व शहर की यातायात प्रभावित हो गई। मौके से चालक हाइवा छोड़ कर वहां से फरार हो गया। जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सुबह 4 बजे उदयपुरा के पास चेकिंग अभियान लगाया गया था। इसके बाद बालूमाथ की तरफ से आ रही है हाइवा को उनके द्वारा रोके जाने पर हाइवा चालक हाइवा को ओवर स्पीड करके भागने का प्रयास किया। इसके बाद परिवहन विभाग द्वारा पीछा करने पर हाइवा अनियंत्रित होकर रोड के एक दुकान के पास नाली में फंस गया। चालक हाइवा छोड़कर भाग निकला। उन्होंने बताया कि हाइवा में जो कोयला है वह पूरी तरह से अवैध है। हाइवा को सीज करके खनन विभाग को सौंप दिया गया है, ताकि आगे की कार्रवाई खनन विभाग के द्वारा की जा सके। खनन विभाग के माइनिंग इंस्पेक्टर पदम लोचन ओद्दार ने बताया कि कोयला लदे हाइवा का जांच किया। बताया कि पूरे झारखंड में इस कोयला लदे हाइवा का कोई चलाना निर्गत नही किया गया है। मगर हाइवा में मगध से कुशमाही साइडिंग लिखा हुआ था। सूत्रों के अनुसार वाहन को मगध से कुशमाही साइडिंग तक पहुंचाना था।

## आसामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी

**गिद्धौर (चतरा)।** रंगों का त्योहार होली को लेकर रविवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। बताया गया कि होली के दौरान हुडदंगियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। बैठक में लोगों से भाईचारे के साथ साथ उल्लास के साथ होली मनाने की अपील की गई। जबकि किसी भी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देने का भी आह्वान किया गया। असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखना की भी अपील की गई। किसी भी तरह की विवाद व समस्या उत्पन्न होने पर प्रखंड प्रशासन व थाना प्रशासन से संपर्क करने की सलाह दिया गया। शांति समिति की बैठक की पश्चात होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई भी दिया। बैठक में अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, प्रमुख, मुखिया निर्मला देवी, विधायक प्रतिनिधि कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, बबलू कुमार साव, चमारी प्रसाद दांगी, मुकेश कुमार साव, ब्रजेश कुमार सिन्हा, बंशी दांगी, परमेश्वर दांगी, काशी राम दांगी सहित थे।

# धूमधाम से निकली खाटू श्याम की शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** सरोज नगर स्थित श्रीराम जानकी दरबार से रविवार को खाटू श्याम बाबा के पूजन के बाद शोभा यात्रा सह निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभा यात्रा में खाटू श्याम बाबा के निशान ध्वज लिए महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। शोभा यात्रा का श्रीराम जानकी मंदिर के समीप पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। फूल-मालाओं से सुसज्जित वाहन में श्री श्याम बाबा को स्थापित कर गाजे बाजे के धुन पर लोग थिरकते रहे। यात्रा सरोज नगर से निकल कर बुध बाजार,मेन रोड होते हुए कंचन नगरी स्थित आंनद कनोडिया के आवास पर पहुंची। वहां पर श्री श्याम बाबा की पूजन आरती कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शोभायात्रा सह निशान श्री श्याम मंदिर गुमला के लिए प्रस्थान कर गई। यात्रा में पर पुरोहित प्रयाग पाठक,रोहित अग्रवाल,मिंकु शर्मा, विकास अग्रवाल, गोविंद पटवारी,सुशील पटवारी,सुमित पटवारी, आनंद कानोडिया, आशीष अग्रवाल, रविकांत कानोडिया, किशोर गिनोडिया, जयकांत कानोडिया, अनूप अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, विनोद सांवरिया, नीरज, सुशील, सोनम अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, ममता अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, श्वेता कनोडिया, सरिता सुशील समेत कई लोग शामिल थे।

# राजहार के पंचमुखी हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव पर भव्य भंडारे का आयोजन

**● हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में माथा टेक कर अपने परिवार के सुख शांति की कामना की**



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार विधायक प्रकाश राम व पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने शहर के रेलवे स्टेशन रोड के राजहार स्थित शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के नौ वें वार्षिक उत्सव पर आयोजित भंडारा में भाग लिया। कहा कि धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में भाईचारा व सदभाव का वातावरण तैयार होता है। उन्होंने कहा कि लातेहार एक धर्मपरायण जगह है। यहां के लोग एक दूसरे का पर्व व त्योहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। पूर्व मंत्री वैद्यनाथ राम शहर के रेलवे स्टेशन रोड के राजहार स्थित शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के नौ वें वार्षिक उत्सव पर आयोजित भंडारा में भाग ले रहे थे। इससे पहले उन्होंने नौ कन्याओं का पूजन व भोजन करा कर भंडारा का शुभारंभ किया। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ चामू प्रसाद नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद शौंडिक व डॉ. भोला आदि मौजूद थे। इससे पहले पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानिध्य में हवन व पूर्णाहुति की गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान कृष्णा पासवान व उनकी पत्नी रीना देवी मौजूद थे। भंडारा में लातेहार विधायक प्रकाश राम ने भी भाग लिया। उन्होंने नौ वें वार्षिकोत्सव की समिति को शुभकानायें दी। भंडारा में लातेहार समेत आस पास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में माथा टेक कर अपने परिवार के सुख शांति की कामना की। भंडारा के साथ ही शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के नौ वें वार्षिक उत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हो गया। बता दें कि सात मार्च को कलश यात्रा के साथ नौ वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था। आठ मार्च को वेदी पूजन किया गया। इस अवसर पर नारायण प्रसाद, काशी साव, गोविंद प्रसाद, अमरेश प्रसाद गुप्ता, निर्मल कुमार महलका, कामेश्वर प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुरारी प्रसाद, विनित कुमार मधुकर, उपेंद्र प्रसाद, रामदेव प्रसाद, विशाल चंद्र साहू, सुरेंद्र प्रसाद, गजेंद्र प्रसाद, ओम प्रकाश प्रसाद, रंजीत कुमार, खुशी दयाल प्रसाद, चंद्रदेव प्रसाद, राहुल आरपीडी, रंजीत कुमार, चिंटू और चिंटू कुमार आदि मौजूद थे।

# न्यूज बॉक्स

## सरहुल पर्व को लेकर सरना समिति ने की बैठक

**चंदवा।** शहर के कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म के प्रांगण में रविवार को आगामी राजी सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने को सरना समिति के द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पड़हा राजा धनेश्वर उंराव ने की। बैठक में राजी सरहुल की तैयारी की रूप रेखा तय करने आदि पर चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से सरहुल पर्व को लेकर आगामी 16 मार्च को पुनः बैठक का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। धनेश्वर उंराव ने कहा कि अगली बैठक में सरहुल पर्व के सफल संचालन हेतु समिति का गठन किया जायेगा। उन्होंने आदिवासी समाज के प्रबुद्ध जनों से अगली बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है। मौके पर शितमोहन मुंडा, लाल बिहारी उंराव, अनुप कुमार बड़ाईक, सुरेंद्र भगत, सुरेशनाथ लोहरा, मंजय उंराव, बिशु मुंडा, बीरबल भगत,सुदेश्वर उंराव, विनोद भगत आदि मौजूद थे।

## झामुमो नेता हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

**बालूमाथ।** पुलिस ने झामुमो नेता दिलशेर खान हत्या कांड के एक और अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह जानकारी बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि नामजद अभियुक्त रंथू गंझू (35वर्ष) पिता कैला गंझू थाना पिपरवाह जिला चतरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त अभियुक्त झामुमो नेता दिलशेर खान के हत्या में शामिल था। अभियुक्त टीएसपीसी के जोनल कमांडर भीखन गंझू का करीबी और खास शूटर था। उन्होंने बताया कि छापेमारी अभियान चला कर पिपरवार स्थित अभियुक्त के आवास से गुप्त सूचना पर गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया है। बता दे कि दिलशेर हत्याकांड में पहले भी कई लोगों को बालूमाथ थाना पुलिस जेल भेज चुकी है। रंथू पहले भी पिपरवार थाना क्षेत्र में हत्या के आरोप में जेल जा चुका है। छापेमारी अभियान में मूरपा पुलिस पिकेट प्रभारी एसआई होसेन डांग के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## मध्यस्था शिविर में कई मामलों में किया गया समझौता

**कुंदा (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार व जिला सचिव के निर्देश पर कुंदा थाना में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पति-पत्नी विवाद मामले समेत कई अन्य मामले में सुलह समझौता कर मध्यस्था की गई। मध्यस्थता में अधिकतर मित्र अजीत कुमार ने अहम योगदान दिया। अधिकार मित्र ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को विधिक जानकारी प्रदान करना और उन्हें मध्यस्था के माध्यम से अपने विवादों का समाधान करने में मदद करना है। उन्होंने कहा कि नालसा द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर या अधिकार मित्र से संपर्क कर साधारण कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अधिकार मित्र प्रवीण कुमार व किरण कुमारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यस्था शिविर में एसआई नागेश्वर पंडित, मुंगेश्वर चौधरी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## 28 को नीलांबर-पीतांबर शहादत दिवस मनाने का निर्णय

**बारियातू।** बारीखाप में नीलांबर-पीतांबर स्थल में 28 मार्च को नीलांबर पीतांबर की शहादत दिवस मनाने के लिए योगेंद्र गंझू की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की निर्धारित तिथि पर हर्षोउल्लास के साथ शहादत दिवस मनाने के लिए आयोजन समिति का भी गठन किया गया। प्रखंड के सभी गांव टोला से खोड़हा टीम को आना अनिवार्य बताया। विशेष समन्वय के लिए अगली बैठक 23 मार्च को रखा गया। बैठक में अधिक लोगों को आने की अपील की है। कार्यक्रम के सफल बनाने में 20 कार्यकारणी सदस्य भी बनाए गए हैं। मौके पर सुरेश गंझू,विनोद, महाबीर, मुकेश,रामलाल, फलेन्द्र, जागेश्वर, चरकु, अर्जुन, अजय,जगदीश, विश्वनाथ,निरंजन,सतावन गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

## आईसीआईसीआई लोंबार्ड ने पौधा वितरण कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**कुंदा (चतरा)।** आईसीआईसीआई लोंबार्ड की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के बीच पौधा वितरण कर मनाया गया।आईसीआईसीआई लोंबार्ड के जिला कोऑर्डिनेटर ने कहा कि महिलाएं सशक्त होंगी तभी हमारा देश भी सशक्त व समृद्ध होगा। इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करने की जरुरत है। उन्होंने ने कहा कि हर महिला अनमोल है। समाज में महिलाओं को सशक्त होकर आगे बढ़ने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को कहा गया कि इस योजना का लाभ अवश्य उठाएं। मौके पर जिला कोऑर्डिनेटर अनुज कुमार,संतू कुमार सिंह,आयुष आनंद,मनोज यादव,नित्यानंद वर्मा समेत अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

## शांतिपूर्ण तरीके से होली त्योहार मनाने का निर्णय, डीजे बजाने पर प्रतिबंध

**बारियातू।** थाना परिसर मे होली त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मानने को लेकर अंचलाधिकारी नंद कुमार राम की अध्यक्षता मे बैठक की गई। बैठक मे उपस्थित लोगों को शांतिव्यवस्था के साथ त्योहार मनाने की अपील की। साथ ही कहा कि त्यौहार को त्योहार की तरह मनाएं। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने कहा कि डीजे साउंड पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। सोशल मीडिया पर प्रशासन को पैनी नजर रहेगा। 18 वर्ष से कम उम्र वाले बाइक चलाते पकड़े जायेंगे तो उनके पिता पर नियम संगत कार्रवाई की जाएगी। आस पास के लोगों से रोजा व रमजान मद्देनजर नजर आपसी समन्वय स्थापित कर होली खेलने की बात कही। बिना सहमति के होली में रंग अबीर लगाकर विवाद से बचने की नसीहत दिया। प्रमुख उर्मिला देवी ने कहा कि बारियातू प्रखंड में अभी तक किसी त्योहार में शिकायत नहीं हुई है। यहां के लोगों का समझदारी का परिचय है। इसे बरकरार रखने की आवश्यकता है। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, पंसस सोनी देवी, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, अर्जुन उरांव, धानेश्वर उरांव, समाज सेवी गौतम सिंह, गोपाल प्रसाद, लाल आशीषनाथ शाहदेव, भुनेश्वर यादव, कामेश्वर गंझू, सुरेश गंझू, फूलचंद, मनोज राम, संतोष ठाकुर,कार्तिक कुमार सहित काफी संख्या मे लोग मौजूद थे।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी संस्था ने मनायी महिला दिवस

**लातेहार।** शहर के बाइपास रोड स्थित सोन भवन स्थित केंद्र में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में विश्व महिला दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि महिला पतंजलि की जिला प्रभारी सुनीता गुप्ता, बनवारी साहू महाविद्यालय की सचिव अंजू गुप्ता, कल्याणी पांडेय, एसओई, लातेहार की संगीत शिक्षिका स्वाति मिश्रा, सरस्वती विद्या मंदिर की शिक्षिका रेणु देवी व समाज सेविका रेखा गुप्ता आदि मौजूद थे। केंद्र संचालिका बीके अमृता ने कहा कि आज महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। आज महिला तमाम क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने महिलाओं का सृष्टि का आधार बताया। कल्याणी देवी ने भी महिलाओं को अपने घरों से निकल कर समाज की मुख्य धारा में जुड़ने की अपील की। कहा कि समाज में नारी का सम्मान ही समाज की वास्तविक प्रगति है। कार्यक्रम में अन्य महिलाओं ने भी संबोधित किया व विश्व महिला दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हर सफल महिला के पीछे उसकी मेहनत, संघर्ष और आत्मविश्वास होता है। एक सशक्त महिला ही सशक्त समाज का निर्माण करती है। महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। वह अपने बल पर इतिहास रचने की क्षमता रखती हैं। कार्यक्रम में निशा रानी, अनिशा, तियासा व प्राची ने महिलाओं के सम्मान में गीत गाये। इस अवसर पर साधना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, दीप्ति कुमारी, कनकलता, कांति सिन्हा, अंगीता देवी, सोनी देवी, मुन्नी देवी, रंजू अग्रवाल, मीना देवी, पुष्पलता देवी आदि मौजूद थे।

## लापता ढाई साल के बच्चे का शव जंगल से बरामद

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाका अरु में शुक्रवार को समय लगभग 11 बजे से ढाई साल का बच्चा लापता था। जिसके बारे में बताया जाता है कि उरु निवासी विनोद महतो का ढाई वर्षीय पुत्र पीयूष महतो खेलते खेलते गांव से लापता हो गया था। जिसकी शनिवार को सेन्हा थाना में लिखित देते हुए परिजनों ने बच्चे को सकुशल बरामद करने का प्रशासन से अपील किया गया था। परंतु लापता बच्चे का शव घर से महज डेढ़ किलोमीटर दूरी पर जंगल में बच्चा का शव होने की सूचना लकड़हारा के माध्यम से परिजनों को मिला। जिसे खोजबीन के पश्चात बच्चा का शव मिलते ही परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ गया। माता पिता एवं अन्य परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। परिजनों ने लापता बच्चा का सूचना सेन्हा थाना में देते हुए पूर्व में प्रशासन से अप्रिय घटना होने का संदेह व्यक्त किया था। जिसे घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है व चर्चा का विषय बना हुआ है। ढाई साल के बच्चे के साथ हुई घटना का निंदा करते हुए ग्रामीणों ने कहा अबोध बच्चे के साथ इस घटना को अंजाम देकर मानवता को शर्मशार कर दिया गया है। वहीं घटना को लेकर परिवार वालों कुछ भी कहने के हालत में नही है।

### भैसमुंदो में दो जलमिनार खराब, पेयजल को लेकर ग्रामीण परेशान

# जलमीनार के खराब होने से पेयजल को तरसते ग्रामीण






**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के ग्राम पंचायत उदरंगी के भैसमुंदो गांव में महली टोली व मुस्लिम मुहल्ला में सोलर जलमीनार कई महीनों से खराब है। इसकी वजह से ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। ग्रामीण 200 मीटर दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। इसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली ने कई बार सवेदक सजीव राय को फोन कर जल मीनार खराब होने की सुचना देते हुए उसे ठीक कराने की बात कही पर सवेदक की लापरवाही से गांव के सैकड़ो ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उठानी पड़ रही है. ग्रामीणों ने भी संवेदक सजीव राय को जिम्मेदार ठहराया है। ग्रामीण बताते हैं कि भैसमुंदो गांव के महली टोली मे दो सप्ताह से जबकि मुस्लिम मोहल्ला के समीप सोलर जलमीनार चार माह से खराब पड़ी हुई है। ग्रामीण बुतरु महली, चेंगे उरांव, रंथू उरांव, लक्ष्मण महली, सावित्री देवी, बचनी देवी, मनोज महली सूरज महली, कमला देवी, बासु उरांव आदि का कहना है कि एक वर्ष पूर्व ही सोलर जलमीनार का निर्माण जल नल योजना के तहत लोहरदगा के संवेदक संजीव रॉय द्वारा कराया गया था। दो से तीन महीने सुचारू रूप से चलने के बाद अचानक सोलर जलमीनार में खराबी आ गई, जिसके चलते यहां के लोगों को पीने के पानी के लिए काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। कुछ दिन में गर्मी भी दस्तक देने वाली है। गर्मी दस्तक देने के बाद तो काफी परेशानी बढ़ जाएगी। हमलोगों ने जलमीनार की मरम्मत कराने के लिए कई बार संवेदक से शिकायत की गई है, लेकिन आज तक खराब पड़े सोलर जलमीनार की सुध लेनेवाला कोई नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि लाखों रुपए की लागत से बनी सोलर जलमीनार दो तीन महीने के बाद ही खराब हो गई है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जलमीनार निर्माण कार्य में लगाई गई राशि का दुरूपयोग किया गया है। जिससे जलमीनार खराब हुई है, लोगों को पानी पीने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया परमेश्वर महली ने बताया की ग्रामीणों की सुचना के बाद कई बार संवेदक को जलमिनार ठीक कराने की बात कही पर संवेदक आश्वासन देकर भी आज तक जलमीनार ठीक नहीं करवाया है। मुखिया ने बताया की जल्द ही स्थानीय विधायक एवं जिला प्रशासन से संवेदक की शिकायत करेंगे।

### एक दिवसीय सेमिनार सह मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजित, बोले सीजेएम

## इच्छाशक्ति से जीती जा सकती है हर जंग




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** झालसा रांची एवं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा रविवार को सिविल कोर्ट परिसर के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार सह मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार, जूडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास जया स्मिता कुजूर मुख्य रुप से उपस्थित थीं। इस मौके पर सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने कहा की जीवन को उद्देश्य देने के लिए हमेशा स्वाध्याय करते रहना चाहिए, पुस्तकें हमें जीवन में रास्ता दिखाने के साथ- साथ सफलता के मुकाम तक पहुंचाता है। सीजेएम ने कहा की मन को शांत करने के लिए सुबह- सुबह अपने पसंदीदा प्रवचन को सुनना चाहिए। मन एकाग्र करने के साथ साथ किताबी ज्ञान को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने भारत में बढ़ रही आत्म- हत्या की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके रोकने पर बल दिया और कहा की जीवन में परेशानियां आती जाती रहती है। लेकिन विकट परिस्थितियों में खुद को जो मजबूत कर लें वो हर जंग जीत सकते हैं। कितनी भी खराब परिस्थिति हो इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए कि यह बुरा वक्त एक दिन गुजर जाएगा। डीएलएसए सचिव ने कहा की अपने कीमती जीवन को कभी आत्महत्या करके खत्म नहीं करना चाहिए। बल्कि हर परिस्थिति से लड़ने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। अपने मनोबल को हमेशा खुद ही बढ़ाते रहना चाहिए। न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर ने आवेश में आकर निर्णय न लेने की अपील की।

न्याय सदन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी एवं अधिवक्तागण के द्वारा गीत-संगीत प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा सभी उपस्थित मातृ शक्ति को उपहार व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के समापन से पूर्व महिला प्रतिभागियों ने नारी सशक्तिकरण के गीत प्रस्तुत किए। साथ ही एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने तमाम उपस्थित कर्मियों, पीएलवी को गुलाल लगाकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएँ दी।

## अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर प्रधानाध्यापक ने सौंपा मांगपत्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार से पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी, कुडू के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की और विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु मांगपत्र सौंपा। प्रधानाध्यापक ने एसडीओ को बताया कि विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण आए-दिन विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़-फोड़ की जाती है। अंदर के मुख्य एंट्री गेट पर कभी शराब की बोतल फोड़ दी जाती है, तो कभी हैंडवाश युनिट तहस-नहस कर दिया जाता है। एक बार तो गमले में लगे पौधौं को भी पटक-पटक कर नष्ट कर दिया गया। अभी पानी सप्लाई वाला पाईप को कई जगह फाड़ दिया गया है। साथ ही, विद्यालय भवन की छत के प्लास्टर उखड़ कर गिर रहे हैं। भवन बनने के 13 साल बाद तक एक बार भी पूरी तरह मरम्मत नहीं हो पाई है, इसलिए पूरे भवन के नवीनीकरण की आवश्यकता है। प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने बताया कि विद्यालय के कराटे खिलाड़ी कोच देवंती कुमारी के निर्देशन में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। लेकिन खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए संसाधन नहीं है। यहां तक कि मैट भी उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रैक्टिस में अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है। इसलिए उन्होंने आग्रह किया है कि उपरोक्त बातों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए सकारात्मक पहल करने की कृपा करें। एसडीओ श्री कुमार ने आश्वस्त किया है कि शिक्षा और खेल हित में प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेंगे। मौके पर कोच देवंती कुमारी, संचालक विनय कुमार उपस्थित थे।

## सांसद ने किया मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन लोगों को मिलेगी निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं

### लोहरदगा में झारखंड का पहला मिनी हॉस्पिटल मोबाइल वैन उपलब्ध



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत ने सदर अस्पताल परिसर में मिनी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। सांसद ने इस अवसर पर कहा कि यह मिनी हॉस्पिटल मोबाइल वैन (मल्टी स्पेशियलिटी डायग्नोस्टिक्स मोबाइल मिनी हॉस्पिटल) के जरिये उपलब्ध होगा। जिसमें जिला के सुदूरवर्ती गांवों में, जहां डॉक्टर की उपलब्धता कम है या समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है, वहां इस वैन के जरिये मेडिकल सेवा उपलब्ध रहेगी। यह सेवा पूरी तरह निशुल्क होगी। लोग अपनी मेडिकल जांच करा सकते हैं, दवाइयां ले सकते हैं। इस मेडिकल वैन में चिकित्सक, एक्स-रे मशीन,दवाइयां, लैब उपलब्ध है। यह वैन जिला के सभी प्रखंडों के सभी गांव में जायेगा। इस वैन की उपलब्धता कोल इंडिया द्वारा सुनिश्चित की गई है। इसका संचालन एपीरोन संस्था द्वारा किया जा रहा है। लोहरदगा में इस वैन को लाने का श्रेय सांसद सुखदेव भगत एवं जिला प्रशासन को जाता है। सांसद लोकसभा में कोयला, खान एवं इस्पात संसदीय समिति का स्थायी सदस्य हैं। इस संदर्भ में सांसद कोल इंडिया के चेयरमैन से वार्ता किए थे। मौके पर सांसद ने कहा कि लोहरदगा में झारखंड का पहला मिनी हॉस्पिटल मोबाइल वैन उपलब्ध कराया गया है। जिले के सुदूरवर्ती गांव में जहां डॉक्टर की उपलब्धता कम है या समय पर पहुंचने में दिक्कत होती है वहां इस वैन के जरिए मेडिकल सेवा उपलब्ध रहेग। यह पूरी तरह निशुल्क होगी। इस मोबाइल वैन में चिकित्सक, एक्सरे,दवाइयां, लैब उपलब्ध रहेगी यह वैन जिले के सभी प्रखंडों के गांवों में भ्रमण करेगी ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। सांसद ने कहा कि गुमला जिला में भी ये वैन को उपलब्ध कराने के लिए कोल इंडिया से वार्ता करेंगे। इससे पूर्व आयोजकों द्वारा सांसद, उपायुक्त एवं सिविल सर्जन को बुके देकर स्वागत किया गया ।सांसद एवं उपायुक्त वैन का निरीक्षण कर संचालकों से विस्तार से जानकारी प्राप्त किए। इस दौरान काफी संख्या में महिला चिकित्सक भी सदर अस्पताल में उपस्थित थे जिन्हें सांसद एवं उपायुक्त लोहरदगा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्हें बधाई दिए। इस दौरान सांसद ने उपायुक्त से जिले में जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के संदर्भ में विस्तार से चर्चा भी किए। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण,सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, एपीरोन संस्था के डॉ पद्म चरण बहेरा, सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, सोनू कुरैशी, फूलदेव उरांव,राजू कुरैशी, मुजम्मिल अंसारी ,मनोज सोन तिर्की, मोहम्मद मुन्ना, रितेश सिंह ,मोहम्मद जिलानी सेराज अंसारी सहित अनेक लोगों उपस्थित थे।

## सेवा भारती का 143 वां निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 143 वॉ सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 57 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया, एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमोधर्मः है इससे बड़ा कुछ भी नहीं, अपने शरीर को दुरुस्त रखने के लिए नियमित रूप से सुबह योग एवं व्यायाम करें एवं स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए समय-समय पर स्वास्थ चेकअप कराएं। जिससे कि कोई भी होने वाली बीमारियों को पता चल सके। जिससे की उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर के लिए सही खानपान बहुत ज्यादा महत्व रखता है तेल-मसालें एवं तले हुए सामानों को खाने से परहेज करें और ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें।

किसी भी प्रकार का बीमारी के लक्षण लगने पर डॉक्टर के सलाह से ही दवा ले, नहीं तो आगे जाकर काफी कष्ट दायक हो सकती है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, अमर गोस्वामी, नीतू मित्तल, राजू यादव, सुबोध महतो, सत्यम सर्राफ आदि मौजूद थे।

### हत्याकांड का आरोपी पति हुआ गिरफ्तार

**कैरो / लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के कैरो आदिवासी मुहल्ला में बीते शुक्रवार को हुए हत्या कांड के आरोपी को कैरो थाना पुलिस रविवार को जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार कैरो आदिवासी मुहल्ला निवासी वशिष्ट उरांव की शादीशुदा पुत्री नेहा कुमारी की हत्या उसके पति गुमला जिला के सिसई निवासी सेना के जवान 27 वर्षीय सोमेश्वर उरांव ने अपने ससुराल मे ही पिट पीटकर कर हत्या कर दी। हत्या के कारणों का पता नही चला पाया है। वैसे बताया जाता है कि पति पत्नी का आपस का विवाद था। हत्या के आरोपी को कैरो थाना पुलिस रविवार को जेल भेज दिया।

### हाइवा के चपेट में आने से महिला हुई घायल

**भंडरा।** भंडरा-सिसई मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के मुरली पोखरा के समीप हाइवा के चपेट में आने से महिला बुरी तरह से घायल हो गई है। जिसे स्थानीय ग्रामीण व एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। जहां सदर अस्पताल में घायल महिला को प्राथमिक उपचार के लिए भेज दिया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि भंडरा थाना क्षेत्र के धानामुजी गांव निवासी तेलंगा उरांव की पत्नी बिरसमुनि उरांव (28 वर्ष) गंभीर रुप से घायल हो गई है।

## कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट का होली मिलन समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुम्हार प्रजापति ट्रस्ट के द्वारा दिन रविवार को सरस्वती बाल निकेतन पावरगंज, लोहरदगा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा जिले के सभी गणमान्य कुम्हार प्रजापति बंधु एवं समिति के लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के पदाधिकारी एवम संरक्षकों के द्वारा संयुक्त रुप से दक्ष प्रजापति जी को दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति ने किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव नागेंद्र प्रजापति द्वारा किया। कार्यक्रम में अनेक रंगारंग हास्य कविताएं, चुटकुले एवं गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन बड़े ही हास्यपूर्ण एवं मनोरंजक ढंग से प्रमोद प्रजापति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक कमल महतो के द्वारा होली पर आधारित अनेक कविताएं एवं मनोरंजक गीत गाए गए। वहीं समिति के सदस्य शिव कुमार प्रजापति के द्वारा हास्य कविता प्रस्तुत कर लोगों को गुदगुदाया गया। कार्यक्रम का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया एवं भूरी-भूरी प्रशंसा की। सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली एवं आने वाले नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक स्नेह भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति द्वारा संबोधित करते हुए कहा गया कि समय-समय पर इस तरह के आयोजन होते रहेंगे, जिससे समाज के सदस्यों के बीच सामंजस्य एवं स्नेह बरकरार रहे। समारोह का धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष विनोद कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संरक्षक दिनेश प्रजापति, शशिकांत प्रजापति, शशि भूषण प्रजापति, दुर्गा महतो, चमर राम, वासुदेव महतो, शिवनारायण प्रजापति, गणेश राम, सुबोध प्रजापति, विश्वनाथ प्रजापति, पीतांबर महतो के अतिरिक्त सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### अवैध मवेशी लदे पिकअप को पुलिस ने किया जब्त

**सिमडेगा।** बांसजोर और ठेठईटांगर पुलिस के द्वारा अवैध मवेशी लदे एक पिकअप वैन को जब्त किया गया है। जब्त वाहन से बरामद मवेशियों को सिमडेगा स्थित गोपाल गौशाला में रखा गया है। बताया गया कि बड़ी बेरहमी से मवेशियों को बांधकर रखा गया था। बताया गया कि कुल 14 मवेशी को बांध कर रखा गया है, जिसमें एक मवेशी की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि सिमडेगा के रास्ते से प्रतिबंधित मवेशी को पिकअप वैन के माध्यम से बाहर ले जाया जा रहा है ।सूचना के आलोक में टीम बनाकर छापेमारी की गई जिसके बाद पुलिस को देखकर पिकअप वाहन को छोड़कर तस्कर फरार हो गए इधर पुलिस ने सभी मवेशी को गौशाला में रखा है तथा इस मामले में मामला दर्ज करते हुए छानबीन कर रही है।

## भंडरा प्रखंड अंतर्गत नंदिनी डैम के समीप जिला राजी पड़हा की हुई बैठक, कई विषयों पर हुई चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत नंदिनी डैम के समीप जिला राजी पड़हा की बैठक जिला राजी पड़हा के बेल (राजा) लक्ष्मी नारायण भगत की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले भर के 32 पड़हा में से 17 पड़हा के पड़हा बेल, देवान, कोटवार, भंडारी जैसे अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक स्वशासन पड़हा व्यवस्था पुनर्गठन, सामाजिक मजबूती, सशक्त ग्राम सभा, पेसा कानून 1996 सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा पर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से पड़ा पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिला बेल लक्ष्मी नारायण भगत को बनाया गया। वही कुछ निष्क्रिय पदाधिकारी को पड़हा से हटाया गया, वहीं कुछ सक्रिय पदाधिकारी को पड़हा से जोड़ा गया। यह भी तय किया गया कि 30 अप्रैल तक जिले के 32 पड़हा में सक्रिय एवं निष्क्रिय पदाधिकारी का फेरबदल करते हुए पड़हा व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया जाएगा। इसके पश्चात जिला पड़हा का बैठक करते हुए सभी पुनर्गठित पदाधिकारी की सूची प्रकाशित की जाएगी। कहा गया कि प्रत्येक 3 वर्ष में पड़हा की ओर से बिशु शिकार एवं प्रत्येक 12 वर्ष में जनी शिकार जैसे कार्यक्रम आयोजित होते हैं, इसलिए इस प्रक्रिया को तोड़ने- मरोड़ने की जरूरत नहीं है। निर्णय लिया गया कि 2026 में 3 वर्ष पूरे होने पर पड़हा की ओर से बिशु शिकार जाया जाएगा। मौके पर पड़हा के अगुवाओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए कहा कि समाज के लोग अलग-अलग ना चले एक साथ होकर चले तो निश्चित रूप से समाज सशक्त हो सकता है। धर्म संस्कृति और गांव में हो रहे आपसी विवाद तथा अन्य समस्या का निदान करना अति आवश्यक है। हमारे समाज को नशा, अशिक्षा और कुछ नेता से खतरा है। समाज कई खंडों में बट गया है, जिससे धर्मांतरण एवं गैर जातीय विवाह हो रहा है ।साथ ही हक अधिकार का हनन हो रहा है। जब जब नियम कानून में कोई प्रकार से दबाव होता है, नेता समाज के लोगों पर सौंप दिया करते हैं और जुलुस आंदोलन कराते हैं ।जबकि समाज के रक्षा के लिए उन्हें विधायक, संसद बनाया जाता है। समाज से नशा, अशिक्षा को दूर करना होगा। बैठक का संचालन डोमना उरांव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से गोसाई भगत, मंगल उरांव, सुरेंद्र उरांव, बुधराम उरांव, परमेश्वर उरांव, चंद्रमोहन उरांव, रमेश उरांव, रागदेव उरांव, संजय उरांव, बुधवा उरांव, शनिचरण उरांव, नारायण उरांव सहित पड़हा के बेल, देवान, कोटवार, भंडारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सनातन समाज को जानने को वैदिक लघु गुरुकुल का शुभारंभ

*नीदरलैंड से आई समाजसेविका सावित्री गजाधर ने किया शुभारंभ*



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** वैदिक लघु गुरुकुल के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को सनातन धर्म से सम्बंधित पाठ्यक्रम की निःशुल्क पढ़ाई स्थानीय रामकली देवी सरस्वती शिशु मंदिर, कोर्ट रोड, पावरगंज में 11 बजे सुबह से करवाया जायेगा। जिसका क्लास जिला के प्रसिद्ध योग गुरु अशोक कुमार आर्या द्वारा ली जायेगी। सनातन धर्म को आगे बढ़ाने व उसको प्रत्येक सनातन को आत्मसात करने के कर्म को आगे बढ़ाने के ध्येय से इस गुरुकुल का प्रथम शाखा का शुभारंभ रामकली देवी शिशु मंदिर स्कूल, कोर्ट रोड, पावरगंज में किया गया। सनातन शिक्षा केंद्र का उद्घाटन नीदरलैंड की समाजसेवीका सावित्री गजाधर ने हवन में आपके दिए एवं दीप प्रज्वलित करके किए और उन्होंने अपने संदेश में ऋग्वेद के मंत्र बोल के सभी सनातनी हिन्दुओं को साथ मिलकर चलने और बोलने का संदेश दिये। राजेंद्र खत्री ने लोगों से कहा कि अपने सनातन को जनना है तो अपने धर्म ग्रंथो को पढ़ना चाहिए। विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष रितेश कुमार ने लोगों से अपील किया कि प्रत्येक हिंदू को अपने धर्म ग्रंथो के नाम और 16 संस्कार को जानना चाहिए। आर्य समाज लोहरदगा के प्रधान नीरज आर्य ने कहा की प्रत्येक सनातनियों को यज्ञ करने आना चाहिए। कन्या गुरुकुल हजारीबाग के प्राचार्य पुष्पा शास्त्री ने गुरुकुल के बच्चों का दिनचर्या बताएं और प्रत्येक परिवार के एक बच्चे को गुरुकुल में पढ़ाने के लिए निवेदन किये। गुरुकुल के बच्चे अथर्ववेद के मंत्र पाठ करके लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष वीरेंद्र मित्तल ने बताया कि जो व्यक्ति धार्मिक होता है उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। लोहरदगा के लिये बड़ा ही सौभाग्य की बात है कि हमारे बीच में डॉ अशोक आचार्य जैसे युवा विद्वान उपस्थित है जो सनातन धर्म का शिक्षा देंगे पढ़ाएंगे ।डॉ अशोक आचार्य ने वैदिक लघु गुरुकुल में जो पढ़ाए जाएंगे उनके सिलेबस के विषय में बताए। सरल रूप से- वेद, उपनिषद, गीता, सनातन के 16 संस्कार, चार आश्रम मनुस्मृति, रामायण, महाभारत, योग का परिचय, ईश्वर परिचय एवं उपासना की जानकारी दिए। गुरुकुल के स्नातक डॉ अशोक आचार्य एवं वैदिक विद्वानों द्वारा निःशुल्क शिक्षा दिए जाएंगे। मौके पर जिला ब्रह्मविद परिषद के अध्यक्ष मदन मोहन पांडेय, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद खत्री तथा वर्तमान विश्व हिंदू परिषद, लोहरदगा जिलाध्यक्ष रितेश कुमार, जय श्री राम समिति के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, अजय सोनी, नीलेश गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे। इस धार्मिक ज्ञानोपार्जन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगो ने भागीदार निभाकर सनातन धर्म को गहनता से जाना व अपने ज्ञान के भंडार को बढाया।

### जय श्रीराम समिति के तत्वावधान में होली मिलन सह कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह आयोजित

## प्रेम व भाईचारे का त्योहार है होली : सुषमा सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति के द्वारा पावरगंज स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर प्रांगण में होली मिलन व कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो महिला पुरुष शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं को समिति का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं संरक्षकों की मौजूदगी में जिला कमेटी की घोषणा की गई। साथ ही जिला अध्यक्ष ने नगर अध्यक्ष के लिए दीपक साहू के नाम की घोषणा की। जिसके पश्चात होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिला,पुरुष सदस्यों के साथ साथ संरक्षकों एवं पत्रकार बंधु भी होली के मधुर गीतों पर जमकर झूमे व एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। संरक्षक सुषमा सिंह ने कहा कि होली की शुरूआत राधा-कृष्ण के प्रेम के प्रतीक के तौर पर बरसाने में हुई थी। कहा जाता है कि बचपन में राधा और कृष्ण अपने दोस्तों के साथ मिलकर रंगों से खेलते थे, तब से ये परंपरा निरंतर बनी हुई है। समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि होली की शुरूआत भक्त प्रह्लाद की कहानी से भी जुड़ी है। मान्यता है कि हिरण्यकश्यप के कहने पर होलिका ने प्रह्लाद को मारने के लिए आग में प्रवेश किया था। लेकिन भगवान श्री हरि की कृपा से प्रह्लाद बच गये और होलिका जल गई। तभी से बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन की परंपरा है और ये त्योहार मनाया जाने लगा। समारोह के दौरान भव्य स्नेह भोज का आयोजन किया भी गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने किया। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, परमेश्वर साहू, उदय सिंह, राजेश महतो, उमेश कांस्यकार प्रखंड पंचायत पदाधिकारी सैकड़ों कार्यकर्ता समेत सभी पत्रकार बंधु मौजूद थे।

# चैनपुर में आयोजित 10वीं व 12वीं की कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में हाल ही में 10वीं और 12वीं कक्षाओं की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस साल 10वीं के लिए कुल चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जबकि 12वीं के लिए तीन केंद्रों की व्यवस्था की गई थी।परीक्षा के दिन, सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए गए थे। मजिस्ट्रेट की तैनाती परीक्षा केंद्रों पर की गई थी, जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह से कदाचार मुक्त रहे। इसके साथ ही, चैनपुर पुलिस की भी तैनाती की गई थी। परीक्षा केंद्र के आस-पास पुलिस गस्त करती नजर आई, जिससे छात्रों के बीच एक सुरक्षित माहौल बना रहा। इस दौरान, धारा 144 लागू रही, जो शांति बनाए रखने के लिए उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम था। इससे परीक्षा केंद्रों के चारों ओर निस्संदेह एक शांत प्रभाव पड़ा, जिससे छात्रों को बिना किसी व्यवधान के परीक्षा देने का अवसर मिला। चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी, श्री यादव बैठा और चैनपुर अंचल अधिकारी, श्री दिनेश कुमार गुप्ता भी समय-समय पर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। उनके निरिक्षण से यह सुनिश्चित हुआ कि सभी व्यवस्थाएं सही ढंग से चल रही हैं और छात्रों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा।इस प्रकार, चैनपुर प्रखंड में आयोजित परीक्षा न केवल सफल रही, बल्कि यह एक मिसाल भी बनी कि कैसे सही सुरक्षा और प्रशासनिक प्रबंधन से परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सकता है। सभी छात्रों ने परीक्षा में उत्साह से भाग लिया और अपने भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया।

# गुमला में बिजली व्यवस्था को मिली मजबूती पावर हाउस में पहुंचा दूसरा 50 केवी ट्रांसफार्मर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। गुमला पावर हाउस में 50 केवी का एक और ट्रांसफार्मर पहुंचने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने विभागीय अधिकारियों से मुलाकात कर बधाई दी। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पावर हाउस का निरीक्षण किया और ट्रांसफार्मर की स्थापना को लेकर विभाग की प्रशंसा की। गौरतलब है कि पूर्व में चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रयास से ही एक 50 केवी का ट्रांसफार्मर गुमला लाया गया था। बिजली विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी ने उस समय वादा किया था कि जल्द ही एक और ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाएगा। वादे के मुताबिक अब दूसरा ट्रांसफार्मर भी गुमला में पहुंच गया है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, दो 50 केवी ट्रांसफार्मरों के होने से गुमला में आगामी 30 वर्षों तक बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू उपस्थित रहे।

### वार्षिक फागुन मेला का भव्य आयोजन

# खरीदारी व मनोरंजन के लिए उमड़ी भारी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** रविवार को भरनो प्रखंड मुख्यालय परिसर में आयोजित एक दिवसीय वार्षिक फागुन मेला का भव्य शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, मुखिया मंजू देवी, अंचल निरीक्षक शाहिद अनवर, समाजसेवी किशोर साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही, कांग्रेस नेता पतितपावन शाही सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने मेले का अवलोकन भी किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। यह पारंपरिक मेला भरनो प्रखंड परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होता है और होली पर्व से जुड़ी खरीदारी एवं सांस्कृतिक उत्साह का प्रमुख केंद्र होता है। इस वर्ष मेले में खेल-तमाशा, मौत का कुआं, नाव झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन झूला जैसी रोमांचक झूलों की व्यवस्था की गई थी, जिससे बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में खिलौने, मिठाइयां, घरेलू उपयोग की वस्तुएं, साग-सब्जियां, औजार आदि की सैकड़ों दुकानें सजी रहीं। खासकर होली पर्व को ध्यान में रखते हुए लोग जमकर खरीदारी करते नजर आए। ग्रामीणों ने बताया कि यह मेला सिर्फ खरीदारी का अवसर ही नहीं, बल्कि आपसी मेल-मिलाप और सांस्कृतिक परंपराओं के उत्सव का प्रतीक है। भरनो प्रखंड समेत आसपास के दर्जनों गांवों से बड़ी संख्या में लोग मेले में पहुंचे और पूरे परिवार के साथ मेले का आनंद उठाया। भीड़ को देखते हुए विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

### छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के मिलन समारोह में गूंजा अधिकार व एकजुटता का संदेश, बोले रघुवर दास

# एकजुट होकर ही मिलेगा हक व सम्मान



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज द्वारा आयोजित मिलन समारोह सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम में समाज की एकता और अधिकार की आवाज बुलंद हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि उनके कार्यकाल में सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई थी। उस दौरान हर जोड़े को 30-30 हजार रुपये तथा आयोजनकर्ता को 20 हजार रुपये की सहायता दी जाती थी, जिससे बड़ी संख्या में सामूहिक विवाह हुए। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड में पिछड़ी जातियों का आरक्षण शून्य कर दिया गया है।

रघुवर दास ने बताया कि 2019 में उन्होंने राज्य में आर्थिक और सामाजिक सर्वेक्षण कराने के लिए पत्र जारी किया था, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने सरकार से मांग की कि झारखंड में जल्द से जल्द आर्थिक और सामाजिक जनगणना कराई जाए, ताकि आरक्षण का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को मिल सके। उन्होंने कहा कि समाज को अपने अधिकार के लिए जागरूक और संगठित होना होगा। जब समाज एकजुट होगा, तभी उसकी ताकत बढ़ेगी। दास ने कार्यक्रम में शामिल 13 नवदंपतियों को 5001-5001 रुपये की सहयोग राशि भी दी।

**कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग हुए शामिल :** मिलन समारोह सह सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू, हीरा साहू, मुनेश्वर साहू, राधा मोहन साहू, शिवचरण साहू सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में समाज की एकजुटता और उत्थान पर चर्चा हुई।

#### आंदोलन और संघर्ष से ही मिलेगा हक : सांसद ढुल्लू महतो

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि देश में 3.5 करोड़ तेली समाज की आबादी है। धीरे-धीरे समाज की राजनीतिक हिस्सेदारी बढ़ रही है, जो एकजुटता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जरूरी है। बिना आवाज उठाए कोई भी हक नहीं देता। अगर कोई हमारे अधिकार छीनने का प्रयास करेगा, तो उसका जवाब ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

#### सामूहिक विवाह दहेज प्रथा के खिलाफ बड़ी पहल: धीरज साहू

राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने सामूहिक विवाह को दहेज प्रथा के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज में जागरूकता आती है और आर्थिक बोझ भी कम होता है। धीरज साहू ने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए ऐसे प्रयास आवश्यक हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### विहिप-बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक व होली मिलन समारोह संपन्न

**गुमला।** गुमला में होली का उल्लास चरम पर है। इसी कड़ी में बड़ा दुर्गा मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक सह होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। होली के भक्ति गीतों के बीच कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय सिंह राणा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद झारखंड के प्रांत मंत्री मिथिलेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिथिलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम का मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार हो गया है, अब काशी और मथुरा में भव्य मंदिर निर्माण संगठन के प्रयास से जल्द शुरू होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हिंदू धर्म, परंपरा और सभ्यता को बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही निर्देश दिया कि भविष्य में परिषद के विशेष आयोजनों में भाइयों को धोती-कुर्ता और बहनों को साड़ी पहनकर शामिल होने की परंपरा अपनानी चाहिए, जिससे संगठन की विशिष्ट पहचान बने। बैठक में विभाग मंत्री केशवचंद्र साय, संगठन मंत्री कुलदीप सिंह, सह संयोजक मुकेश सिंह, जिला मंत्री मनीष बाबू, जिला संयोजक संतोष कुमार यादव, जिला सत्संग प्रमुख अशोक सिंह, गौ रक्षा प्रमुख छोटू प्रधान, अर्चक पुरोहित प्रमुख अरुण कुमार पांडा, सुरक्षा प्रमुख रविंद्र सिंह, संपर्क प्रमुख जयकुमार सिंह बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन रंग-अबीर और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ हुआ, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कांसा-पीतल कारीगरों को मिला सुरक्षा कवच



**पालकोट(गुमला)।** जिले के पालकोट प्रखंड के ग्राम कंसारी मोहल्ला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कांसा एवं पीतल के बर्तन निर्माण करने वाली महिला कारीगरों के बीच सेफ्टी किट का वितरण किया गया। यह पहल जिला प्रशासन गुमला एवं मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड गुमला के सहयोग से की गई। दक्षिणी पालकोट पंचायत की मुखिया जसिंता मिंज ने महिला कारीगरों को सेफ्टी किट सौंपी। इस दौरान प्रखंड उद्यमी समन्वयक सूरज महतो ने बताया कि सेफ्टी किट से कारीगरों को सुरक्षित तरीके से कार्य करने में मदद मिलेगी और उनके उत्पाद निर्माण की प्रक्रिया अधिक सुगम होगी। इस कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया जसिंता मिंज, प्रखंड उद्यमी समन्वयक सूरज महतो समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### चैनपुर प्रखंड में महिला दिवस का आयोजन महिलाओं की भागीदारी पर जोर



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड स्थानीय पंचायतों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड क्षेत्र की मुखियाओं ने महिलाओं की भागीदारी और उनके योगदान को उजागर किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका को बढ़ावा देना था। मुखिया शोभा देवी, मधुरा मिंज, प्रियंका असुर, अमिता केरकेट्टा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, महिलाओं की भागेदारी सिर्फ एक आवश्यकता नहीं, बल्कि समाज की प्रगति के लिए अनिवार्य है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो समाज भी आगे बढ़ता है। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं, चाहे वह शिक्षा हो, व्यवसाय या राजनीति।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें महिला उद्यमियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। पंचायत स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मुद्दों पर चर्चा की गई। महिलाओं ने अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संकल्प लिया।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने एकजुटता और सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए तैयार हैं। इस दिन को विशेष बनाने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुखियाओं ने यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि पंचायत स्तर पर महिलाओं के विकास के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा, हम सभी को मिलकर काम करना होगा ताकि हम महिलाओं को सशक्त बना सकें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर सकें। इस प्रकार, चैनपुर प्रखंड में महिला दिवस का आयोजन न केवल एक उत्सव था, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति एक महत्वपूर्ण संदेश भी था। सभी ने मिलकर इस दिन को यादगार बनाने का प्रयास किया और आगे भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया।

### शैल मिश्रा ने भाजपा विधायक दल के नेता बने बाबूलाल को दी बधाई



**गुमला।** भाजपा विधायक दल का नया नेतृत्व मिलने पर पार्टी में उत्साह का माहौल है। भाजपा नेत्री शैल मिश्रा ने बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी अब और मजबूत और धारदार विपक्ष की भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मरांडी के कुशल नेतृत्व में भाजपा, सदन के भीतर और बाहर, राज्य की ठगबंधन सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी। झारखंड सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर भी शैल मिश्रा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्री खुद अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, जबकि यह बजट दिशाहीन और दिखावटी है। इसमें बेरोजगार युवाओं और किसानों के लिए कुछ भी ठोस प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ घोषणाओं तक सीमित है और जनता की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज कर रही है।

### शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में द लीजेंड कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज

# गुमला क्रिकेट में लिख रहा नई इबारत : सांसद




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** खेल नगरी गुमला अब क्रिकेट के मैदान में भी अपनी पहचान बना रहा है। जिले के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय अंतर जिला द लीजेंड कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का भव्य शुभारंभ लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने रंगारंग कार्यक्रम के बीच किया। सांसद ने कहा कि जिस जुनून के साथ गुमला के युवा क्रिकेट में आगे बढ़ रहे हैं, वह दिन दूर नहीं जब यहां के खिलाड़ी टी-20 से लेकर भारतीय क्रिकेट टीम में अपना परचम लहराएंगे। सांसद ने मॉर्निंग क्रिकेट क्लब की सराहना करते हुए कहा कि क्लब के प्रयासों से गुमला में पहली बार रात्रि कालीन क्रिकेट मैच का आयोजन एक ऐतिहासिक कदम है। तेलंगा खड़िया स्टेडियम को जिस तरह सजाया गया है, वह खेल के प्रति यहां की दीवानगी को दशार्ता है। उन्होंने युवाओं से नशा छोड़ने और खेल में अनुशासन बनाए रखने की अपील भी की।

**खेल के प्रति गुमला में जुनून : राधामोहन साहू**

विशिष्ट अतिथि और सभेकर होटल के मालिक राधामोहन साहू ने कहा कि गुमला के युवाओं ने क्रिकेट को लेकर एक नया अध्याय लिखा है। उम्मीद है, आने वाले वर्षों में गुमला क्रिकेट में झारखंड ही नहीं, देशभर में अपनी पहचान बनाएगा।

**सीजन-3 और भव्य हो : दीपनारायण उरांव**

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दीपनारायण उरांव ने कहा कि युवाओं ने जिस तरह द लीजेंड कप का आयोजन किया है, वह प्रेरणादायक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सीजन-3 का आयोजन और भव्य होगा, जिसमें दूसरे राज्यों की टीमें भी भाग लेंगी।

**खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, कई मुकाबले हुए रोमांचक :** बसिया के लसिया टीम ने जगुवार सीसी को हराया। ब्रदर एफसी गुमला ने एमसीसी गुमला को शिकस्त दी। लसिया रोशन सीसी ने सदर इलेवन गुमला को हराया। तरुण सीसी ने गुमला टाइंटस को हराकर पूरे अंक बटोरे। टीसीसी गुमला जिला ने खूंटी क्रिकेट क्लब पर जीत दर्ज की।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि आलोक साहू, राजनील तिग्गा, चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, सुमित चीनू साबू, आरएसएस के शमी, संतोष झा, मनोज मिश्रा सहित कई गणमान्य और खेलप्रेमी शामिल हुए।

### झारखंड ऑफिसर-टीचर-एंप्लॉय फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी बैठक

# एमएसीपी समेत तीन प्रमुख मांगों पर महा हस्ताक्षर अभियान तेज करने का फैसला



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** रविवार को झारखंड ऑफिसर-टीचर-एंप्लॉय फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी की अहम बैठक स्थानीय ज्योति संघ परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयंत कुमार पांडेय ने की। बैठक में सरकारी कर्मचारियों की तीन प्रमुख मांगों- एमएसीपी का लाभ, सेवानिवृत्ति आयु सीमा 60 से बढ़ाकर 62 वर्ष करने तथा केंद्रीय कर्मचारियों की तर्ज पर शिशु शिक्षण भत्ता देने-को लेकर चर्चा की गई। इन मांगों के समर्थन में महा हस्ताक्षर अभियान को गति देने का निर्णय लिया गया।

बैठक के दौरान सभी प्रखंड अध्यक्षों, सचिवों व कोषाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक इस आंदोलन को संगठित रूप दें। जिला सचिव हरेंद्र कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार ने पूर्व में कई सकारात्मक कदम उठाए हैं और अब समय आ गया है कि मुख्यमंत्री अपने घोषणा पत्र के वादों को पूरा करें। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार जल्द कर्मचारियों की इन न्यायोचित मांगों पर निर्णय लेगी। प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुमित कुमार नंद ने जानकारी दी कि आंदोलन को पांच चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

पहले चरण में 7 फरवरी से 20 मार्च तक राज्य भर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा। तीसरे चरण में प्रखंड व जिला स्तर पर रैलियां और कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसके माध्यम से राज्यस्तरीय दबाव बनाया जाएगा।

प्रांतीय सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती शिल्पी कुजूर ने महिला कर्मचारियों के बीच संगठनात्मक मजबूती पर बल दिया। बैठक में महिला जिला अध्यक्ष निशा रानी टोप्पो, जिला प्रवक्ता मुकेश मनी पाठक, शुभम कुमार राय, मंजू देवी समेत 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन के आगामी आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया।

### जारी थाना क्षेत्र में पशु तस्करी का मामला

# एक गाय की मौत, छह गाएं बचाई गईं



**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के कितम दलंग में एक पशु तस्करी का मामला सामने आया है, जहाँ पुलिस ने एक पिकअप वाहन को पकड़ने में सफलता हासिल की। घटना में एक गाय की मौत हो गई, जबकि अन्य छह गायें जीवित पाई गईं।घटना की सूचना मिलते ही जारी थाना के जवान घटना स्थल पर पहुंचे और तस्करी में इस्तेमाल हो रही पिकअप तथा गायों को जप्त कर लिया। जानकारी के अनुसार, तस्करी की यह घटना तब हुई जब पिकअप की बाय चक्का अचानक खुल जाने के कारण वह सड़क पर रुक गई। इस मौके का फायदा उठाते हुए तस्कर और पिकअप चालक मौके से फरार हो गए।थाना प्रभारी ने बताया कि गायों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस अब तस्करों की पहचान और उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रही है। जारी थाना की यह कार्रवाई पशु तस्करी पर अंकुश लगाने में सहायक सिद्ध होगी और आगे भी इस प्रकार की गतिविधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस घटना ने स्थानीय समुदाय में चिंता का वातावरण पैदा कर दिया है और लोगों ने ऐसे तस्करों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि वे इस तरह की गतिविधियों पर नजर रखेंगी और उचित कार्रवाई करेंगी। स्थानीय निवासियों को भी जागरूक रहने और इस प्रकार की गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की सलाह दी गई है। पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई यह दशार्ती है कि वह पशु तस्करी के खिलाफ गंभीर है और इस समस्या को खत्म करने के लिए तत्पर हैं। इस घटना से यह भी स्पष्ट होता है कि पशु तस्करी एक गंभीर मुद्दा है, जो केवल कानूनी ही नहीं, बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी चिंता का विषय है। पुलिस और स्थानीय समुदाय के प्रयासों से ही इस समस्या का समाधान संभव है।

### गोवंशीय पशु हत्या के मामले में कुरमगढ़ थाना से एक गिरफ्तारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** कुरमगढ़ थाना क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण गिरफ्तारी की गई है, जहां पुलिस ने बहुरा मुंडा (उम्र 32 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ कुरमगढ़ थाना कांड संख्या 3/25, दिनांक 07.03.2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन पर झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 की धारा 317(5)/3(5) और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(डी)/11(1)(ई) के तहत आरोप लगाए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बहुरा मुंडा का पिता शनिचरवा मुंडा है, और उनका स्थायी पता कुटवां, थाना कुरुमगढ़, जिला गुमला है। विशेष जानकारी के अनुसार, बहुरा मुंडा पूर्व में नक्सल मामले में भी जेल जा चुका है और हाल ही में माननीय न्यायालय द्वारा जमानत पर रिहा हुआ था।कुरुमगढ़ थाना प्रभारी वी के चेतन ने बताया कि बहुरा मुंडा की गिरफ्तारी क्षेत्र में पशु क्रूरता के खिलाफ उठाए गए कदमों का हिस्सा है, और इस तरह के मामलों में कड़ी कार्रवाई करने का संकल्प लिया गया है। पुलिस ने न्यायालय में उन्हें अग्रसारित कर दिया है, जहां उनकी न्यायिक हिरासत का निर्णय लिया जाएगा।स्थानीय लोगों ने इस गिरफ्तारी का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इस मामले के बाद क्षेत्र में पशु संरक्षण को लेकर और भी जागरूकता फैलेगी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# लिम्फोडिमा मामलों की स्क्रीनिंग व एमएमडीपी किट का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में आज एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. धर्मनाथ ठाकुर, शर्मिला शर्मा और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया गया, जिसमें लिम्फोडिमा के मामलों की स्क्रीनिंग की गई और एमएमडीपी (मल्टीडिसिप्लिनरी माइक्रोफिलारीसिस डिटेक्शन एंड प्रिवेंशन) किट का वितरण किया गया।डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ₹लिम्फोडिमा एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, जो अधिकांशतः फाइलेरिया संक्रमण के कारण होती है। इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना और समय पर उपचार बहुत महत्वपूर्ण है। आज का यह कार्यक्रम इसी दिशा में एक कदम है।₹उन्होंने आगे कहा, ₹हमारे स्वास्थ्य कर्मी इस दिशा में निरंतर काम कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके। एमएमडीपी किट वितरण से हम लोगों को सही जानकारी और उपचार के साधन प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया और अपने स्वास्थ्य से संबंधित सवाल किए। डॉ. ठाकुर, शर्मिला शर्मा और उनके सहयोगियों ने सभी सवालों का समाधान किया और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए प्रेरित किया।

सीएचसी चैनपुर के इस पहल ने स्थानीय समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया है। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।इस कार्यक्रम की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया और आशा जताई कि आने वाले समय में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उसी पुराने ढंग से न जीते रहें। अपने जीवन को सुधारने के लिए कुछ करने का दृढ़ निश्चय कर लें और फिर उसे पूरा करें। अपनी चेतना को परिवर्तित करें, केवल उतना ही करने की आवश्यकता है। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# अपना हित सर्वोपरि वाला अमेरिका और भारत


संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति भवन व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप एवं यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच हुआ टकराव अभूतपूर्व और चौंकाने वाला था। नतीजा यह हुआ है कि अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली वित्तीय एवं सैन्य सहायता पर रोक लगा दी है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के मुताबिक, इसकी समीक्षा की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इससे समस्या के समाधान में मदद मिल रही है या नहीं। यूक्रेन के विकल्पों को खत्म कर देने के बाद, ट्रंप प्रशासन अब कहता है कि कीव को वही करना चाहिए, जो अमेरिका कहता है। और अगर ऐसा नहीं होता है, तो यूरोपीय देशों को यूक्रेन की रक्षा के लिए भुगतान करना होगा। इसी वजह से लंदन में यूरोपीय देशों के शासनाध्यक्षों की बैठक हुई, जिसमें उन्होंने अपने रक्षा खर्च को काफी हद तक बढ़ाने की कसम खाई है। जाहिर है, रूस से उनका डर दिवालिया होने से भी ज्यादा बड़ा है। यूक्रेन भी चाहता है कि यह युद्ध खत्म हो, लेकिन अपने लिए वह सुरक्षा की गारंटी भी चाहता है, जो डोनाल्ड ट्रंप देना नहीं चाहते। लेकिन यूक्रेन यह भी जानता है कि अगर रूस इस समय संघर्ष विराम के लिए राजी हो भी जाता है, तो यूक्रेन की सुरक्षा और स्वतंत्रता की गारंटी के बिना भविष्य में वह पूरे यूक्रेन पर कब्जा करने के लिए फिर से युद्ध छेड़ सकता है। हममें से बहुत से लोग जानते हैं कि हथियारों का उत्पादन और उसकी बिक्री से लाभ कमाना अमेरिका का पुराना धंधा है। सबको मालूम है कि इराक में खाड़ी देशों को युद्ध में शामिल करके अमेरिका ने कैसे अपने हथियारों की बिक्री से लाभ कमाया, जबकि छोटी अर्थव्यवस्थाएं अब भी अपने कर्ज चुका रही हैं। अमेरिका जानता है कि अपने सहयोगियों को भी युद्ध में कैसे घसीटा जाए और उनसे इसकी कीमत कैसे वसूली जाए! अमेरिका के एक प्रख्यात राजनीतिक वैज्ञानिक, प्रोफेसर जॉन जे मीशिमर कहते हैं कि अमेरिका ने रूस को यूक्रेन में संघर्ष में धकेला। क्यों? क्योंकि रूस के डर से और भी देश नाटो में शामिल हो जाते। आइए, देखते हैं कि अमेरिका इस युद्ध को क्यों लंबा खींचना चाहता है। अमेरिका एक सैन्य औद्योगिक उद्योग है और अपने हथियार उद्योग को फलने-फूलने देने के लिए युद्ध चाहता है। विश्व युद्धों के बाद से दुनिया भर में अमेरिका का अधिकांश प्रभाव लोकतंत्रों के लिए लड़े गए युद्धों और सैन्य सहायता व हथियारों की बिक्री का वादा करके धन कमाने के कारण है। सीनेटर रॉबर्ट एफ केनेडी (केनेडी वंश के) ने कहा है कि रूस ने बार-बार अपने मतभेदों को उन शर्तों पर निपटाने की कोशिश की, जो अमेरिका के लिए बहुत ही फायदेमंद थीं... यहां तक कि उसने अमेरिका को एक बड़ी चीज भी दी, जो अमेरिका चाहता था, यानी नाटो में हर समय नए देशों को जोड़ने के लिए बड़े सैन्य ठेकेदारों को बनाए रखना। नॉर्थ्रप ग्रुम्मन, जनरल डायनेमिक्स और लॉकहीड मार्टिन जैसी कुछ कंपनियां नाटो से बिना प्रयास के लाभ उठाने वालों को अधिक हथियार बेचना चाहती हैं। यह 113 अरब डॉलर की हथियार खरीद थी।

*यूक्रेन के विकल्पों को खत्म कर देने के बाद, ट्रंप प्रशासन अब कहता है कि कीव को वही करना चाहिए, जो अमेरिका कहता है।*

## सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर विशेष

# आज फुले के विचारों की प्रासंगिकता

सावित्रीबाई फुले, भारत की पहली महिला शिक्षिका और समाज सुधारक, का नाम भारतीय इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है। उन्होंने 19वीं सदी में जो क्रांतिकारी कदम उठाए, वे आज भी प्रासंगिक हैं। 21वीं सदी में, जब हम तकनीकी उन्नति और वैश्वीकरण के दौर में हैं, सावित्रीबाई के विचारों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। उनके विचार शिक्षा, समानता, सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आज भी मार्गदर्शक हैं। सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में हुआ था। उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा। मात्र 9 वर्ष की आयु में उनका विवाह 13 वर्षीय ज्योतिबा फुले से हुआ। उस समय बालिका शिक्षा पर प्रतिबंध था, लेकिन सावित्रीबाई की शिक्षा के प्रति रुचि को देखकर उनके पति ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और घर पर ही शिक्षा दी। इसके बाद उन्होंने पुणे के एक संस्थान से औपचारिक शिक्षक प्रशिक्षण लिया। सावित्रीबाई फुले अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर समाज में फैली कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और महिलाओं की शिक्षा के अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी। सावित्रीबाई का जीवन बेहद ही मुश्किलों भरा रहा। दलित महिलाओं के उत्थान के लिए काम करने, छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाने के कारण उन्हें एक बड़े वर्ग द्वारा विरोध भी झेलना पड़ा। आज से 177 साल पहले जब लड़कियों की शिक्षा एक अभिशाप मानी जाती थी, उस दौरान उन्होंने महाराष्ट्र की सांस्कृतिक राजधानी पुणे में 1 जनवरी 1848 को सावित्रीबाई और ज्योतिबा फुले ने लड़कियों के लिए भारत का पहला बालिका विद्यालय स्थापित किया, जो भारत में महिला शिक्षा की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। यह उस समय सामाजिक रूढ़ियों के विरुद्ध एक क्रांतिकारी कदम था। इस पहल का रूढ़िवादी समाज ने घोर विरोध किया। उन्हें अपमान सहना पड़ा, रास्ते में उन पर पत्थर फेंके गए और गालियां दी गईं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। महिलाओं और दलित समुदाय को शिक्षित करने के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए उन्होंने कठोर संघर्ष किया। धीरे-धीरे पुणे और उसके आसपास के गांवों में सिर्फ एक वर्ष में सावित्रीबाई और महात्मा फुले 5 नए विद्यालय खोलने में सफल हुए। पुणे में पहले स्कूल खोलने के बाद फूले दंपति ने 1851 में पुणे के रास्ता पेठ में लड़कियों का दूसरा स्कूल खोला और 15 मार्च 1852 में बताल पेठ में लड़कियों का तीसरा स्कूल खोला। फूले दंपति ने 18 स्कूलों की स्थापना की। उनकी बनाई हुई संस्था 'सत्यशोधन समाज' ने 1876 और 1879 के अकाल में अन्न सत्र चलाया और अन्न इकटठा करके आश्रम में रहने वाले 2000 बच्चों को खाना खिलाने की व्यवस्था की। उन्होंने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में काम किया, बल्कि समाज में छुआ-छूत, सतीप्रथा, बाल विवाह के खिलाफ और दलितों के अधिकारों के लिए भी संघर्ष किया।



सावित्रीबाई का मानना था कि शिक्षा ही वह हथियार है जिसके द्वारा समाज में फैली असमानता और अज्ञानता को दूर किया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं और दलितों को शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जातिगत भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाई और समाज में समानता की वकालत की। सावित्रीबाई ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया और उन्हें शिक्षा, स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने धार्मिक कट्टरता और अंधविश्वास के खिलाफ लड़ाई लड़ी और तर्कसंगत शिक्षा पर जोर दिया। आज भी भारत में शिक्षा का असमान वितरण एक बड़ी समस्या है। भारत में आज भी बड़े संख्या में बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं, जिनमें अधिकांश लड़कियाँ हैं। कोविड-19 महामारी ने डिजिटल विभाजन को और अधिक गहरा कर दिया, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच शिक्षा की असमानता बढ़ गई। महामारी के दौरान ऑनलाइन शिक्षा पर निर्भरता बढ़ी, लेकिन इंटरनेट, स्मार्टफोन और डिजिटल उपकरणों तक पहुंच में असमानता के कारण ग्रामीण और वंचित समुदायों के छात्रों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। शहरों में अधिकांश छात्रों के पास स्मार्टफोन, लैपटॉप और हाई-स्पीड इंटरनेट उपलब्ध था, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह सुविधा सीमित थी। 2020 में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, केवल 4% ग्रामीण घरों में ही कंप्यूटर और 15% घरों में इंटरनेट की सुविधा थी, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या क्रमशः 23% और 42% थी। शहरी छात्रों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं, रिकॉर्डेड लेक्चर्स और डिजिटल सामग्री तक पहुंच आसान थी, जबकि ग्रामीण छात्रों को टीवी, रेडियो और प्रिंटेड स्टडी मटेरियल पर निर्भर रहना पड़ा। गरीब परिवारों के बच्चे, विशेष रूप से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले, डिजिटल संसाधनों से वंचित रहे। डिजिटल संसाधनों की अनुपलब्धता के कारण लाखों छात्र पढ़ाई से दूर हो गए। एक सर्वे के अनुसार, कई छात्रों ने महामारी के दौरान पढ़ाई छोड़ दी, खासकर लड़कियों में यह समस्या अधिक थी। अधिकांश शिक्षकों के पास ऑनलाइन शिक्षण के लिए आवश्यक डिजिटल कौशल की कमी थी, जिससे प्रभावी ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करना मुश्किल हो गया। वंचित छात्रों को पढ़ाई में पिछड़ने के कारण आत्मविश्वास की कमी हुई और उनमें शैक्षणिक रुचि कम हो गई। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने से शहरी बच्चों में मानसिक तनाव भी बढ़ा। "प्रधानमंत्री ई-विद्या योजना," "दीक्षा पोर्टल," "स्वयं प्लेटफॉर्म" जैसी पहलों से डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की कोशिश की गई ताकि हर छात्र को समान अवसर मिल सके। झारखंड सरकार ने 'सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना' की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य राज्य की बालिकाओं को शिक्षा और सशक्तिकरण के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना है। योजना के प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, ताकि वे अपने जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले सकें, उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना और विद्यालय छोड़ने की प्रवृत्ति को कम करना, समाज में बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करना, किशोरियों के स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देना शामिल है ।

सावित्रीबाई फुले के विचारों की आज भी गहरी प्रासंगिकता है, और 21वीं सदी में उन्हें डिजिटल शिक्षा, सामाजिक न्याय और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के संदर्भ में लागू किया जा सकता है। सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने पर जोर दिया था। आज के दौर में डिजिटल शिक्षा इस लक्ष्य को प्राप्त करने का एक प्रभावी माध्यम बन सकती है। सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट, डिजिटल उपकरण और ऑनलाइन लर्निंग संसाधन उपलब्ध कराने पर ध्यान देना चाहिए। सावित्रीबाई की तरह, आज भी हमें लड़कियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और उन्हें डिजिटल लर्निंग टूल्स से जोड़ने की जरूरत है। आज भी दलित और आदिवासी समुदायों को भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है। दलित और आदिवासी छात्रों को शिक्षा में भेदभाव से बचाने के लिए सख्त कानूनों को प्रभावी ढंग से लागू करना, रोजगार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना, समाज में समावेशिता और समानता को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाना होगा। महिलाओं के खिलाफ हिंसा, भेदभाव और असमानता आज भी बड़ी समस्याएँ हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**मिथलेश दास**
शोधार्थी, हिंदी विभाग, राधा गोविंद विवि, रामगढ़, झारखंड

## हिंदी : जनमानस की भाषा

हिंदी को लेकर एक बार फिर उत्तर से लेकर दक्षिण तक बहस जारी है। सबके अपने-अपने दावे हैं। राजनीतिक घाटे-मुनाफे हैं। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने तो यहां तक कह दिया कि सरकारी दफ़्तरों से हिन्दी हटाएं, तमिल लागू करें। हिंदी सभी भाषाओं को समाप्त कर देगी। संविधान के अनुच्छेद 343 में कहा गया है कि राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। संविधान के अनुच्छेद 343 (1) में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा मे लंबी चर्चा के बाद हिंदी को भारत संघ की राजभाषा का दर्जा दिया गया था। भारत की राष्ट्रभाषा अपनी ही होनी चाहिए। जैसा कि पूरी दुनिया के अधिकांश देशों में स्वयं की भाषाएं हैं। संविधान के अनुच्छेद 351 में कहा गया है कि हिंदी का इस प्रकार विकास किया जाए कि हिंदी भारत की सामासिक संस्कृति की अभिव्यक्ति का माध्यम बन सके। उसके सरल और सुबोध को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। भारतीय संविधान में भारत की किसी भी भाषा को राष्ट्रभाषा की स्वीकृति नहीं है। हालांकि हिंदी एवं अंग्रेजी को आधिकारिक भाषा माना जाता है। संविधान में 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थान दिया गया है। विकल्प है कि केंद्र और राज्यों की सरकारें स्वयं चाहे तो 22 भाषाओं में किसी भी भाषा को आधिकारिक भाषा के रूप में चुनाव कर सकेंगे। यह भाषाएं हिंदी, असमिया, उड़िया, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगू, बोडो, डोगरी, बंगाली उर्दू और गुजराती हैं। केंद्र सरकार ने कामकाज के लिए हिंदी और रोमन को आधिकारिक भाषा माना है। अलग-अलग राज्यों में स्थानीय भाषाएं लागू की गई है। हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव संविधान सभा मे दक्षिण भारत के गोपाल स्वामी अय्यंगर ने रखा था। गांधीजी ने 1918 में हिंदी को राजभाषा बनाने की बात की थी। उन्होंने कहा था हिंदी जनमानस भाषा है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने संसद में कहा था, संसद और देश की भावना यही है कि हिंदी को संघ की सरकारी भाषा स्वीकार किया जाए। मैं समझता हूं कि इस पृष्ठभूमि मे जिस बात का उपबंध संविधान में है वह सामान्यतः स्वीकार्य है कि हिंदी सीखना चाहिए। देश में महत्वपूर्ण स्थान मिलना चाहिए, परंतु इसे वह महत्वपूर्ण स्थान तभी मिल सकता है यदि हम इस उद्देश्य को सद्भावना से प्राप्त करें। संविधान सभा में कमलापति त्रिपाठी ने कहा था भाषा संस्कृति का आधार होती है और संस्कृति राष्ट्रों के इतिहास और जीवन हैं। उनके उत्थान विकास का आधार होती है। संविधान लागू हुआ तब यह व्यवस्था दी गई कि 1965 तक यानी 15 वर्षों तक अंग्रेजी का इस्तेमाल किया जा सकता है। जब तक सीमा पूरी होती उससे पहले 1957 में ही अंग्रेजी हटाओ मुहिम को सक्रिय आंदोलन में डॉ. लोहिया ने बदल दिया। लोहिया का मानना था कि हिंदी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**अरुण कुमार दीक्षित**

# हजारीबाग में एक के बाद एक घटित हो रही हत्याएं आखिर कब रुकेंगी?

एक समय हजारीबाग, झारखंड प्रांत के सर्वाधिक शांतिप्रिय जिला के रूप में जाना जाता था। लेकिन बीते दो दशकों से जिस तरह हजारीबाग जिले में एक के बाद एक घटित हो रही हत्या की घटनाएं इसके शांतिप्रिय होने की पहचान ही मिटाती चली जा रही है ... एक हत्या की गुत्थी सुलझ भी नहीं पाती कि दूसरी एक नई हत्या की घटना अस्तित्व में आ जाती है ।इसके साथ ही नित प्रतिदिन हजारीबाग जिले में छिनतई की घटनाएं बढ़ रही हैं ।दुकानों और घरों में सेंधमारी की घटनाओं में लगातार वद्धि हो रही है ।दकानों में चोरी की घटनाओं से हजारीबाग के छोटे से बड़े व्यवसायी तक पूरी तरह त्रस्त हैं । न जाने कब किस दुकान में चोरी की घटना हो जाए और दुकानदार रोड पर आ जाए । आज कई दुकानदार हजारीबाग में टेंपो और टोटो चलाने के लिए इसलिए विवश हैं कि कुछ दिन पूर्व ही उन सबों की दुकानों में भयंकर चोरी हुई थी। अभी चार दिन पहले ही एक युवक को चाकू से घायल कर देने वाली घटना अस्तित्व में आई। वह युवक गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद समय पर समुचित इलाज से बच तो जरूर गया, लेकिन अभी भी दहशत का माहौल बना हुआ है। संबंधित थाने में चाकूबाजी की घटना पर एफआईआर जरूर हो गया है, लेकिन अब तक अपराधी पकड़े नहीं गए हैं। हजारीबाग पुलिस प्रशासन जिले भर की विधि व्यवस्था को लेकर दावे तो बहुत बड़ी-बड़ी करते हैं ,लेकिन हजारीबाग में बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। पुलिस प्रशासन की इस विफलता के कारण हजारीबाग वासियों में जबरदस्त आक्रोश देखा जा रहा है। हजारीबाग में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के शीघ्र रोकथाम के लिए जिले भर के विभिन्न व्यावसायिक संगठनों द्वारा हजारीबाग पुलिस प्रशासन का ध्यान बार-बार आकृष्ट किया जाता रहा है, लेकिन आपराधिक घटनाएं रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। इस कारण जिले भर के लोग खौफ में देखे जा रहे हैं। आज 8 मार्च को सुबह में ही अपराधियों ने सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी कुमार गौरव की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके पूर्व भी एनटीपीसी के एक अधिकारी की निर्मम हत्या कर दी गई थी। अभी तक पुलिस उस हत्या की भी गुत्थी सुलझाने में सफल नहीं हो पाई है। फिर एक नई हत्या की घटना दस्तक देती है। यह हत्या की घटना हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतह में हुई। जब कुमार गौरव अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से हजारीबाग की ओर आ रहे थे। दो मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस हत्या से मिलती-जुलती एक घटना कुछ माह पूर्व ही हजारीबाग में घटित हुई थी । ध्यातव्य है कि हजारीबाग चैत्र रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंजीत यादव की कुछ अज्ञात मोटरसाइकिल पर सवाल हत्यारों ने निर्मम हत्या कर दी थी। हजारीबाग पुलिस प्रशासन यह दावा कर रही है कि मंजीत यादव के हत्यारों को पुलिस ने पकड़ लिया है। यह भी सूचना आई है कि मंजीत यादव की हत्या में शामिल एक हत्यारे को झारखंड उच्च न्यायालय से बेल मिल गया ।उक्त व्यक्ति ने जेल से निकलने के बाद हजारीबाग में एक बड़ा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह दावा किया कि पुलिस ने उसे अकारण मंजीत यादव की हत्या के मुकदमा में फंसाया है। उसने यह भी दावा किया कि वह इस हत्या में शामिल है ही नहीं। अब सवाल यह उठता है कि मंजीत यादव की हत्या में आखिर कौन-कौन लोग शामिल थे ? पुलिस अब तक उन हत्यारों तक क्यों नहीं पहुंच पाई है ? यह बड़ा सवाल है। मंजीत यादव की हत्या और कुमार गौरव की हत्या दोनों एक जैसे अपराध लगते हैं। कुमार गौरव की हत्या जिस प्रकार सुबह-सुबह में अपराधियों ने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अंजाम दिया था , इससे प्रतीत होता है कि पूरी योजना के साथ इस घटना को अंजाम दिया गया। कुमार गौरव की हत्या किस बात को लेकर की गई है? इस हत्या में कौन-कौन लोग शामिल हैं ? यह अनुसंधान का विषय है। अब पुलिस प्रशासन का दायित्व बनता है कि शीघ्र अति शीघ्र कुमार गौरव के हत्यारे को पकड़ने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करें। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**विजय केसरी**
कथाकार/ स्तंभकार



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जाने कैसी नाव है, जाने कैसी पाल।
जरा किनारे से हिली, उठने लगे सवाल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# स्मार्टफोन से शुरू, जिंदगी पर खत्म, सट्टेबाजी की लत


डिजिटल युग का काला साया: राष्ट्रीय आपदा बनता ऑनलाइन जुआ

आज का युग तकनीक का युग है, जहाँ हर हाथ में स्मार्टफोन की चमक और हर नज़र के सामने डिजिटल दुनिया का सम्मोहन फैला है। यह चकाचौंध भरी दुनिया जितनी सुख-सुविधाओं का खज़ाना लेकर आई है, उतने ही गहन और खतरनाक अंधेरे भी साथ लाई है। इन अंधेरों में सबसे भयावह है ऑनलाइन सट्टेबाजी का वह जाल, जो भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था पर काले बादलों की तरह छाया हुआ है। तकनीक के अनियंत्रित विस्तार और डिजिटल प्लेटफॉर्मों की सहज उपलब्धता ने इस अवैध धंधे को चंद रातों में एक सुनियोजित और विशाल उद्योग में तब्दील कर दिया है। यह महज़ एक गैरकानूनी कारोबार नहीं, बल्कि एक ऐसी लाइलाज बीमारी है, जो हमारे सामाजिक ताने-बाने को चुपचाप खोखला कर रही है और आर्थिक स्थिरता को नेस्तनाबूद करने की कगार पर खड़ी है। स्थिति की भयावहता का अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि अक्टूबर से दिसंबर 2024 के महज़ तीन महीनों में परिमैच, स्टैक, 1एक्सबेट और बैटरी फर्स्ट जैसे ऑनलाइन सट्टेबाजी मंचों पर 1.60 अरब से ज़्यादा विजिट्स दर्ज की गईं। यह आँकड़ा उस विनाशकारी हकीकत का महज़ एक झरोखा है, जो इस उद्योग के राक्षसी आकार और प्रभाव को उजागर करता है। एक नीति समूह के हालिया आँकड़ों ने इस संकट की गहराई को और स्पष्ट किया है—अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी क्षेत्र में हर साल 100 अरब डॉलर (8.3 लाख करोड़ रुपये) से अधिक का लेन-देन हो रहा है, और यह हर साल 30% की चौंकाने वाली दर से बढ़ रहा है। यदि इस दानव को अभी नहीं कुचला गया, तो यह एक ऐसा नासूर बन जाएगा, जो हमारी सभ्यता की जड़ों को उखाड़ फेंकेगा और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को अंधेरे में धकेल देगा। इस काले कारोबार की जड़ें गहरी और बहुआयामी हैं। सबसे पहला और प्रमुख स्रोत है खेल सट्टेबाजी, जो क्रिकेट, फुटबॉल और टेनिस जैसे लोकप्रिय खेलों पर आधारित है। भारत में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक भावना है, और इसी भावना का शोषण यह उद्योग कर रहा है। खासकर आईपीएल जैसे टूर्नामेंट्स के दौरान यह कारोबार चरम पर पहुँच जाता है। देशभर में फैले हजारों बुकियों का संगठित तंत्र लोगों को झूठे मुनाफे का लालच देकर इस जाल में फँसाता है। एक बार इस दलदल में कदम पड़ जाए, तो निकलना असंभव-सा हो जाता है। दूसरा स्रोत है ऑनलाइन कैसीनो गेमिंग, जिसमें पोकर, ब्लैकजैक और रूले जैसे जुए के खेल शामिल हैं। ये खेल न केवल मनोरंजन के नाम पर लोगों को लुभाते हैं, बल्कि काले धन के प्रवाह को भी बढ़ावा देते हैं। यह एक ऐसा चक्रव्यूह है, जहाँ प्रवेश आसान है, पर बाहर निकलने का रास्ता कहीं दिखाई नहीं देता।

तीसरा महत्वपूर्ण आयाम है सोशल मीडिया और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स का दुरुपयोग। व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे मंचों पर सक्रिय हजारों सट्टेबाजी ग्रुप्स लोगों को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करते हैं। ये समूह विदेशी सर्वरों से संचालित होते हैं, जिसके चलते भारतीय कानून की पकड़ इन तक आसानी से नहीं पहुँच पाती। यहाँ तक कि साधारण नागरिक भी अनजाने में इन ग्रुप्स का हिस्सा बन जाते हैं और धीरे-धीरे इस व्यसन के शिकार हो जाते हैं। चौथा और सबसे चिंताजनक पहलू है प्रचार का वह भोंडा खेल, जिसमें बडे-बडे इन्फ्लएंसर्स और सेलिब्रिटीज मोटी रकम के बदले इन अवैध प्लेटफार्मों का गुणगान करते हैं। इनकी लोकप्रियता और विश्वसनीयता का फायदा उठाकर युवा पीढ़ी को इस जाल की ओर धकेला जा रहा है। यह एक ऐसा षड्यंत्र है, जो समाज के भविष्य को ही दाँव पर लगा रहा है।

इस संकट से निपटने के लिए सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं, पर वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। हाल ही में 658 विदेशी सट्टेबाजी वेबसाइटों को ब्लॉक करने का फैसला लिया गया, जो एक सकारात्मक पहल है। साथ ही, बैंकों को संदिग्ध लेन-देन की निगरानी के लिए निर्देश दिए गए हैं। लेकिन यह समस्या इतनी जटिल और व्यापक है कि केवल सतही उपायों से इसका समाधान संभव नहीं। जरूरत है एक ऐसे कठोर कानूनी ढाँचे की, जो इस उद्योग के हर पहलू को परिभाषित करे और इसके खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित करे। तकनीकी मंचों पर सख्त नियंत्रण, वित्तीय लेन-देन की पारदर्शिता और जन-जागरूकता अभियान इस संकट से उबरने के लिए अनिवार्य हैं। यह केवल कानून का मसला नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी का प्रश्न है। ऑनलाइन सट्टेबाजी की लत एक ऐसी आग है, जो धीरे-धीरे व्यक्ति के जीवन को राख में बदल देती है। यह न केवल व्यक्तिगत स्तर पर परिवारों को बर्बाद कर रही है, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी खोखला कर रही है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में पूरे उल्लास के साथ निभाई गई हल्दी की रस्म

**एजेंसी। वाराणसी**

श्री काशी विश्वनाथ के गौना उत्सव (रंगभरी एकादशी) की पूर्व संध्या पर रविवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में हल्दी की पारंपरिक रस्म पूरे विधि-विधान और भव्यता के साथ हुई। इस अवसर पर धाम में भक्ति, उल्लास और आस्था का अद्वितीय संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और भक्तिमय माहौल ने काशी की गलियों को मंगलमय कर दिया। दरबार में उत्सव की शुरुआत प्रातःकाल मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मस्थल से बाबा विश्वनाथ के लिए भेजी गई हर्बल अबीर-गुलाल और अन्य उपहार सामग्री के आगमन से हुई। साथ ही, सोनभद्र से आए वनवासी समाज के भक्तों द्वारा भेंट किए गए राजकीय फूल पलाश से निर्मित हर्बल गुलाल को भी बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में अर्पित किया गया। इस पवित्र अनुष्ठान का नेतृत्व मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र और डिप्टी कलेक्टर शम्भु शरण ने किया। उन्होंने विधि-विधानपूर्वक श्री विश्वेश्वर का पूजन कर हर्बल गुलाल चढ़ाया, जिससे गर्भगृह का वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया।

पूजन के उपरांत बाबा विश्वनाथ की चल रजत प्रतिमा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई, जो मंदिर चौक से होकर गुजरी। इस आलौकिक दृश्य ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। हजारों भक्तों ने इस आध्यात्मिक यात्रा में भाग लेकर बाबा विश्वनाथ और माँ गौरा की प्रतिमा पर हल्दी अर्पित की। हल्दी की इस परंपरा को सौभाग्य, मंगलकामना और पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इस महोत्सव में मथुरा से आए भक्तगण, श्री कृष्ण जन्मस्थली से उपहार लेकर आए श्रद्धालु, इतिहासकार एवं लेखक विक्रम सम्पत और वनवासी समाज के भक्तों ने विशेष रूप से सहभागिता की। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के संगम ने काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को सशक्त रूप में प्रस्तुत किया। मंदिर न्यास के अनुसार, यह आयोजन न केवल काशी विश्वनाथ धाम के भक्तों के बीच एकता और आस्था को मजबूत करता है बल्कि काशी की ऐतिहासिकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सहेजने का प्रयास है। रंगभरी एकादशी महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को पुनर्जीवित करना और काशी की सनातन संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना है।

### काशी की सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव

गौना उत्सव के माध्यम से काशी की प्राचीन परंपराएं और संस्कृति पुनर्जीवित हो रही हैं। यह महोत्सव न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि काशी की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक प्रयास भी है। श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सव काशी की आस्था, संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। यह भव्य आयोजन श्रद्धालुओं को काशी की आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कराता है।



● श्री काशी विश्वनाथ का गौना उत्सव भव्यता और श्रद्धा का संगम दरबार में जुटे शिवभक्त

## पंचकोशी यात्रा कर नागा संत पहुंचे काशी विश्वनाथ दरबार, बाबा को अर्पित की हल्दी

**वाराणसी।** धर्मनगरी काशी में प्रयागराज महाकुंभ से लौटे श्रीपंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के नागा संतों ने पंचकोशी यात्रा पूरी कर रविवार को श्री काशी विश्वनाथ दरबार में उपस्थिति लगायी। इस दौरान काशी विश्वनाथ का दरबार "हर-हर महादेव" और "बम-बम भोले" के जयघोष से गूंज उठा। महानिर्वाणी अखाड़ा के नेतृत्व में संतों ने पांच दिवसीय यात्रा के उपरांत मणिकर्णिका घाट पर चक्र पुष्करणी तीर्थ कुंड में संकल्प का विसर्जन किया। इसके बाद विधि-विधान से बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नागा संतों ने रंगभरी एकादशी से पूर्व बाबा के गौना की खुशी में उनके रजत विग्रह पर हल्दी और पुष्प अर्पित किए। गौरतलब है कि लगभग 75 किलोमीटर लंबी इस पंचकोशी परिक्रमा का आरंभ मणिकर्णिका घाट पर संकल्प लेकर किया गया था। महाकुंभ में अमृत स्नान के बाद काशी लौटे नागा साधुओं ने रामेश्वर से पांचों पांडव होते हुए अंतिम पड़ाव कपिलधारा तक यात्रा की। इस दौरान परंपरा अनुसार दर्शन-पूजन के साथ रात्रि विश्राम में भजन-कीर्तन भी किया। अंततः मणिकर्णिका पहुंचकर यात्रा का संकल्प पूरा किया।



पंचकोशी यात्रा

**काशी (वाराणसी)।** काशी की यह प्राचीन और महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा है, जिसमें श्रद्धालु लगभग 80 किलोमीटर की यात्रा करते हैं। इस परिक्रमा का उद्देश्य काशी क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों और तीर्थस्थलों का दर्शन कर पुण्य अर्जित करना होता है। परिक्रमा मार्ग में कुल 108 शिवलिंग और अनेक देवी-देवताओं के मंदिर स्थित हैं, जो भक्तों की आस्था का केंद्र हैं। महाकुंभ 2025 के समापन के बाद नागा साधु और संत काशी में एकत्रित हुए हैं। परंपरा के अनुसार, महाकुंभ के स्नान के पश्चात नागा संत काशी आकर बाबा विश्वनाथ के दर्शन और गंगा स्नान करते हैं। इस अवसर पर पंचकोशी परिक्रमा कर वे काशी विश्वनाथ दरबार में होली का उत्सव मनाते हैं और फिर अपने साधना स्थलों, अखाड़ों की ओर प्रस्थान करते हैं।

### बाबा बागेश्वर का पलटवार

## हम बिहार के हैं, बिहार हमारा है और हम आते रहेंगे

**एजेंसी। गोपालगंज**

बिहार आने पर जेल भेजे जाने की राष्ट्रीय जनता दल (राजद) विधायक की धमकी के बाद बाबा बागेश्वर ने गोपालगंज में हनुमंत कथा के तीसरे दिन रविवार को जोरदार पलटवार किया। प्रसिद्ध कथावाचक और बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर) ने कहा, "हिंदुओं का परचम अब दिखने लगा है। लोग कहते हैं कि अगर हम बिहार आए तो जेल में डाल दिया जाएगा। तुम रोहिंग्या और घुसपैठियों को रोक नहीं पाए, हम तो भारत के हैं, हम बिहार के हैं, बिहार हमारा है और हम आते रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी पार्टी के प्रचारक नहीं हैं और न ही किसी राजनीतिक दल का समर्थन करते हैं। उनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ भगवान बजरंग बली की भक्ति है। उन्होंने कहा, "जब तक जिंदा रहेंगे, तब तक दरबार लगाएंगे और जिंदगी भर बिहार आएंगे। बिहार हमारा घर है, हमारी आत्मा है।"



उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय जनता दल के विधायक चंद्रशेखर ने कहा था कि धीरेंद्र शास्त्री को जेल में डाल देना चाहिए, क्योंकि वह संविधान विरोधी बात करते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हमारा संविधान हिंदू राष्ट्र बनाने की इजाजत देता है। उन्होंने कहा कि धीरेंद्र शास्त्री "राम रहीम और आसाराम" जैसी श्रेणी के बाबा हैं, और अगर इनकी अंदरूनी जांच की जाए तो सच सामने आ जाएगा। कथा के दौरान उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए बाबा बागेश्वर ने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनके समर्थकों द्वारा कोई गड़बड़ी हो, क्योंकि ऐसा होने पर विरोधी उनका विरोध करने का मौका पा सकते हैं। उन्होंने कहा, "अगर कुछ भी गड़बड़ हुआ, तो विरोधी यहां हंगामा मचाने का मौका पा सकते हैं। हम नहीं चाहते कि सनातन धर्म का नाम खराब हो।"

# सीएम नीतीश ने 51,389 शिक्षकों को सौंपा नियुक्ति पत्र

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना के गांधी मैदान में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बीपीएससी से तीसरे चरण की बहाली में चयनित 51,389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री ने शिक्षक नियुक्ति के तृतीय चरण में आज 51,389 शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया। पटना, नालंदा, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, जहानाबाद, अरवल, सारण, वैशाली के अभ्यर्थियों को गांधी मैदान में आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र दिया गया। उन्होंने कहा कि जब हम लोगों को यहां काम करने का मौका मिला तो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए गए। शिक्षकों की कमी को देखते हुए वर्ष 2006-07 से पंचायत एवं नगर निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। इसके बाद से लगातार शिक्षकों की बहाली की जा रही है। वर्ष 2023 के बाद से सरकारी शिक्षकों की बहाली के लिए बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा ली गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियोजित शिक्षकों को भी परीक्षा के माध्यम से सरकारी शिक्षक बनाने वाले फैसले के बारे में बताया। इस क्रम में उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया था। उन्होंने प्रदेश में लड़कियों को शिक्षित बनाने और शिक्षकों के विकास के लिए किए जा रहे कामों को भी गिनाया। बताया गया कि कुल चयनित प्रारंभिक शिक्षकों में 56 प्रतिशत महिलाएं हैं। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आप बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहें। इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि बीपीएससी से पहले चरण में 1.20 लाख, दूसरे चरण में 96,823 शिक्षकों की बहाली हुई थी।




### नियुक्ति पत्र देकर युवाओं का संवारा भविष्य : नीरज कुमार

**पटना।** बीपीएससी के तीसरे चरण के सफल शिक्षक अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस विशेष आयोजन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा तथा शिक्षा मंत्री सुनील कुमार भी मौजूद रहेंगे। जेडीयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियुक्ति पत्र देकर इन अभ्यर्थियों का भविष्य संवारा, जबकि किसी और ने नौकरी के बदले जमीन ली थी। फर्क साफ है, हम शिक्षा में सुधार कर रहे हैं, जबकि कुछ ने भर्ती को व्यापार बना दिया था। बिहार में अब नौकरी पाने के लिए प्रॉपर्टी के कागज की जरूरत नहीं है। तेजस्वी यादव को राजनीति में 'नियुक्ति पत्र' भी हमने ही दिया और बर्खास्त भी हमने ही किया। इस खास मौके पर कुल 66,800 शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। गांधी मैदान में होने वाले इस कार्यक्रम में बिहार के आठ जिलों पटना, नालंदा, वैशाली, सारण, भोजपुर, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर और अरवल के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलेगा। बिहार की 38 जिलों में शेष 30 जिलों के सफल शिक्षक अभ्यर्थियों को उनके जिले में जिले के प्रभारी मंत्री के द्वारा नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।सभी नवनियुक्त शिक्षकों को अप्रैल तक उनके संबंधित विद्यालयों में आवंटित कर दिया जाएगा।

## पुणे में ट्रैफिक सिग्नल पर पेशाब करने वाले आरोपी गौरव आहूजा को किया गया गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में एक ट्रैफिक सिग्नल पर बीएमडब्ल्यू से उतरकर पेशाब करने का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसने सोशल मीडिया पर तूफान मचा दिया था। वीडियो में आरोपी युवक के साथ उसका दोस्त भी मौजूद था, जो कार में शराब की बोतल लेकर बैठा था। युवक की इस हरकत के बाद से पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। इस घटना को लेकर पुणे पुलिस ने अब आरोपी गौरव आहूजा को पड़ोसी जिले सतारा से गिरफ्तार कर लिया है। पुणे पुलिस ने आरोपी गौरव आहूजा को कराड से गिरफ्तार किया और बाद में उसे मेडिकल जांच के लिए पुणे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में मुंबई पुलिस अधिनियम की धारा 110/112, मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184, 185, बीएनएस की धारा 270, 281, 285 और 79 के तहत आरोप दर्ज किए हैं। गौरव आहूजा के खिलाफ यह कार्रवाई उसके द्वारा की गई अश्लील हरकत के कारण की गई है। गौरव आहूजा ने गिरफ्तारी से पहले अपने कृत्य के लिए माफी मांगते हुए एक वीडियो जारी किया था। वीडियो में वह हाथ जोड़कर खड़ा दिखाई दे रहा है और उसने कहा, "मैं गौरव आहूजा पुणे में रह रहा हूं। शुक्रवार के अपने कृत्य के लिए मैं बहुत शर्मिंदा हूं। मैं उसके लिए देश, महाराष्ट्र और पुणे के लोगों से माफी मांगता हूं। मुझे माफ कीजिए और आगे के लिए मुझे सुधरने का एक मौका दीजिए।

## बिहार में महंगाई एक बड़ा मुद्दा, विकास पर होनी चाहिए बात : शक्ति सिंह यादव

**पटना।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के 'देश में हिंदू राष्ट्र की शुरुआत बिहार से होगी' वाले बयान को लेकर सियासत तेज हो गई है। धीरेंद्र शास्त्री के बयान पर राजद की प्रतिक्रिया आई है। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने कहा, "बिहार में दवाई, कार्रवाई, सुनवाई, सिंचाई और पढ़ाई की बात होती है। कौन आता है और क्या बोलता है, ये उनका विषय है। राष्ट्रीय जनता दल मुद्दों की बात करता है। आज देश के अंदर में 100 करोड़ लोगों की मासिक आय 7,000 हजार है, उसका सशक्तिकरण कैसे होगा, हम उसकी बात करते हैं। उन्होंने कहा, "बिहार में महंगाई एक बड़ा मुद्दा है, हम उसकी बात करते हैं। बिहार बेरोजगारी के मामले में सबसे फिसड्डी है और इन्वेस्टमेंट के मामले में भी सबसे फिसड्डी है। हमारे यहां साक्षरता दर सबसे कम है। शिक्षा, चिकित्सा में यहां की हालत सबसे खराब है। हम उसको सशक्त करने की बात करते हैं। 94 लाख परिवार की मासिक आय 6,000 से भी कम है, हम उनको सब्सिडी देने की बात करते हैं। प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बिहार दौरे के दौरान कहा कि अगर हिंदू अकेले रहेंगे तो वे टूट जाएंगे, लेकिन अगर वे एकजुट होकर रहेंगे तो कोई भी उन्हें तोड़ नहीं सकता। अगर कुत्ते को एक पत्थर मारा जाए तो वह भाग जाएगा, लेकिन वही पत्थर अगर मधुमक्खी के छत्ते पर मारा जाए तो आपको ही भागना पड़ेगा।

# होली साल में सिर्फ एक बार आती है, अनुज चौधरी के समर्थन में खुलकर सामने आए योगी

**एजेंसी उत्तर प्रदेश।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को संभल जिले के पुलिस अधिकारी अनुज चौधरी का समर्थन किया। दरअसल, चौधरी ने हाल ही में मुसलमानों को होली पर जुमे (शुक्रवार) की नमाज़ घर पर ही अदा करने की सलाह दी थी। उत्तर प्रदेश के सीएम ने पुलिस अधिकारी के बयान का समर्थन करते हुए कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता ने जो कहा वह सही है।



### योगी आदित्यनाथ ने क्या कहा

इंडिया टुडे कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस अधिकारी ने शायद एक पहलवान के तौर पर बात की होगी। चौधरी एक पूर्व पहलवान और अर्जुन पुरस्कार विजेता हैं। आदित्यनाथ ने शुक्रवार की नमाज दोपहर 2 बजे के बाद करने का फैसला करने के लिए धार्मिक नेताओं को धन्यवाद भी दिया। आदित्यनाथ ने कहा, 'हमें त्योहारों के दौरान एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। हर शुक्रवार को नमाज़ पढ़ी जाती है, लेकिन होली साल में सिर्फ़ एक बार आती है। नमाज़ में देरी की जा सकती है, और अगर कोई समय पर (दोपहर 1.30 बजे का सामान्य समय) जुमे की नमाज़ अदा करना चाहता है, तो वह अपने घर में रहकर ऐसा कर सकता है। नमाज़ के लिए मस्जिद जाना अनिवार्य नहीं है।'

### अनुज चौधरी ने होली रमजान पर क्या बयान दिया था



संभल कोतवाली पुलिस स्टेशन में एक शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करना था क्योंकि इस साल 14 मार्च को होली रमजान के दौरान जुमे की नमाज के साथ ही पड़ रही थी। बैठक के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अनुज चौधरी ने कहा, 'रंगों का त्योहार साल में केवल एक बार आता है, जबकि जुमे (नमाज के लिए) एक साल में 52 बार आता है, और इसलिए मैं अपने मुस्लिम भाइयों को सलाह देता हूं कि जो सोचते हैं कि जुमे की नमाज के लिए जाते समय उन पर रंग लगना अपवित्र कार्य होगा, उन्हें तब तक घर के अंदर रहना चाहिए जब तक कि सड़कों पर होली का जश्न खत्म न हो जाए।'

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक

### एक नजर की खबर

## मध्य प्रदेश के भिंड में बुजुर्ग ने पांच साल की बच्ची से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले के मेहगांव थाना क्षेत्र के कन्हारी गांव में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां एक पांच साल की बच्ची के साथ 50 साल के एक व्यक्ति ने दुष्कर्म किया। बच्ची के माता-पिता द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के एक विश्वसनीय सूत्र ने आईएएनएस को बताया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है और आगे की जांच जारी है। आरोपी उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के रामपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। आरोपी पर पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। कुछ कारणों से आरोपी की पहचान अभी उजागर नहीं की गई है। पीड़िता द्वारा दिए गए सुरागों और उसके माता-पिता द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर गिरफ्तारी की गई।

## ठाणे में एक कार्यालय से 42.15 लाख रुपए की नकदी चोरी

**महाराष्ट्र।** नर्पोली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चोरों ने अंदर रखी एक अलमारी को तोड़कर उसमें रखी 42.15 लाख रुपये चुराए और फरार हो गए। यह रकम 12 कंपनियों से एकत्रित की गई थी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में स्थित एक गोदाम परिसर के कार्यालय में सेंध लगाकर 42.15 लाख रुपये की नकदी चोरी के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। यह घटना चार मार्च की शाम से पांच मार्च की सुबह के बीच भिवंडी के कल्हेर क्षेत्र में स्थित गोदाम परिसर में हुई। चोरों ने कार्यालय में घुसने के लिए लोहे की खिड़की तोड़ दी। नर्पोली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चोरों ने अंदर रखी एक अलमारी को तोड़कर उसमें रखी 42.15 लाख रुपये चुराए और फरार हो गए।

## दिल्ली में महिला से चार लाख के गहने ठगने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने एक वृद्ध महिला को धोखा देकर उसके चार लाख रुपये के गहने ठगने के आरोप में एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान प्रेम (22), राहुल (25) और पूनम (35) के रूप में हुई है। ये सभी "गद्दी गैंग" के सदस्य हैं। आरोपियों ने बाजार में एक वृद्ध महिला को नकली नोट दिखाकर उसे ठगने की साजिश रची। उन्होंने महिला को भरोसे में लेकर उससे चार लाख रुपये के गहने ले लिए और बदले में जाली नोट पकड़ा दिए। यह घटना 19 फरवरी को हुई। महिला को जब ठगी का पता चला तो उसने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों को पकड़ने के लिए दस किलोमीटर के इलाके में 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई।

## गांजा की खेप व 15 लाख रुपए के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर जिले के हरपुर थाना पुलिस ने थानाध्यक्ष किशन पासवान के नेतृत्व में छापेमारी करते हुए एक नेपाली के गांजा तस्कर को हिरासत में लिया, जिसके लग्जरी कार से 15 लाख रुपये के साथ-साथ बड़ी मात्र में गांजा बरामद हुआ है। बताया गया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नेपाल का एक बड़ा गांजा तस्कर नेपाली नंबर की लग्जरी गाड़ी से लगभग 70 किलो गांजे की खेप नेपाल से लाकर भारतीय क्षेत्र में डिलीवरी देने वाला है।जिसके बाद हरपुर थाना पुलिस ने घेराबन्दी करते हुए सैनिक रोड में उक्त तस्कर को दबोच लिया। तस्कर की पहचान नेपाल के नेपाल के परसा जिले के अर्जुन सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पुलिस को इस तस्कर की तलाश काफी दिनों से थी। फिलहाल पुलिस इसके फारवर्ड व बैकवर्ड लिंकेज को खंगालने में जुटी है।

## मालेगांव में जीवित व्यक्ति ने बनवाया खुद का मृत्यु प्रमाणपत्र, दो गिरफ्तार

**मालेगांव।** महाराष्ट्र के मालेगांव में एक अजीब मामला सामने आया है, जहां एक जीवित व्यक्ति ने खुद का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाया। यह घटना मालेगांव के आजाद नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है। इसके बाद पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में ले लिया है। मालेगांव के डिप्टी एसपी सूरज गुंजाल ने बताया कि मोहम्मद सूफियान नामक व्यक्ति ने अपना मृत्यु प्रमाणपत्र को बनवाने के लिए अपने दोस्त मंसूर अहमद की मदद ली। यह प्रमाणपत्र उस व्यक्ति ने एक सॉफ्टवेयर के जरिए तैयार किया था। डिप्टी एसपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में आरोपी सूफियान ने बताया कि उसने यह काम बैंक के कर्ज से छुटकारा पाने के लिए कयिा, ताकि वह कर्ज को चुकता करने से बच सके। मामले की शकियत होने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

## गैस सिलेंडर लदे वाहन में अचानक लगी भीषण आग, धू-धू कर जला ट्रक

**नवादा।** नवादा में रसोई गैस सिलेंडर लदे वाहन में रविवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के राजेबिगहा गांव की है, जहां इण्डेन घरेलू गैस के सिलेंडर से लदे ट्रक में अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं, जिससे धू-धू कर ट्रक जल कर खाक हो गया। गनीमत यह रही कि वाहन में लदे सभी गैस सिलेंडर खाली थे। अचानक लगी इस आग की घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मौके पर आग बुझाने की कोशिश भी की। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया।





## रोहित-श्रेयस का तूफान, स्पिनर्स की चकरी

# भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर तीसरी बार जीती चैंपियंस ट्रॉफी

भारतीय टीम ने तीसरी बार आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम किया है। भारत ने फाइनल में न्यूज़ीलैंड को हराकर ये उपलब्धि हासिल की। भारतीय टीम की जीत में रोहित शर्मा और श्रेयस अय्यर की अहम भूमिका रही।

**दुबई। भारतीय टीम ने न्यूज़ीलैंड को हराकर आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम कर लिया है। 9 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूज़ीलैंड को चार विकेट से हराया। फाइनल में भारत को जीत के लिए 252 रनों का टारगेट मिला था, जिसने उसने 49वें ओवर की आखिरी बॉल पर हासिल कर लिया। भारतीय टीम की जीत में कप्तान रोहित शर्मा की अहम भूमिका रही। 'प्लेयर ऑफ द मैच' रोहित शर्मा ने 76 रन बनाकर जीत की नींव रखी। भारतीय टीम ने तीसरी बार चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है। भारतीय टीम सबसे पहले साल 2002 के सीजन में चैम्पियन बनी थी। तब उसने श्रीलंका संग संयुक्त रूप से खिताब साझा किया था। फिर एमएस धोनी की अगुवाई में भारतीय टीम साल 2013 में चैम्पियन बनी। अब रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत ने इतिहास रचा है।**



### न्यूज़ीलैंड के लिए ब्रेसवेल-मिचेल ने जड़े अर्धशतक

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए न्यूज़ीलैंड ने सात विकेट पर 251 रनों का स्कोर खड़ा किया। बल्लेबाजी के दौरान कीवी टीम की शुरुआत अच्छी रही। रचिन रवींद्र और विल यंग ने मिलकर 7.5 ओवरों में 57 रनों की पार्टनरशिप की। इस पार्टनरशिप के दौरान रवींद्र का कैच पहले मोहम्मद शमी और फिर श्रेयस अय्यर ने छोड़ा। भारत को आखिरकार पहली सफलता वरुण चक्रवर्ती ने दिलाई, जिन्होंने विल यंग (15) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। फिर कुलदीप यादव ने रचिन रवींद्र को बोल्ड करके भारत को दूसरी सफलता दिला दी। रवींद्र ने 29 गेंदों पर 37 रन बनाए, जिसमें चार चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। कुलदीप ने इसके बाद अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन को भी चलता किया, जो रिटर्न कैच थमा बैठे।

### रोहित की तूफानी पारी, श्रेयस-राहुल ने भी दिखाया दम

टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने मिलकर पहले विकेट के लिए 105 रनों की शतकीय साझेदारी कर दी। इस साझेदारी के दौरान रोहित शर्मा ज्यादा आक्रामक मूड में नजर आए। रोहित ने पांच चौके और तीन छक्के की मदद से सिर्फ 41 गेंदों पर अपनी फिफ्टी कर ली। वहीं गिल ने धीमी बल्लेबाजी की। भारत का पहला विकेट 19वें ओवर में गिरा, जब मिचेल सेंटनर ने गिल को ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच आउट करा दिया। गिल ने 1 छक्के की मदद से 50 बॉल पर 31 रन बनाए। इसके बाद भारत ने विराट कोहली का विकेट सस्ते में गंवा दिया, जो 1 रन बनाकर माइकल ब्रेसवेल की बॉल पर एलबीडब्ल्यू आउट हुए। फिर भारतीय टीम ने कप्तान रोहित शर्मा का विकेट खो दिया, जो बड़ा शॉट मारने की कोशिश में रचिनन रवींद्र की बॉल पर स्टम्प आउट हो गए। रोहित ने 83 गेंदों पर 76 रन बनाए, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल रहे। रोहित शर्मा के आउट होने के समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 122 रन था। रोहित के आउट होने के बाद अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 61 रनों की पार्टनरशिप करके भारत को संभाला। श्रेयस अय्यर अनलकी रहे कि वो अपनी फिफ्टी नहीं पूरी कर पाए। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंदों पर 48 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और इतने ही चौके शामिल रहे। श्रेयस को मिचेल सेंटनर ने रचिन रवींद्र के हाथों कैच आउट कराया। फिर भारत ने अक्षर पटेल (29) का भी विकेट खो दिया, जो ब्रेसवेल की बॉल पर विलियम ओरोर्के को कैच थमा बैठे। श्रेयस अय्यर के आउट होने के समय भारत का स्कोर पांच विकेट पर 203 रन था। यहां से केएल राहुल ने नाबाद 34 रन बनाकर भारत को जीत की मंजिल तक पहुंचाया। हार्दिक पंड्या (18) और रवींद्र जडेजा (9*) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

## नेशनल महिला हॉकी लीग 2024-25 फाइनल फेज के लिए झारखंड टीम का हुआ ट्रायल

### 29 खिलाड़ी हुए चयनित, 12 मार्च से लगेगा विशेष प्रशिक्षण शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । हॉकी इंडिया द्वारा 18 से 27 मार्च तक रांची में आयोजित नेशनल महिला हॉकी लीग 2025 फाइनल फेज के लिए आज रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी रांची में झारखंड महिला हॉकी टीम गठन के लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल में कुल 40 खिलाड़ी सामिल हुए। जिनमे से 29 खिलाड़ी विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित किए गए। प्रशिक्षण शिविर 12 मार्च से होगा। इसके बाद झारखंड की फाइनल टीम घोषित की जाएगी जो इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**झारखंड टीम के विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित खिलाड़ी**

रजनी केरकेट्टा, जुबिल्यानी जोजो, स्वीटी डुंगडुंग, सलोमी नाग, संगीता कुमारी, सरोज कुमारी, शुधिला कुजूर, पिंकी कुमारी, जमुना कुमारी, कौशल्या कुमारी, अमृता मिंज, सिसिलिया सैंडी पूर्ति, अंकिता मिंज, मनीला बागे, लियोनी हेमराम, शांति कुमारी, नेहा आइंद, प्रीति बिलुंग, टेकला होरो, गंगी बारला, सलोमी कांडुलना, अनुपमा होरो, पार्वती टोपनो, रोशनी आएंड, बिनिमा धान, नीरु कुल्लू, एडलिन बागे, निराली कुजूर और अंकिता डुंगडुंग है। ट्रायल में हॉकी झारखंड विजय शंकर सिंह, असुंता लकड़ा, मनोज कोणबेगी, असरिता लकड़ा, जयंत केरकेट्टा और दसरथ महतो शामिल थे।



झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के खिलाड़ी जी बाबू देव ने 2000 स्टेपल चेस में सेकंड पोजीशन लेकर झारखंड का मान बढ़ाया। झारखंड मास्टर एटलेटिस के सचिव लक्ष्मण राम ने बाबू देव भैया को बधाई दी।



श्री राम ने 10 किलोमीटर 45+ दौड़ में रजत पदक जीत कर झारखंड का मान बढ़ाया। श्री राम यादव को झारखंड सचिव लक्ष्मण राम ने दी बधाई।

**15वीं हॉकी इंडिया सीनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2025**

## झारखंड क्वार्टर फाइनल में हॉकी मध्यप्रदेश को 3-1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची** । 01 मार्च से 12 मार्च 2025 तक पंचकुला हरियाणा में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025, में झारखण्ड हॉकी टीम ने आज क्वार्टर फाइनल मैच में हॉकी मध्यप्रदेश को 3-1 गोल से पराजित कर सेमीफाइनल में पहुंच गई। झारखंड टीम की ओर से आज के मैच में पहला गोल मैच के 4 थे मिनट में अलबेला रानी टोप्पो ने,दूसरा गोल 41 मिनट में रजनी केरकेट्टा ने और तीसरा गोल 59 मिनट में प्रमोदनी लकड़ा ने की। हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने झारखंड टीम को क्वाटर फाइनल सहित लगातार तीन मैच जीत कर सेमीफाइनल फाइनल में प्रवेश करने के लिए बधाई दी।

## रॉयल चैलेंजर्स पोलिस्ट्राइकर्स फैकल्टी क्रिकेट लीग चैंपियन बना

- फैकल्टी क्रिकेट लीग 2025 बीआईटी मेसरा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** रॉयल चैलेंजर्स पोलिस्ट्राइकर्स फैकल्टी क्रिकेट लीग 2025 का चैंपियन बना। बेहद ही रोमांचक मुकाबले में पॉलिटेक्निक की टीम और देवघर के खिलाड़ियों ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए मैच सुपर ओवर तक ले गई मुकाबला पॉलिटेक्निक की टीम ने जीत हासिल की। देवघर के कैप्टन अमित ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चैलेंजर्स के सलामी बल्लेबाजों ने पावरप्ले में एक धमाकेदार शुरुआत की और विकेट के बिना 5 ओवरों में 48 रन बनाए, चंचल ने 41 नॉट आउट किया और अजय ने 26 रन बनाए। देवघर के लिए पहली सफलता चिराग द्वारा दी गई थी, जिन्होंने 26 के स्कोर पर अजय को आउट किया । एन के सिंह ने 2 विशाल छक्के मारकर 23 रन की शानदार पारी खेली। रॉयल चैलेंजर्स ने 15 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान के लिए 117 बनाए। जवाब में देवघर ने ओपनर्स चिराग और रामकिशोर द्वारा एक स्टेडी और धीमी शुरुआत की थी, लेकिन रामकिशोर जिन्होंने लीग मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था आज सस्ते में केवल 2 रन ही बना सके। देवघर के उमेश ने 3 विशाल छक्के मारकर 37 नॉट आउट की एक धमाकेदार दस्तक दी और मैच आखिरी ओवर में चला गया। संकाय मामलों के प्रोफेसर अशोक शेरोन डीन, बी आई टी मेसरा और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो आर सी झा ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने में विशेष रूप से डॉ श्री धर पटनायक की भूमिका सराहनीय रही मुख्य अतिथि ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पॉलिटेक्निक के राकेश को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और आलोक को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार दिया।

## झारखंड राज्य सब जूनियर बालिका चॉकबॉल टीम घोषित



**रांची** । झारखंड राज्य चॉकबॉल संघ के द्वारा सब जूनियर बालिका चॉकबॉल टीम की घोषणा की गई। 21 मार्च से 23 मार्च तक साईं नगर शिरडी, जिला अहिल्यानगर, महाराष्ट्र में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय सब जूनियर चॉकबॉल प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधत्व करेंगे।

**टीम इस प्रकार हैं**

सब जूनियर बालिका चॉकबॉल टीम अनुष्का खलखो (कप्तान) रेखा कुमारी, सलोनी कुमारी, रानी कुमारी, कृति कुमारी, मीना कुमारी, निभा कुमारी, संध्या कुमारी, सृष्टि कुमारी, पुनम कुमारी, रिया कुमारी सभी खिलाड़ी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बूरमु से, प्रशिक्षक शुभम् उरांव मैनेजर अंजू कुर्रे शामिल हैं। सभी खिलाड़ियों को टीम में चयन होने पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बूरमु की वार्डेन श्रीमती अनिमा रानी महतो, श्रीमती उमा कुमारी एवं शारिरिक शिक्षिका मती शांति कुमारी ने बधाई दी। झारखंड राज्य चॉकबॉल टीम 18 मार्च को शाम में रांची रेलवे स्टेशन से साईं नगर शिरडी महाराष्ट्र के लिए प्रस्थान करेगी। यह जानकारी झारखंड राज्य चॉकबॉल संघ के महासचिव ब्रजेश गुप्ता ने दी।

## 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 15 सदस्यीय टीम हुई पटना रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

- 6वीं अंडर-18 एशियन यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम का गठन किया जाएगा
- जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स पदक विजेता साकेत मिंज होंगे झारखंड टीम के कप्तान

**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ, नई दिल्ली एवं बिहार एथलेटिक्स संघ, पटना के संयुक्त तत्वाधान में 10 से 12 मार्च तक, पाटलिपुत्र स्पॉट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए झारखंड राज्य से 15 सदस्यीय टीम देर रात पटना के लिए रवाना हुई। सभी खिलाड़ियों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के प्लानिंग कमिटी के चेयरमैन डॉ मधुकांत पाठक,अध्यक्ष सी डी सिंह, सचिव एस के पांडेय ने शुभ कामना दी।

**बालक :** साकेत मिंज-200 मीटर, 400 मीटर, विक्की लोहरा-200 मी(तीनों रांची), विशाल कुमार-400 मी, साजिद - 110 मीटर हर्डल्स, प्रशांत कुमार, जगदीश उरांव - 5000 मीटर पैदल चाल (सभी बोकारो), हिमांशु सिंह-ऊंचीकूद (पूर्वी सिंहभूम), अफरोज अहमद-ऊंची कूद-(हजारीबाग), विनीत उरांव-लंबी कूद-(गुमला)

**बालिका :** शिल्पा कुमारी - जेवलिन थ्रो (गुमला), बबली कुमारी जेवलिन थ्रो ( रांची), किरनती कुमारी-1000 मीटर (चतरा), ममता मेरी मुर्मू - 100 मीटर ( पूर्वी सिंहभूम)

**कोच :** आशु भाटिया
**मैनेजर :**प्रेम कुमार

**व्यापार लाइफ व साइंस**

# लगातार काम करने से कार्यक्षमता में हो सकती है गिरावट

- सप्ताह में 70 से 90 घंटे काम करने की तमाम सीईओ की चाहत पर डा।सौम्या की टिप्पणी
- कर्मचारियों में बढ़ रही नाराजगी, देश सरकार को भी देनी पड़ी सफाई

**ब्यूरो**

### लंबी वर्कवीक से सेहत पर होता है असर




- 'शरीर को नींद की जरूरत होती है, मानसिक रूप से भी ब्रेक लेना जरूरी है, ताकि आपकी सोचने-समझने की क्षमता बनी रहे
- गुणवत्ता ज्यादा जरूरी, न कि घंटे- डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक व स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार डॉ। सौम्या स्वामीनाथन

**नई दिल्ली।** कई उद्योगपति व सीईओ चाहते हैं कि उनकी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी सप्ताह में 70 से 90 घंटे काम करें (लगभग रोबोट की तरह ) , ताकि कंपनी व देश प्रगति करे। लेकिन यह भी चाहते हैं कि सेलरी नहीं बढ़ाई जाए , बल्कि किसी न किसी बहाने उसमें कटौती कर दी जाए। इस तरह की बातों व सोच के मद्देनजर देश में काफी समय से सप्ताह में कितने घंटे काम करने चाहिए इस पर बहसबाजी गाहे - बेगाहे हो रही है। लेकिन अब इस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक व स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाहकार डॉ। सौम्या स्वामीनाथन ने जो कहा है , वह इस सबका सटीक जवाब है। उन्होंने कहा है कि लोगों को अपने शरीर की जरूरतों को समझना चाहिए और जरूरत पड़ने पर आराम लेना चाहिए, क्योंकि लगातार अधिक काम करने से थकावट (बर्नआउट) और कार्यक्षमता में गिरावट हो सकती है। डॉ। सौम्या स्वामीनाथन ने बताया कि हर व्यक्ति की सहनशक्ति अलग होती है, लेकिन शरीर संकेत देता है कि कब उसे आराम की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कुछ समय के लिए ज्यादा काम करना संभव है, जैसा कि कोविड-19 महामारी के दौरान देखा गया था, लेकिन लंबे समय तक ऐसा करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा 'आप कुछ महीनों तक बहुत मेहनत कर सकते हैं। कोविड के समय हम सभी ने ऐसा किया। हमने कम सोकर, लगातार चिंता में रहकर काम किया, खासकर स्वास्थ्य कर्मियों ने 24 घंटे ड्यूटी की। इसका असर यह हुआ कि कई लोग बर्नआउट का शिकार हुए और कुछ ने तो पेशा ही छोड़ दिया। इसलिए यह लंबी अवधि के लिए संभव नहीं है'। डा। स्वामीनाथन ने मानसिक स्वास्थ्य व आराम की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'शरीर को नींद की जरूरत होती है। मानसिक रूप से भी ब्रेक लेना जरूरी है, ताकि आपकी सोचने-समझने की क्षमता बनी रहे'। डॉ। सौम्या स्वामीनाथन ने यह भी बताया कि काम की गुणवत्ता ज्यादा मायने रखती है, न कि सिर्फ काम के घंटे। उन्होंने कहा, 'आप 12 घंटे डेस्क पर बैठ सकते हैं, लेकिन हो सकता है कि 8 घंटे के बाद आपकी उत्पादकता घट जाए। इसलिए सिर्फ घंटों को गिनने से कुछ नहीं होगा, बल्कि काम की गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी है।

मालूम हो कि हाल ही में लार्सन एंड टुब्रो के चेयरमैन एस।एन। सुब्रमण्यम ने कहा था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे काम करना चाहिए। इससे पहले, इन्फोसिस के को-फाउंडर नारायण मूर्ति ने 70 घंटे की वर्कवीक का सुझाव दिया था। इसी महीने, नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारत को चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था से 30 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। उन्होंने कहा, 'अगर हमें 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनानी है, तो हमें 80-90 घंटे काम करना होगा। केवल मनोरंजन या फिल्मी सितारों की राय मानने से यह संभव नहीं होगा'। ऐसे बयानों व तर्कों को लेकर कर्मचारियों में बढ़ते रोष को देखते हुए केंद्र सरकार को स्पष्ट करना पड़ा है कि वह काम के घंटे बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं ला रही है। इसके लिए श्रम व रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि 70-90 घंटे वर्कवीक पर विचार नहीं किया जा रहा है।


## वेव्स ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स को भारतीय क्रिएटर्स और टेक्नोलॉजिस्ट से जोड़ने के लिए होगा अहम मंच : केंद्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने रविवार को घोषणा की कि आगामी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) भारतीय क्रिएटर्स और टेकनोलजिस्ट को ग्लोबल इंडस्ट्री लीडर्स से जोड़ने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा। वेव्स का पहला एडिशन 1 मई से लेकर 4 मई के बीच मुंबई में आयोजित होने जा रहा है। सरकार के मुताबिक, वेव्स भारतीय टैलेंट को दिखाने के लिए मीडिया और इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के पेशेवरों को एक साथ लाएगा। यह कार्यक्रम चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित होगा, जिसमें प्रसारण एवं इन्फोटेनमेंट, एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और विस्तारित वास्तविकता), डिजिटल मीडिया एवं इनोवेशन और फिल्में शामिल हैं।

## स्टार्टअप संस्थापकों की सैलरी वित्त वर्ष 24 में 25 फीसदी से अधिक घटी




**नई दिल्ली** । भारत में स्टार्टअप संस्थापकों की सैलरी में वित्त वर्ष 2023-24 में 25 प्रतिशत से अधिक की कमी देखने को मिली है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। आईएनसी42 की रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 24 में 30 भारतीय टेक स्टार्टअप्स के 54 संस्थापकों की औसत सैलरी सालाना आधार पर 25.4 प्रतिशत गिरकर 5.44 करोड़ रुपये रह गई है, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 7.3 करोड़ रुपये थी। रिपोर्ट में कहा गया कि स्टार्टअप संस्थापकों के वेतन में कमी आने की वजह फंडिंग का धीमा होना है। वित्त वर्ष 24 में इन संस्थापकों ने संयुक्त रूप से 291.5 करोड़ रुपये का वेतन हासिल किया था।

## सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पीली मटर के शुल्क मुक्त आयात को मई के अंत तक तीन महीने के लिए बढ़ा दिया है और दालों (मसूर) के आयात पर तत्काल प्रभाव से 10 प्रतिशत का शुल्क लगा दिया है। यह जानकारी एक आधिकारिक नोटिफिकेशन में दी गई। सरकार ने शनिवार से दालों पर 5 प्रतिशत मूल सीमा शुल्क तथा 5 प्रतिशत एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट सेस (एआईडीसी) लगा दिया है। सरकार दालों की कमी की स्थिति में महंगाई को नियंत्रण में रखने और घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए दालों पर अपनी टैरिफ नीति में समय-समय पर बदलाव करती रहती है।




## एग्रीटेक स्टार्टअप फाल्का का घाटा वित्त वर्ष 24 में तीन गुना बढ़कर 15 करोड़ रुपए हुआ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एग्रीटेक सप्लाई चैन स्टार्टअप फाल्का का नुकसान वित्त वर्ष 24 में तीन गुना बढ़कर 15 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 5 करोड़ रुपये था। फाल्का के वित्तीय विवरण के अनुसार, कंपनी का नुकसान बढ़ने की वजह खर्च में बढ़ोतरी होना है, जो कि वित्त वर्ष 24 के दौरान 30.2 प्रतिशत बढ़कर 384 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी का सबसे बड़ा खर्च सामग्री की खरीद है, जो कुल व्यय का 94 प्रतिशत है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी का सामग्री पर खर्च सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढ़कर 362 करोड़ रुपये हो गया है।

## हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार जेल भेजे गए



**रांची।** बीआईटी ओपी पुलिस ने हथियार के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान अमरेश कुमार सिंह और गौतम कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने रविवार को बताया कि वरीय अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि नारायण टेंट हाउस के पीछे, ग्राम केदल स्थित एक मकान में कुछ लोग हथियार और गोली के साथ किसी आपराधिक घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मकान को चारों ओर से घेरकर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद हुई। ओपी प्रभारी के अनुसार, दोनों आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है।

### सीएम सोरेन ने महिलाओं के उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए शुरू किया था 'पलाश' ब्रांड

# पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री का हुआ शुभारंभ

- *रांची के प्रमुख स्थानों पर 13 मार्च तक लगाए जाएंगे पलाश होली स्पेशल डिस्प्ले स्टॉल*
- *रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ़, खूंटी और लोहरदगा में लगाई गई है प्रदर्शनी*

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** रंगों के त्योहार होली को लेकर बाजार सज गए हैं। पिछले वर्ष की तरह ही इस साल भी झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के अंतर्गत पलाश ब्रांड के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक उत्पादों से तैयार हर्बल गुलाल बाजार में उपलब्ध हैं। हर्बल गुलाल के विपणन को बढ़ावा देने और आम जनों में इको-फ्रेंडली होली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री अभियान की शुरूआत की गई है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने के उद्देश्य से शुरू किए गए 'पलाश' ब्रांड शुरू किया था। अब 'पलाश' ब्रांड के अंतर्गत राज्य के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत रविवार को रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा में पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल का परिचालन शुरू किया गया है।









जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ) कंचन सिंह के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में 100 से अधिक स्टॉलों का संचालन 9 से 13 मार्च 2025 तक किया जाएगा। सखी मंडल की माहिलाएं गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर रही हैं, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती। इस हर्बल गुलाल में किसी भी प्रकार के रसायन या आर्टिफिशियल सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है। इसे बनाने के लिए समूह की दीदियां फूल, फल और पत्तियों का इस्तेमाल कर रही हैं।



हरे रंग के लिए पालक, गुलाबी के लिए चुकंदर, पीले और नारंगी रंग के लिए पलाश व हल्दी, जबकि नीले रंग के लिए सिंद्धार समेत अन्य फूलों और पत्तियों के प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है। वहीं, गुलाल को सुगंधित बनाने के लिए प्राकृतिक एसेंस का भी समावेश किया गया है।

> *पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है।* **स्कंचन सिंह,** *सीईओ, जेएसएलपीएस।*

जेएसएलपीएस की सीईओ कंचन सिंह ने कहा, 'पलाश' ब्रांड के जरिए हम ग्रामीण महिलाओं के हाथों से बने उत्पादों को बाजार तक पहुंचा रहे हैं। पलाश हर्बल अबीर का उत्पादन न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि इससे हजारों ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। पलाश ब्रांड के माध्यम से उनके उत्पादों को एक नई पहचान मिली है, जिससे उनकी आमदनी बढ़ रही है और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा भी मिल रहा है।

उन्होंने कहा, इस वर्ष जेएसएलपीएस द्वारा 9 मार्च से 13 मार्च तक सभी जिलों के प्रमुख केंद्रों में स्टॉल लगाए गए है, जहां 'पलाश' हर्बल गुलाल के साथ-साथ पलाश रागी लड्डू, हैंडमेड चॉकलेट, कुकीज आदि उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

### पांच वेरायटी में उपलब्ध हैं रंग-बिरंगे गुलाल

रांची के प्रमुख स्थलों पर 9 से 13 मार्च 2025 तक पलाश होली स्पेशल डिस्प्ले स्टॉल में हर्बल गुलाल और खाद्य उत्पादों की बिक्री होगी। रंग-बिरंगे गुलाल पांच वेरायटी में उपलब्ध हैं। इसकी खरीदारी नजदीकी पलाश मार्ट अथवा होली स्पेशल डिस्प्ले स्टॉल से की जा सकती है। इस अभियान के अंतर्गत रांची शहरी क्षेत्र में पलाश हर्बल गुलाल के स्टॉल राज्य सरकार के प्रमुख कार्यालयों एफएफपी भवन, सचिवालय (धुर्वा), झारखंड उच्च न्यायालय परिसर तथा प्रमुख व्यावसायिक स्थलों, रांची मॉल, न्यूक्लियस मॉल, स्प्रिंग सिटी मॉल (हिनू), डोरंडा बाजार, अटल वेंडर मार्केट, पैंटालूंस (लालपुर के समीप), रिलायंस मॉल (कांके रोड), मोरहाबादी मैदान एवं एजी मोड़ आदि जगहों पर संचालित किए जाएंगे। पलाश हर्बल गुलाल के साथ ही स्टॉल पर महिलाएं हैंडमेड चॉकलेट, रागी लड्डू, नमकीन जैसे शुद्ध उत्पादों की भी बिक्री कर रही हैं।

## अब हमारी बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता : डॉ. इरफान अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कमार्टांड़ प्रखंड के बगरुडीह में महिला डिग्री कॉलेज की आधारशिला रखी। यह ऐतिहासिक पहल क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए नए अवसर प्रदान करेगी।



शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि अब हमारी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए बंगाल, धनबाद या अन्य जगहों का रुख नहीं करना पड़ेगा। मैं हमेशा से बेटियों की शिक्षा के प्रति संकल्पित रहा हूं और उन्हें हरसंभव सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

उन्होंने आगे कहा कि मैया सम्मान योजना के बाद अब शिक्षा के क्षेत्र में भी बेटियों को सम्मान देने का कार्य किया जा रहा है। किसी भी परिस्थिति में हमारी बेटियों की पढ़ाई नहीं रुकेगी। शिक्षा से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है, और मैं इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प हूं। यह महिला डिग्री कॉलेज केवल जामताड़ा ही नहीं, बल्कि दुमका, देवघर, गिरिडीह, धनबाद और बंगाल की छात्राओं के लिए भी उच्च शिक्षा का केंद्र बनेगा। ग्रामीण इलाकों की कई बेटियां संसाधनों के अभाव में पढ़ाई बीच में छोड़ देती थीं, लेकिन इस कॉलेज के शुरू होने से अब उन्हें घर के पास ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी।

वहीं पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने महिला डिग्री कॉलेज के शिलान्यास पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा यह कॉलेज सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि क्षेत्र की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। वर्षों से मेरा सपना था कि जामताड़ा में एक महिला डिग्री कॉलेज बने, और आज हेमंत सोरेन और इरफान अंसारी ने इसे साकार कर दिया। मौके पर कॉलेज के शिलान्यास समारोह में हजारों की संख्या में स्थानीय लोग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

## भाजपा के लिए काम करने वालों पर होगी कार्रवाई : के राजू

- *कहा- कार्यकर्ताओं को कहा गया है कि वे झारखंड में आमजन से जुड़कर कार्य करें*

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू ने रविवार को दुमका परिसदन में प्रेसवार्ता कर कहा कि अब तक 18 जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हो चुके हैं। कार्यकर्ताओं से जो फीडबैक मिला है उसके आधार पर एक चिंतन शिविर में विस्तृत रूप से उन समस्याओं के समाधान पर चर्चा होगी और रास्ता निकाला जाएगा।



उन्होंने कहा की कार्यकर्ताओं को कहा गया है कि झारखंड में आमजन से जुड़कर कार्य करें। राजनीतिक पार्टी होने के नाते पहली जिम्मेदारी यह है कि झारखंड के लोगों से कैसे जुड़ा जाये। राजनीतिक दल होने का मतलब सिर्फ चुनाव लड़ना नहीं है। प्रदेश प्रभारी के राजू ने कहा कि पता चला है कि पार्टी में कुछ मुद्दे पर एकता नहीं है। कुछ शिकायतें भी प्राप्त हुई है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो पार्टी में रहते हुए भाजपा को समर्थन दे रहे हैं और आम जनता के मुद्दों पर काम नहीं कर रहे हैं।

पार्टी ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद में पार्टी नेता राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं की बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि गुजरात में कांग्रेस पार्टी में दो वर्ग है। एक कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ा है, तो दूसरे लोग भाजपा के स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहे हैं। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि पार्टी की यह समस्या सिर्फ गुजरात में नहीं बल्कि अन्य राज्यों में भी है।

प्रभारी ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है। जो हर हथकंडा अपने की कोशिश में लगी है। झारखंड में भी इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी ध्यान रखेगी। जो पार्टी के हित में काम नहीं करेगा। उसे संगठन में जगह नहीं दी जायेगी।

प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस का फोकस इस मुद्दे पर है कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर काम करें। झारखंड प्रभारी बनाए जाने के बाद उनका पूरा ध्यान झारखंड और यहां की समस्याओं पर केंद्रित है। गांव और प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता आम लोगों की समस्याओं को विधायक के समक्ष रखेंगे और विधायक उन मुद्दों को सदन में उठाएंगे।

इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि राहुल गांधी के बयान से हर कार्यकर्ता को ऊर्जा मिली है। अगर किसी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है तो हम उसका स्वागत करते हैं। क्योंकि इससे कार्यकताओं का मनोबल काफी बढ़ेगा। पार्टी का यह निर्णय स्वागत योग्य है। मंत्री ने राज्य में गिरते कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कहा की घटनाएं कोई भी हो दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार का भी यह प्रयास है की घटना घटित नहीं हो, इसके बावजूद घटना घटने के बाद सरकार का क्या रुख है यह महत्वपूर्ण है। सरकार इस पर पैनी नजर है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पार्टी विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी मौजूद थे।

## हमारे अंदर आनंद व उमंग भरती है होली : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नमो श्री अन्न होली मिलन समारोह का आयोजन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के हेहल स्थित आवास पर रविवार को हास्य मेव जयते, रांची के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के दौरान संजय सेठ के आगमन के साथ होली की गीत से कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। मौके पर उपस्थित लोगों ने सांसद को अबीर गुलाल लगाकर उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि होली मिलन समारोह प्रत्येक वर्ष सांसद परिवार के साथ मनाया जाता है जिसमें धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के अलावा पार्टी के कई लोग शामिल होते हैं। वहीं कार्यक्रम में संजय सेठ ने कहा कि



सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व होली मिलन समारोह एकता और अखंडता की मिसाल कायम करता है, क्योंकि यह भाईचारे का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है जिस तरह जीवन में हजारों रंग होते हैं उसी तरह रंगों की यह होली इस त्योहार में हमारे अंदर आनंद उमंग भर देती है।

इस अवसर पर शहर के कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी ने सांसद को अभी गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

मौके पर विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो सहित कई का गणमान्य लोगों ने अबीर गुलाल की होली खेली। कार्यक्रम में फूलों की होली, गुलाल अबीर की होली संग रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम सहित भजनों की प्रस्तुति के अलावा हास्य कविताओं का लुत्फ मौजूद लोगों ने उठाया। इस अवसर पर रमेश सिंह, संजीव विजयवर्गीय, मुकेश काबरा, राज वर्मा, ऐश्वर्य सेठ, प्रमोद सारस्वत, भीष्म सिंह, मनोज तिवारी, नीरज चौधरी, बिंदेश्वर प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।

## विदेश से आपराधिक गिरोह चला रहे अपराधियों पर नकेल कसे राज्य सरकार : प्रतुल शाहदेव

- *जेलों में अभी तक 2 जी जैमर ही लगे हैं*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल



शाह देव ने राज्य सरकार से मांग की है कि वह विदेश में बैठकर झारखंड में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे अपराधियों पर नकेल कसे। झारखंड के 6 - 7 जिले, जहां कोयला का प्रोडक्शन और ट्रांसपोर्टेशन होता है,वहां अपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है।लेवी और एक्सटॉर्शन के चलते विदेश में बैठे अपराधी झारखंड में अपने गुर्गों से घटनाओं को अंजाम देकर दहशत पैदा करते हैं। हजारीबाग में 2 वर्ष पूर्व भी कोयले से जुड़ी एक कंपनी के जी एम की हत्या कर दी गई थी।अब एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या हुई। रांची के भीड़ भाड़ वाले इलाके में कोयला व्यापारी पर हमला होता है। उसके अतिरिक्त अपराधी अलग जिलों में कोयला साइडिंग पर लगातार गोली चला कर दहशत फैला रहे हैं। प्रतुल ने कहा संगठित अपराध पुलिस के लिए झारखंड में नक्सलवाद की तरह बड़ी समस्या बन गई है। कई जिलों में कोयला कंपनी से जुड़े अधिकारी बुलेट प्रूफ वाहनों से सफर करते हैं। अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह घटना को अंजाम देने के बाद फेसबुक पर लिखकर घटना की जिम्मेवारी लेकर भविष्य के लिए चेतावनी भी देते हैं। प्रतुल ने कहा कि अगर राज्य सरकार एक सुनियोजित प्लान के तहत संगठित गिरोह का खात्मा नहीं करेगी तो झारखंड की स्थिति भयावह हो जाएगी।

## झुमरीतिलैया में अटल विरासत संगोष्ठी का आयोजन, बाबूलाल हुए शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/कोडरमा।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह पर अटल विरासत संगोष्ठी का आयोजन सौरभ होटल में किया गया। कार्यक्रम में होली मिलन कार्यक्रम भी किया गया। इसमें मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष और प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक विचारक थे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं संघ से जुड़ कर समाज सेवा शुरू किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर जनसंघ पार्टी का गठन करवाया और पार्टी को पूरे देश में आगे ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा। उन्होंने एक मत के चलते सरकार गिरनी मंजूर की लेकिन खरीद फरोख्त पर विश्वास नहीं किया। रमेश सिंह, प्रकाश राम, वीरेंद्र सिंह, दिनेश्वर प्रसाद, गोपाल कुमार गुतुल ने अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामचंद्र सिंह, अशोक उपाध्याय, अध्यक्ष सुरेश यादव, राजेश सिंह, राजकुमार यादव, देवनारायण मोदी, सुधीर सिंह, दिनेश सिंह, सूरज प्रताप मेहता, शशि भूषण प्रसाद, सुभाष मोदी, हरि पंडित, चन्द्रशेखर जोशी, सुनीति सेठ, अरशद खान, वासुदेव शर्मा, राजेंद्र सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## 20 को शंकराचार्य का नागरिक अभिनंदन

### पहली बार हो रहा रांची आगमन,भव्य स्वागत की तैयारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का नागरिक अभिनंदन एवं प्रवचन आगामी 20 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन रांची मे होगा। स्वामी सदानंद जी महाराज के नागरिक अभिनंदन की तैयारी हेतु एक शंकराचार्य अभिनंदन कमेटी का गठन प्रसिद्ध उद्योगपति विनय सरावगी के नेतृत्व में किया गया है। कमेटी की बैठक कमेटी के मुख्य संयोजक विनय सरावगी की अध्यक्षता में महाराजा श्री अग्रसेन भवन में हुई। विनय सरावगी ने बताया कि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज के शिष्य हैं तथा स्वामी स्वरूपानंद के ब्रह्मलीन होने के बाद स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारका शारदापीठाधीश्वर के शंकराचार्य बने।

### विनय सरावगी बने मुख्य संयोजक



उनका रांची मे आगमन प्रथम बार होगा। स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज 8 मार्च से 15 मार्च तक विश्व कल्याण आश्रम मनोहरपुर, चक्रधरपुर मे रहेंगे। शंकराचार्य स्वामी स्वधर्मानयन व धर्म संचार यात्रा के तहत गांव-गांव में धर्म संचार सभा कर रहे हैं। शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी का 20 मार्च को अपराह्न 3 बजे रांची के मारवाड़ी भवन मे विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन व स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात उनका प्रवचन व आशीर्वाद धर्म प्रेमियों को मिलेगा।स्वामी जी के भव्य अभिनंदन समारोह हेतु गठित शंकराचार्य अभिनंदन कमेटी में मुख्य संयोजक विनय सरावगी,संयोजक मंडल सदस्यों में बसंत मित्तल, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, अशोक पुरोहित, शिव शंकर साबू,मनोज बजाज, राजकुमार मारू, पवन शर्मा, मनोज चौधरी, पवन पोद्दार, प्रमोद अग्रवाल, मनीष लोधा को शामिल किया गया है। कमेटी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ होगें। बैठक मे-सुरेश चंद्र अग्रवाल, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, विनोद कुमार जैन, पवन पोद्दार, मनोज चौधरी, मनोज बजाज, अनिल कुमार अग्रवाल, कमल कुमार जैन, संजय सर्राफ, प्रमोद सारस्वत, कौशल राजगढ़िया, आदि उपस्थित थे।




## अफीम व अवैध हथियार के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस को मिली गुप्त सुचना के आधार पर पुलिस ने हथियार के साथ तीन अफीम तस्कर को गिरफ्तार किया हैं। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश में सिटी डीएसपी केवी रमण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खादगढ़ा बस स्टैंड से मोहन लोहरा, कुंवर मुंडा और बिरसा मुंडा को गिरफ्तार किया हैं। इनके पास से 550 ग्राम अफीम और पिस्टल समेत अन्य सामान बरामद हुआ। रविवार को सिटी डीएसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के उत्तर की और बने पानी की टंकी के पास से संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए तीन युवको को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। गिरफ्तार युवकों की तलाशी लेने पर इन लोगों के पास से अफीम, अवैध पिस्टल और गोली बरामद हुआ। प्रारंभिक पूछताछ में तीनों ने खूंटी से चतरा अफीम पहुंचाने की बात को स्वीकारी है।





# भारत हमेशा पशुओं की सुरक्षा में रहेगा अग्रणी : पीएम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मध्य प्रदेश को अपना नौवां बाघ अभयारण्य प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस उपलब्धि को लेकर उत्साह जताया है, जिससे देश की समृद्ध जैव-विविधता और वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित हुई है। पीएम मोदी ने इसे वन्यजीव प्रेमियों के लिए आश्चर्यजनक खबर बताते हुए भारत की जानवरों की रक्षा करने की परंपरा पर गर्व जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत वन्य जीव विविधता से समृद्ध है और यहां की संस्कृति वन्य जीवों का सम्मान करती है।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा, "वन्यजीव प्रेमियों के लिए आश्चर्यजनक खबर! भारत वन्य जीव विविधता और वन्य जीवों का जश्न मनाने वाली संस्कृति से धन्य है। हम हमेशा जानवरों की रक्षा करने में सबसे आगे रहेंगे। भूपेंद्र यादव ने एक्स पोस्ट पर लिखा है, "भारत पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव संरक्षण में लगातार बड़ी प्रगति कर रहा है। यह घोषणा करते हुए रोमांचित हूं कि देश ने अपने 58वें टाइगर रिजर्व को अपनी सूची में शामिल कर लिया है, जिसमें नवीनतम प्रवेश मध्य प्रदेश के माधव टाइगर रिजर्व का है। यह मध्य प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व है। मैं सभी वन्यजीव प्रेमियों और संरक्षणवादियों को बधाई देता हूं। यह विकास हमारे वन अधिकारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है जो निस्वार्थ भाव से इस उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं। मध्य प्रदेश को अपना नौवां बाघ अभयारण्य मिला है। शिवपुरी के माधव राष्ट्रीय उद्यान को बाघ अभयारण्य घोषित किया गया है।

### माधव राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1956 में हुई थी

नौवां बाघ अभयारण्य 1751 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसका मुख्य क्षेत्र 375 वर्ग किलोमीटर और बफर जोन 1276 वर्ग किलोमीटर है। माधव राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1956 में हुई थी। 10 मार्च को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के पिता माधवराव सिंधिया की जयंती है। इसलिए उद्घाटन उसी दिन निर्धारित किया गया है। वर्तमान में, मध्य प्रदेश में आठ रिजर्व सतपुड़ा, पेंच, बांधवगढ़, कान्हा, संजय दुबरी, पन्ना, रानी दुर्गावती और रातापानी हैं।

## अमेरिका में हिंदू मंदिर में तोड़फोड़, भारत ने की निंदा

**नई दिल्ली ।** भारत ने अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ की निंदा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। जायसवाल ने एक बयान में कहा, "हमने कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में एक हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ के बारे में रिपोर्ट देखी है। हम इस तरह के घृणित कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हम स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों से इन कृत्यों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और पूजा स्थलों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं। कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में स्थित सबसे बड़े हिंदू मंदिरों में से एक, बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर में 'भारत विरोधी' संदेश लिखकर तोड़फोड़ की गई। 'हिंदू विरोधी' संदेशों में 'हिंदू वापस जाओ' जैसे वाक्यांश शामिल थे।

# रक्षा मंत्री का एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए रिसर्च बढ़ाने पर जोर

### एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई

**नई दिल्ली (हि.स.)**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को बेंगलुरु में भारतीय वायु सेना के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) का दौरा किया। उन्होंने अंतरिक्ष मनोविज्ञान पर उन्नत अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करते हुए एयरोस्पेस चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान एवं विकास बढ़ाने का आह्वान किया। यह पहला मौका है, जब किसी रक्षा मंत्री ने इस संस्थान का दौरा किया है। इस दौरान उन्हें पायलट प्रशिक्षण, उनके चिकित्सा मूल्यांकन और एयरोमेडिकल अनुसंधान में आईएएम की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। रक्षा मंत्री ने लड़ाकू पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले डायनेमिक फ्लाइट सिम्युलेटर और हाई परफॉरमेंस ह्यूमन सेंट्रीफ्यूज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान में उन्नत अनुसंधान केंद्र का भी शुभारंभ किया। इस परियोजना का शीर्षक 'अंतरिक्ष मनोविज्ञान : भारतीय अंतरिक्ष मिशनों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों और अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और व्यावहारिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण' है। अपने संबोधन में राजनाथ सिंह ने हवाई और अंतरिक्ष यातायात में निरंतर वृद्धि के मद्देनजर एयरोस्पेस मेडिसिन में विशेषज्ञता की बढ़ती आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि रक्षा के दृष्टिकोण से अंतरिक्ष युद्ध में भारत प्रमुख क्षेत्र के रूप में उभरा है। हमने इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ाया है और एंटी-सैटेलाइट जैसी सबसे उन्नत तकनीकों में महारत हासिल की है। भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाला विमानन बाजार भी बन गया है। चूंकि, हम अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं, इसलिए हमें एयरोस्पेस मेडिसिन में और अधिक संभावनाएं तलाशने की जरूरत है। अनुसंधान और विकास को बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि किसी भी उच्च-स्तरीय जटिल तकनीक में अनुसंधान कई क्षेत्रों को लाभ पहुंचाता है।



### देश के सबसे आधुनिक एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के डिजाइन और विकास में भी सलाह दे रहा है

राजनाथ सिंह ने एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में आईएएम के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि एयरोस्पेस मेडिसिन के अलावा आईएएम क्रू मॉड्यूल डिजाइन और विकास के विभिन्न पहलुओं में एयरो-मेडिकल परामर्श देता है। कॉकपिट डिजाइन में इसका योगदान उल्लेखनीय है। संस्थान ने एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर, लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर और लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस के डिजाइन और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह देश के सबसे आधुनिक एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के डिजाइन और विकास में भी सलाह दे रहा है। यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री के साथ वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एओसी-इन-सी), प्रशिक्षण कमान एयर मार्शल नागेश कपूर, महानिदेशक चिकित्सा सेवाएं (वायु) एयर मार्शल संदीप थरेजा और भारतीय वायु सेना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## भारत को ट्रंप प्रशासन के साथ चीन व कनाडा जैसे देशों की तरह पेश आना चाहिए और उसके साथ सभी तरह के बातचीत से हट जाना चाहिए : जीटीआरआई

**ब्यूरो**

- **एक व्यापक व्यापार समझौता न केवल टैरिफ में कटौती पर, बल्कि सरकारी खरीद, कृषि सब्सिडी, पेटेंट कानूनों व अप्रतिबंधित डेटा प्रवाह पर भी अमेरिकी मांगों के लिए दरवाजे खोल देगा**

**नई दिल्ली।** आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव का कहना है कि भारत को ट्रंप प्रशासन के साथ चीन व कनाडा जैसे देशों की तरह पेश आना चाहिए और उसके साथ सभी तरह के बातचीत से हट जाना चाहिए। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के फाउंडर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका भारत पर उन व्यापारिक मांगों को मानने के लिए भारी दबाव डाल रहा है जो ज्यादातर अमेरिकी हितों के पक्ष में हैं।अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके अधिकारी ज्यादातर गलत आंकड़ों का इस्तेमाल करके सार्वजनिक रूप से भारत का अपमान कर रहे हैं। ऐसे हालात में कोई भी संतुलित नतीजा संभव नहीं है। भारत को सभी बातचीत से हट जाना चाहिए और दूसरे देशों की तरह उनके साथ व्यवहार करने की तैयारी करनी चाहिए। ट्रंप पिछले कुछ समय से भारत के बारे में कई तरह की बाते कर रहे हैं। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने अमेरिकी आयात पर टैरिफ कम करने पर सहमति जताई है। वह इसलिए क्योंकि उनके प्रशासन ने भारत की नीतियों का पर्दाफाश कर दिया है।श्रीवास्तव ने कहा, 'यह बिल्कुल गलत है और भारत पर दबाव बनाने के लिए है। भारत की चुप्पी हैरान करने वाली है और भारत को तथ्यों के साथ इसका जवाब देने की जरूरत है।

पूरी दुनिया देख रही है कि ट्रंप और उनके अधिकारी रोजाना भारत को नीचा दिखाते हैं।' अमेरिका ने चीन, कनाडा, मैक्सिको और भारत पर टैरिफ लगाने की बात कही है। ट्रंप ने चीन पर 20 फीसद और कनाडा पर 25 फीसद टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। वहीं भारत पर भी रेसिप्रोकल टैरिफ का कहा था। ट्रंप की इस घोषणा के बाद चीन और कनाडा ने पलटवार किया है। कनाडा ने भी 30 अरब कनाडाई डॉलर मूल्य के अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगा दिया है। साथ ही अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 25 फीसदी अतिरिक्त सरचार्ज लगाया है। वहीं चीन ने अमेरिका पर उतना ही टैरिफ लगाया है जितना की अमेरिका ने चीन के प्रोडक्ट्स पर लगाया है। अमेरिका ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए 'उत्पाद-दर-उत्पाद' व्यवस्था के बजाय एक बड़े और व्यापक व्यापार समझौते का प्रस्ताव रखा है। आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक व्यापक व्यापार समझौता न केवल टैरिफ में कटौती पर, बल्कि सरकारी खरीद, कृषि सब्सिडी, पेटेंट कानूनों और अप्रतिबंधित डेटा प्रवाह पर भी अमेरिकी मांगों के लिए दरवाजे खोल देगा। भारत इसका लगातार विरोध करता रहा है।इसमें सुझाव दिया कि भारत बदले के दृष्टिकोण के तहत 90 फीसद से अधिक औद्योगिक वस्तुओं को कवर करने वाली एक व्यापक पारस्परिक टैरिफ व्यवस्था पर विचार करे। ऐसे में भारत तभी टैरिफ खत्म करेगा जब अमेरिका भी ऐसा ही करे।

**कोई टकराव नहीं हुआ, मै वहां मौजूद था**

## रुबियो-मस्क विवाद की रिपोर्ट को ट्रंप ने किया खारिज

**वाशिंगटन (आईएएनएस) ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को विदेश मंत्री मार्को रुबियो और एलन मस्क के बीच तीखी नोकझोंक की खबरों का खंडन किया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर इस मामले को लेकर ट्रंप ने पोस्ट किया, "एलन और मार्को के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। इसके अलावा कोई भी बयान फर्जी खबर है! ट्रंप को यह सफाई न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के बाद देनी पड़ी। इसमें दावा किया गया कि गुरुवार को कैबिनेट की बैठक के दौरान, प्रशासन के खर्च-कटौती प्रमुख मस्क ने स्टेट डिपार्टमेंट में अहम स्टाफ कटौती को लागू करने में नाकाम रहने के लिए रुबियो की आलोचना की। मस्क ने कथित तौर पर रुबियो पर 'किसी को भी नहीं' निकालने का आरोप लगाया। इसके जवाब में रुबियो ने कथित तौर पर बताया कि 1,500 से ज्यादा स्टेट डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने हाल ही में बायआउट के जरिए समय से पहले रिटायरमेंट का विकल्प चुना है।



## 2,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में आग लगाने वाली महिला हुई गिरफ्तार

**मिर्टल बीच (आईएएनएस)**

दक्षिण कैरोलिना के मिर्टल बीच की एक 40 वर्षीय महिला को कथित तौर पर जंगल में आग लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, महिला की हरकत की वजह से 2,059 एकड़ से अधिक क्षेत्र जलकर राख हो गया।



आरोपी की पहचान एलेक्जेंड्रा बियालोसोव के रूप में हुई। उस पर जान-माल को खतरे में डालने का आरोप है। दक्षिण कैरोलिना वानिकी आयोग के अनुसार, बियालोसोव को गुरुवार को लापरवाही से आग फैलने देने, जरूरी सावधानी बरते बिना वनों, घास के मैदानों या इसी तरह के क्षेत्रों में आग लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों ने अधिकारियों को बताया कि उन्होंने रविवार को बियालोसोव को कोविंगटन लेक्स सबडिविजन में वृक्ष पंक्ति के पास एक बैकयार्ड फायर पिट में आग जलाते देखा था।

गिरफ्तारी वारंट बताता है कि आरोपी ने आसपास के क्षेत्र में उचित जल आपूर्ति या अग्निशमन उपकरण नहीं रखे थे, जिसके कारण आग वॉकर वुड्स एचओए के स्वामित्व वाली संपत्ति तक फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि आग ने मर्टल बीच के निकट कोविंगटन ड्राइव फायर का रूप ले लिया, जो पिछले सप्ताह दक्षिण कैरोलिना में दर्ज की गई 175 से अधिक आग में से सबसे बड़ी थी। शनिवार दोपहर तक, आग पर 55 प्रतिशत काबू पा लिया गया और किसी बड़ी दुर्घटना की सूचना नहीं मिली। शुष्क मौसम की वजह से राज्य भर में जंगल की आग तेज़ी से फैल रही है, जिससे 4,000 एकड़ से ज्यादा जंगल जल गए हैं। कई लोगों को अपने घरों को खाली करना पड़ा है।

## सैंकड़ों नागरिकों की हत्या, अंतरिम राष्ट्रपति की शांति की अपील

- **राष्ट्रपति शारा ने कहा, हमें यथासंभव राष्ट्रीय एकता और नागरिक शांति को बनाए रखना चाहिए**

**दमिश्क (आईएएनएस)**

सीरिया के नेता अहमद शरा ने कई दिनों की हिंसक झड़पों के बाद शांति की अपील की। संकटग्रस्त देश में सीरियाई सुरक्षा बलों पर कथित तौर पर अलावी धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ों नागरिकों की हत्या करने का आरोप है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) ने कहा कि शुक्रवार और शनिवार को पश्चिमी तट पर अलावी लोगों को निशाना बनाकर किए गए 30 'नरसंहारों' में लगभग 745 नागरिक मारे गए। राष्ट्रपति शारा ने कहा, "हमें यथासंभव राष्ट्रीय एकता और नागरिक शांति को बनाए रखना चाहिए और...हम इस देश में एक साथ रह सकेंगे। सीरियाई ऑब्जर्वेटरी का कहना है कि पिछले चार दिनों में मारे गए लड़ाकों की संख्या को मिलाकर कुल मरने वालों की संख्या 1,000 से ज़्यादा हो गई है। इसमें नई इस्लामिस्ट नेतृत्व वाली सरकार से जुड़े लगभग 125 लड़ाके और असद समर्थक 148 लड़ाके शामिल हैं। वहीं एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में सीरियाई सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि कम से कम 200 लड़ाकों की मौत हुई है।






**आईफा पुरस्कार 2025**

## लंबे समय बाद एक साथ नजर आए करीना कपूर और शाहिद कपूर, कैमरों के सामने एक-दूसरे को लगाया गले

बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री करीना कपूर खान लंबे समय के बाद मंच साझा करते नजर आए। करीना के साथ मंच साझा करने पर शाहिद ने कहा, 'हमारे लिए, यह कोई नयी बात नहीं है... आज मंच पर मिले और हम लोग इधर-उधर मिलते रहते हैं, लेकिन हमारे लिए यह बिलकुल सामान्य बात है... अगर लोगों को अच्छा लगता है, तो यह अच्छा है। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर और अभिनेत्री करीना कपूर खान लंबे समय के बाद मंच साझा करते नजर आए। इस दौरान दोनों एक-दूसरे को गले लगाते नजर आए और बाद में कैमरे पर बातें करते भी पकड़े गए।

### करीना से मिलने पर शाहिद ने क्या कहा

शाहिद ने संवाददाताओं से कहा, 'हम आईफा पुरस्कार के लिए जयपुर आकर बहुत खुश हैं। इसके 25 साल पूरे हो रहे हैं, इसके लिए बहुत-बहुत बधाई। हम उत्साहित हैं। हम लोगों के सामने मंच पर प्रस्तुति देना चाहते हैं। हमें उम्मीद है कि हम आप सभी का मनोरंजन कर पाएंगे।' करीना के साथ मंच साझा करने पर शाहिद ने कहा, 'हमारे लिए, यह कोई नयी बात नहीं है...आज मंच पर मिले और हम लोग इधर-उधर मिलते रहते हैं, लेकिन हमारे लिए यह बिलकुल सामान्य बात है... अगर लोगों को अच्छा लगता है, तो यह अच्छा है। करीना ने कहा कि वह पुरस्कार समारोह में अपनी प्रस्तुति के जरिए अपने दिवंगत दादा और दिग्गज फिल्म निर्माता राज कपूर को श्रद्धांजलि देने का मौका मिलने से खुश हैं। उन्होंने कहा, ''मैं बहुत उत्साहित हूं। यह मेरे लिए एक भावुक करने वाला क्षण है। मुझे कल का बेसब्री से इंतजार है।




**शाहिद और करीना के बारे में :** 36 चाइना टाउन , चुप चुप के , फिदा और जब वी मेट जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके शाहिद और करीना के बीच 2000 के दशक की शुरुआत में कई साल तक प्रेम संबंध रहे लेकिन 2007 में दोनों अलग हो गए। इसके बाद उन्होंने 2016 में 'उड़ता पंजाब' में काम किया, लेकिन वे फिल्म में एक साथ नजर नहीं आए।